www.navpradesh.com

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 26 मई 2026 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 106 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

# डीएपी में कटौती, नैनो खाद पर जोर, खरीफ सीजन से पहले बदली व्यवस्था, अन्नदाता परेशान

■ सरकार ने बदले उर्वरक वितरण के नियम

■ किसानों को संतुलित खेती का संदेश, लेकिन सवाल उलझा रहे

**रायपुर/नवप्रदेश।** खरीफ सीजन 2026 से पहले राज्य सरकार ने सहकारी समितियों के जरिए उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था लागू कर दी है। सरकार इसे संतुलित और टिकाऊ खेती की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, लेकिन जमीन पर किसानों के सामने कई नई चुनौतियां भी खड़ी हो सकती ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### किसानों की सबसे बड़ी चिंता

प्रदेश के कई किसानों का कहना है कि खेती का पूरा चक्र समय पर खाद मिलने पर निर्भर करता है। यदि किश्तों में वितरण या वैकल्पिक उर्वरकों की उपलब्धता में देरी हुई, तो बोआई और फसल उपयोग जरूरी है, लेकिन इसके लिए किसानों को पहले पर्याप्त प्रशिक्षण और भरोसेमंद सप्लाई सिस्टम चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में कई किसान अब भी नैनो उर्वरक और जैविक विकल्पों के उपयोग को लेकर पूरी तरह जागरूक नहीं हैं।

### अब किश्तों में होगा यूरिया वितरण

| कृषक श्रेणी | भूमि धारिता | वितरण व्यवस्था |
|---|---|---|
| सीमांत कृषक | 2.5 एकड़ तक | पूरी मात्रा एकमुश्त |
| लघु कृषक | 2.5 से 5 एकड़ | दो किश्तों में वितरण |
| बड़े कृषक | 5 एकड़ से अधिक | तीन किश्तों में वितरण |

### समितियों में बढ़ सकती है भीड़ और इंतजार

हर साल खरीफसीजन में खाद वितरण केंद्रों पर लंबी कतारें और विवाद की स्थिति बनती रही है। इस बार किश्त आधारित वितरण लागू होने से किसानों को कई बार समिति के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। विशेषकर दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में रहने वाले किसानों को परिवहन खर्च और समय दोनों का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ सकता है।

### महत्वपूर्ण नियम

- प्रत्येक किश्त में 20 दिन का अंतर
- उर्वरक वितरण संख्या के आधार पर
- दशमलव पर निकटतम पूर्णांक मान्य
- सरकार का दावा लागत घटेगी। जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी
- नई व्यवस्था से रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी।
- खेती की लागत घटेगी
- मिट्टी की गुणवत्ता सुरक्षित रहेगी
- कालाबाजारी और गैर-कृषि उपयोग पर रोक लगेगी
- किसानों को समय पर संतुलित उर्वरक मिलेगा

### खरीफ 2026 उर्वरक व्यवस्था की 10 बड़ी बातें

- यूरिया में 20% तक कटौती
- डीएपी में 40% तक कमी
- नैनो यूरिया और नैनो डीएपी पर जोर
- जैव उर्वरक और हरी खाद को बढ़ावा
- बड़े किसानों को किश्तों में खाद
- अंतरराष्ट्रीय संकट का असर दिखा
- कालाबाजारी रोकने नई व्यवस्था
- समितियों को पारदर्शिता के निर्देश
- मिट्टी संरक्षण पर फोकस
- किसानों के बीच बढ़ी चिंता
- ग्राउंड रियलिटी

---

## आज बेबाक

अभी तो पार्टी शुरू हुई है। काकरोच जनता पार्टी बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई, काहे को तू ने ये पार्टी बनाई...। भारत के जेन जी को भड़काने बनी इस पार्टी ने खाली पीली बैठे लोगों को काम पर लगा दिया है। सोशल मीडिया पर भये प्रकट कृपाला की तर्ज पर रोज नई पार्टी का अभ्युदय हो रहा है। ज्यादातर पार्टियां काकरोच का कचूमर बना रही है। काकरोच को मारने पहले काला हिट जनता पार्टी बनी उसके बाद गिरगिट, छिपकली, झिंगुर, और कछुआ सहित विभिन्न जीव जंतुओं के नाम से पार्टियों की बाढ़ सी आ गई है। जय हो।

### धर्मेन्द्र को मरणोपरांत पद्म विभूषण, हेमा मालिनी ने लिया सम्मान

**नई दिल्ली/ए.।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 हस्तियों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है। सबसे पहले दिवंगत फिल्म स्टार धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी एक्ट्रेस-सांसद हेमा मालिनी ने यह सम्मान लिया। महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी लीडरशिप में इसी साल टीम ने वनडे वर्ल्डकप जीता था। साल 2026 में कुल 131 हस्तियों को पद्म पुरस्कार दिए जाने हैं, 65 विजेताओं को अगले फेज में सम्मानित किया जाएगा, जिसकी तारीखें अभी सामने नहीं आई हैं।

### छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे हीटवेव की चेतावनी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के 20 से ज्यादा जिलों में अगले 48 घंटे हीटवेव (लू) की चेतावनी जारी की गई है। इनमें बिलासपुर, रायगढ़, सरंगढ़-बिलाईगढ़, मुंगेली, सक्ती, कोरबा, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और रायपुर शामिल है। नौतपा की शुरुआत के साथ ही गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। रायपुर में पारा 45 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां रात में हवा भी हल्की गर्म चल रही है। फिलहाल, प्रदेश में मौसम पूरी तरह शुष्क है और तापमान में कोई बड़ी गिरावट नहीं हुई है। बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश में अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं हुआ। सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव में 45.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान अंबिकापुर में 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### गरमा-गरम

---

**महंगाई :** पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा, आम आदमी की बढ़ेगी दिक्कत

# चौथी बार बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 109 रुपए के पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** देशभर में तेल कंपनियों ने फिर पेट्रोल डीजल के रेट बढ़ा दिए हैं। आज, 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद छत्तीसगढ़ के कई जिलों में पेट्रोल का प्राइस 109 रुपए प्रति लीटर के पार पहुंच गया है।

राजधानी रायपुर में अब 1 लीटर पेट्रोल की कीमत 107.96 रुपए हो गई है। इससे पहले 15 मई को 3-3 रुपए, 19 मई को 90-90 पैसे और 23 मई को भी 90 पैसे प्रति लीटर रेट बढ़ाए गए थे। इस महीने ये चौथी बार दाम बढ़ा है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा से आम आदमी की मुश्किलें बढ़ गई है। डीजल में बढ़ोतरी से किसान परेशान हैं।

**इस महीने चौथी बार फ्यूल के रेट बढ़ें:** ताजा रेट के मुताबिक, बस्तर और सरगुजा संभाग के जिलों में ज्यादा कीमत बढ़ी है। वहीं, रायपुर और कोरबा जैसे शहरों में बाकी जिलों की तुलना में थोड़ी राहत है।

### पेट्रोल की कहां कितनी कीमत

- नारायणपुर में 109.65 प्रति लीटर
- जगदलपुर में 109.64 प्रति लीटर
- दंतेवाड़ा में 109.60 प्रति लीटर
- बीजापुर में 109.59 प्रति लीटर
- जशपुर में पेट्रोल 109.52 प्रति लीटर
- सूरजपुर में 109.39 प्रति लीटर
- अंबिकापुर में 109.09 प्रति लीटर
- रायगढ़ में 109.3 प्रति लीटर
- दुर्ग में पेट्रोल 108.29 प्रति लीटर
- धमतरी में 108.45 प्रति लीटर
- महासमुंद में 108.64 प्रति लीटर
- बिलासपुर में 108.65 प्रति लीटर

**रायपुर में 108 रुपए से नीचे, लेकिन राहत सीमित:** राजधानी रायपुर में पेट्रोल की कीमत 107.96 प्रति लीटर रिकॉर्ड है। प्रदेश के बड़े शहरों में यह दर अपेक्षाकृत कम है, लेकिन हालिया बढ़ोतरी के बाद यहां भी वाहन चालकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है।

**कोरबा में सबसे कम कीमत:** प्रदेश में सबसे कम पेट्रोल कीमत कोरबा में दर्ज की गई, जहां पेट्रोल 107.63 रुपए प्रति लीटर बिक रहा है। इसके अलावा जांजगीर में 108.21 और कवर्धा व रायगढ़ में 108.86 रुपए प्रति लीटर रेट सामने आया है।

### प्रतिदिन हो रही जनता की जेब पर डकैती: खरगे

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। सोशल मीडिया पर जारी बयान में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि फ्यूल लूट का सिलसिला अभी खत्म नहीं हुआ है और पिछले 10 दिनों में चौथी बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं। श्री खरगे ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पेट्रोल की कीमतों में कुल 7.35 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 7.53 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है।

## अमेरिका-ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज को खोलने पर हुए सहमत

**मॉस्को (स्पुतनिक/वार्ता)।** अमेरिका और ईरान ने एक प्रारंभिक समझौते के तहत 30 दिनों के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह खोलने पर सहमति जताई है। 'वाशिंगटन' पोस्ट ने एक अज्ञात राजनयिक के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने एक अज्ञात ईरानी अधिकारी के हवाले से बताया कि अमेरिका-ईरान के प्रारंभिक शांति समझौते में परमाणु वार्ता को बाद की तारीख तक स्थगित करने का भी प्रावधान है। अखबार ने एक अज्ञात राजनयिक के हवाले से बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच प्रारंभिक ढांचागत समझौते को अभी तक ईरानी पक्ष द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया है। अखबार के अनुसार, अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए दोनों पक्ष 60 दिनों के लिए युद्धविराम बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। फॉक्स न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## ट्रैक्टर में घुसी बाइक, 4 मजदूरों की मौत, कार ने 2 ग्रामीणों को कुचला

■ सरगुजा संभाग में दो सड़क हादसों से शोक

**बलरामपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई। पहली घटना बलरामपुर जिले के ग्राम पीपरपान की है, जहां रविवार देर रात बाइक सवार मजदूरों की तेज रफ्तार बाइक चलती ट्रैक्टर में जा घुसी। हादसे में चारों की मौत हो गई।

मामला सनावल थाना क्षेत्र का है। ट्रैक्टर ड्राइवर ने हादसे के बाद गाड़ी नहीं रोकी बल्कि घायलों को 100 मीटर तक घसीटकर ले गया, वहीं उन्हें तड़पता छोड़ भाग निकला। मृतकों में सभी चचेरे भाई है, एक ही परिवार के हैं। वे मजदूरी करते थे और राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र है। दूसरी घटना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

---

## इबोला वायरस को लेकर प्रदेश में अलर्ट, एयरपोर्ट पर होगी स्क्रीनिंग

■ संदिग्ध मरीजों की तत्काल होगी पहचान

**रायपुर/नवप्रदेश।** दुनियाभर में तेजी से फैल रहे इबोला वायरस को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने संक्रमण की रोकथाम को लेकर सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की जांच बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। अगर कोई यात्री संदिग्ध नजर आता है तो उसकी जानकारी तुरंत स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाई जाए। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की ओर से जारी निर्देश में रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एयरपोर्ट पर एक नोडल अधिकारी तैनात करने को कहा गया है। यह अधिकारी यात्रियों की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### अस्पतालों को भी तैयार रखने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को आइसोलेशन वार्ड, रेफरल और इमरजेंसी व्यवस्था तैयार रखने के लिए कहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मरीजों का इलाज और प्रबंधन किया जा सके।

## देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका पर सीएम साय की मुख्यमंत्री रेखा से मंत्रणा

**नई दिल्ली/ए.।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नई दिल्ली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तथा राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। (फोटो- जनसंपर्क)

## बीजापुर में 10 करोड़ का तेंदूपत्ता खाक

■ किराए के गोदाम में 10 दिनों में एकत्रित कर रखे थे 18 हजार बोरे

**बीजापुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सोमवार दोपहर एक निजी तेंदूपत्ता गोदाम में भीषण आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और वहां रखे लगभग 18 हजार मानक बोरे जलकर खाक हो गए। शुरुआती अनुमान के मुताबिक इस हादसे में 10 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। यह मामला ईटपाल इलाके का है।

आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग इतनी भीषण थी कि हालात को देखते हुए वन विभाग, पुलिस और नगर पालिका की टीमें भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गई। फिलहाल आग पर काबू पाने की कोशिश लगातार जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह आग दोपहर करीब 2:30 बजे लगी थी। उस समय गोदाम में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता के 18 हजार से अधिक बोरे रखे थे। हालांकि, घटना में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है, लेकिन तेज गर्मी और सूखे मौसम की वजह से आग बहुत तेजी से फैल गई। कुछ ही देर में धुएं का बड़ा गुबार उठने लगा, जो दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। इससे आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घबरा गए।

---

**न्याय:** सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई 'कॉकरोच जनता पार्टी' की गतिविधियों की जांच की मांग वाली याचिका

## सीबीआई जांच की मांग, सीजेआई बोले- कोई आपात स्थिति नहीं

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' से जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। यह व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया आंदोलन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की हालिया कॉकरोच टिप्पणी के बाद उभरा था। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एन के गोस्वामी ने सोमवार को तर्क दिया कि कॉकरोच जनता पार्टी न्यायपालिका की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी एम पंचोली की पीठ ने जवाब देते हुए कहा, इसे इतना भावुकता से न लें। एक अन्य अधिवक्ता ने दलील दी कि याचिकाकर्ता फर्जी कानून की डिग्रियों के मामले में सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, साथ ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## पूर्व मंत्री मो. अकबर को सुप्रीम कोर्ट से झटका विधानसभा चुनाव से जुड़ा रिकॉल आवेदन खारिज

■ पूर्व विधायक अशोक साहू के खिलाफ चुनावी आरोप पूरी तरह खारिज

**कवर्धा/नवप्रदेश।** साल 2013 के कवर्धा विधानसभा चुनाव को लेकर शुरू हुआ बहुचर्चित कानूनी विवाद अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा भाजपा के पूर्व विधायक अशोक साहू के खिलाफ दायर चुनाव याचिका को पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिल सकी। लगभग 12 सालों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद सर्वोच्च ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### 2013 चुनाव परिणाम के बाद शुरू हुई थी कानूनी लड़ाई

वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कवर्धा सीट से भाजपा प्रत्याशी अशोक साहू विजयी घोषित हुए थे। चुनाव परिणाम आने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद अकबर ने चुनाव खर्च सीमा उल्लंघन और कथित भ्रष्ट आचरण सहित कई आरोप लगाते हुए चुनाव याचिका दायर की थी।

## बेमेतरा में 15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार, मांगे थे 25 हजार

■ जमीन बंटवारे के नाम पर मांगे थे पैसे, बेमेतरा में एसीबी का एक्शन

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में रिश्वतखोरी पर एक्शन जारी है। सोमवार को बेमेतरा जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने पटवारी ओमकार सोनवानी को 15000 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। पटवारी ने किसान से जमीन बंटवारे के नाम पर 25000 रुपये मांगे थे। जिसकी पहली किस्त लेते ही वे पकड़े गए। यह पूरा मामला साजा तहसील का है। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### पटवारी की इन धाराओं के तहत हुई गिरफ्तारी

एसीबी ने ट्रेप आयोजित कर प्रार्थी से आरोपी पटवारी ओमकार सोनवानी को 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) के प्रावधानों के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## न्यूज गैलरी

### 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित बैंक खातों के संबंध में निर्देशों का पालन जारी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** पंचायत संचालनालय द्वारा 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि के पृथक लेखांकन एवं पारदर्शी वित्तीय प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में पंचायत संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक/15वे वित्त/1123/2020-21/58 दिनांक 03 जुलाई 2020 के माध्यम से निर्देशित किया गया था कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि के पृथक लेखा संधारण के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नियमानुसार पृथक बैंक खाते खोले जाएं। साथ ही जिला स्तर पर यथासंभव एक ही बैंक में खाते संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके पश्चात पंचायत संचालनालय द्वारा संशोधित पत्र क्रमांक/15वे वित्त/1123/2020-21/60 दिनांक 04 जुलाई 2020 जारी कर जिलों को बैंक चयन के संबंध में स्वतंत्रता प्रदान की गई। संशोधित निर्देशों में भी यह स्पष्ट किया गया कि 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त राशि के पृथक लेखांकन हेतु जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अलग-अलग बैंक खाते नियमानुसार खोले जाएं तथा संभव हो तो सभी खाते एक ही बैंक में संचालित किए जाएं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में कार्यालय जिला पंचायत बेमेतरा द्वारा पत्र क्रमांक/ 2886/ जि.पंच./ लेखा/15 वे वि.आ./2020 दिनांक 08 जुलाई 2020 के माध्यम से संबंधित बैंक में खाते खोले गए। इसके उपरांत आज दिनांक तक उक्त बैंक खातों में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है।

### सतनामी समाज कबीरधाम में संगठन चुनाव, 14 को मतदान

**कवर्धा/नवप्रदेश।** सतनामी समाज जिला संगठन कबीरधाम की महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक सतनाम भवन जोराताल कवर्धा में संपन्न हुई, जिसमें समाज के संगठन विस्तार और आगामी जिला निर्वाचन को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सतनामी समाज जिला संगठन कबीरधाम का निर्वाचन 14 जून 2026 को कराया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन समाज के संरक्षक विजय धृतलहरे ने किया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन माह से समाज द्वारा ग्राम इकाई गठन अभियान चलाया जा रहा है, ताकि गांव स्तर से लेकर आठगांव परिक्षेत्र, ब्लॉक एवं जिला स्तर तक मजबूत संगठन तैयार किया जा सके। उन्होंने समाज के सक्रिय सदस्यों को ग्राम इकाई गठन के महत्व से अवगत कराते हुए एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में कबीरधाम जिले के चारों विकासखंड–कवर्धा, पंडरिया, बोडला एवं लोहारा से बड़ी संख्या में समाज के जागरूक एवं सक्रिय सदस्य शामिल हुए। उपस्थित वक्ताओं ने समाज को संगठित और मजबूत बनाने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन ग्राम इकाइयों का गठन अभी शेष है, उन्हें पूर्ण करने के लिए 7 जून 2026 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। इसके लिए अलग-अलग ब्लॉकों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिन्हें ग्राम इकाई गठन का पूर्ण लेखा-जोखा तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।निर्णय अनुसार 10 जून 2026 तक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा तथा उसी दिन नामांकन प्रक्रिया भी संपन्न होगी। इसके बाद 14 जून 2026 को जिला अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, सचिव एवं संगठन मंत्री पदों के लिए निष्पक्ष चुनाव कराया जाएगा।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाने फिट इंडिया संडे सायकल रैली का आयोजन

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ हॉकी के तत्वावधान में आज दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में फिरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी,श्रमति तरूणा साहू, प्रभारी आर पी एफ राजनंदगाँव,मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी,श्रीमती रेखा पदम अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी,श्री के सी त्रिपाठी,इंचार्च साई सेंटर राजनांदगांव की उपस्थिति में फिट इंडिया संडे ऑन साइकल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विशेष अतिथि फिरोज़ अंसारी ने इस अवसर पर कहा कि आज फिट इंडिया संडे ऑन सायकल रैली कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा हॉकी इंडिया के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ हॉकी एवं जिला हॉकी राजनंदगाँव के तत्वधान में साई सेंटर राजनांदगांव के साथ मिलकर किया गया। आज इस कार्यक्रम का 75वा एडिशन है। भारत के सभी राज्यों में आज संडे ऑन सायकल कार्यक्रम आगामी 2030 में आयोजित कॉमन वेल्थ गेम्स के प्रचार प्रसार हेतु उसके थीम में आयोजित किया गया,बढ़े हर्ष का विषय है कि विगत 75संडे से साई सेंटर राजनंदगाँव इसे आयोजित करते आ रही है। आप सभी सायकल चलाकर स्वास्थ्य के लिए लोगो को प्रेरित कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन सायकल चलाना चाहिए। मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी ने स्वास्थ्य का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण (साई सेंटर) द्वारा इस आयोजन को हर संडे को आयोजित करते आ रही है जिसमें फिटनेस की डोज एक घंटा रोज़ का संदेश देते आ रहे जो आम नागरिकों को भी अपने जीवन पर उतरना चाहिए जिससे वो अपने स्वास्थ को और फिटनेस को सुरक्षित रख सके। श्रीमती तरूणा साहू प्रभारी राजनंदगाँव आर पी एफ ने कहा कि भारत सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश पर प्रति रविवार लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पूरे भारत में फिट इंडिया सायकल रैली का आयोजन किया जाता है।

# जलदूत ऐप से कुओं के जलस्तर का होगा प्री-मानसून सर्वे

**■ 25 मई से 15 जून तक जिले के सभी गांवों में चलेगा विशेष अभियान**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने एवं जल संरक्षण गतिविधियों की प्रभावशीलता का अध्ययन करने के उद्देश्य से जिले में 25 मई से 15 जून 2026 तक विशेष प्री-मानसून भूजल सर्वे अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के सभी गांवों में उपलब्ध कुओं का सर्वे जलदूत ऐप के माध्यम से किया जाएगा तथा जलस्तर संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। यह अभियान ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। सर्वे कार्य में मनरेगा अंतर्गत कार्यरत तकनीकी सहायक एवं रोजगार सहायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्हें गांवों में उपलब्ध कुओं का निरीक्षण कर जलस्तर की माप लेकर उसकी जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करनी होगी।

**भूजल संरक्षण एवं जल प्रबंधन में मिलेगी मदद**

इस सर्वे अभियान के माध्यम से जिले में भूजल स्तर का वैज्ञानिक आंकलन संभव हो सकेगा। वर्षा पूर्व एकत्रित आंकड़ों की तुलना मानसून उपरांत प्राप्त आंकड़ों से कर जल संरक्षण कार्यों, भूजल पुनर्भरण तथा जल उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का विश्लेषण किया जा सकेगा। इससे भविष्य में जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन से संबंधित योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने में सहायता मिलेगी।

**ऑनलाइन रिकॉर्ड से तैयार होगा सटीक डाटा बेस**

जलदूत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी का ऑनलाइन रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा, जिससे प्रत्येक गांव में भूजल स्तर की अद्यतन जानकारी उपलब्ध रहेगी। यह डाटा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति का पूर्व आंकलन करने तथा जल संरक्षण के लिए आवश्यक कदम उठाने में उपयोगी सिद्ध होगा।

**प्रत्येक गांव में 2 से 3 कुओं का किया जाएगा सर्वे**

निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक गांव में उपलब्ध कुओं में से कम से कम 2 से 3 कुओं का चयन कर उनका प्री-मानसून सर्वे किया जाएगा। चयनित कुओं में उपलब्ध जल की वर्तमान स्थिति, जल की गहराई एवं जलस्तर से संबंधित आंकड़ों को जलदूत ऐप में दर्ज किया जाएगा।

### आज से अतिक्रमण हटाने मुख्य मार्ग में शुरू होगी बुलडोजर कार्रवाई

# दुकान हटाने दिया नोटिस, मियाद खत्म

**नोटिस जारी कर सप्ताहभर में दुकान, ठेले-खोमचे हटाए जाने के दिए थे निर्देश**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** शहर के मुख्य मार्ग मे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही मे बड़े दुकानदारो, ठेलो खोमचो को दिए गए अल्टीमेटम की मियाद सोमवार को पूरी हो गई । आज से अब सीधे अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू होगी । शहर से होकर गुजरने वाले राजनांदगांव कवर्धा मार्ग मे कलेक्टर बंगले से लेकर अमलीपारा मोड़ तक अतिक्रमण हटाने स्थानीय प्रशासन ने संयुक्त अभियान सप्ताह भर पहले शुरू किया था । न्यायालय परिसर के सामने लगे अतिक्रमित दुकानो मे राजस्व, पुलिस और पालिका प्रशासन द्वारा ठेले खोमचो को हटाए जाने और जप्ती की कार्यवाही के बाद बड़े दुकानदारो ने नोटिस और पर्याप्त समय नही दिए जाने का हवाला देकर विरोध जताया था । जिसके बाद पालिका प्रशासन ने पिछले सोमवार को ऐसे सभी अतिक्रमणकारी बड़े दुकानदारो को विधिवत नोटिस जारी कर सप्ताह भर मे दुकान ठेले खोमचे हटाए जाने के निर्देश दिए थे । नोटिस की मियाद सोमवार को पूरी होने के बाद आज अतिक्रमण हटाओ अमला फिर से सडक़ पर उतरेगा और सीधे बुलडोजर कार्यवाही की तैयारी की गई है ।

**आधे से ज्यादा नोटिस के बाद भी कर रहे दुकानदारी**

अतिक्रमण हटाने निकली प्रशासनिक टीम के अधिकारियो द्वारा मौके पर की गई त्वरित कार्यवाही और नोटिस प्रक्रिया के बाद भी आधे से ज्यादा दुकानदारो ने अपना अतिक्रमण सोमवार तक नही हटाया था । आधे दुकानदारो ने नोटिस और कार्यवाही के डर से रविवार तक अपनी दुकानदारी हटाली और सामान भी शिप्ट कर दिए । इसके बाद भी कई ऐसे दुकानदार है जो नोटिस और कार्यवाही के बाद भी बेधडक़ अतिक्रमण किए गए जमीन पर दुकानदारी करने से बाज नही आ रहे है ऐसे दुकानदारो और अब सीधे बुलडोजर कार्यवाही की तैयारी है। एसडीएम टंकेश्वर साहू ने आज से पालिका राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर पहुँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए है ।

**बिना एनओसी दी बिजली भी काटी**

पिछले सप्ताह की गई कार्यवाही के दौरान प्रशासनिक अमले को अतिक्रमण किए गए जगहो पर चल रही दुकानदारी मे बिना पालिका के अनुमति के विद्युत मंडल द्वारा बिजली कनेक्शन दिए जाने की शिकायत भी सामने आई थी । जिसकी जानकारी होने पर नाराज एसडीएम टंकेश्वर साहू ने बिजली विभाग के अधिकारियो को मौके से ही अवैध अतिक्रमण वाले दुकानो के बिजली कनेक् शन काटे जाने के निर्देश दिए थे । बिजली विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते सभी अतिक्रमण वाले दुकानो की बिजली लाइन काट दी गई थी । इसके बाद भी कई दुकानदार बिना बिजली के ही दुकानदारी करने जूटे है । आज से शुरू हो रही कार्यवाही मे ऐसे दुकानो पर कार्यवाही शुरू होगी ।

न्यायालय परिसर के सामने, लाल बहादुर क्लब, विश्राम गृह, अटल चौक के सामने से लेकर सिविललाइन दुर्गा मंच और पूराना स्टैण्ड के टैम्पो चौक तक अतिक्रमण पर कार्यवाही होगी । एसडीएम टंकेश्वर साहू ने बताया कि अतिक्रमणकारियो को नोटिस देकर दुकान हटाने निर्देश दिए थे। मियाद खत्म होने के बाद नही हटे दुकानों को नियमानुसार हटाया जाएगा।

# ऑनलाइन सट्टा के आरोपी पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**■ मोबाइल और डिजिटल साक्ष्य जब्त**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम पुलिस ने जिले में अवैध जुआ और ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों के खिलाफबड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में यह कार्यवाही चौकी पोड़ी पुलिस एवं साइबर टीम द्वारा की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 24 मई 2026 को पुलिस टीम क्षेत्र भ्रमण और जुआ-सट्टा संबंधी जांच में निकली हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बैहरसरी का एक युवक अपने एंड्रॉइड मोबाइल के माध्यम से आईपीएल क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा चला रहा है और पैसों का लेनदेन कर रहा है।

सूचना की पुष्टि होने के बाद पुलिस टीम ने गवाहों की मौजूदगी में बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके से रघुवीर वर्मा पिता फगूराम वर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बैहरसरी को पकड़ा गया। पूछताछ और मोबाइल जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा संचालन से जुड़े लिंक, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्य मिले।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वीवो वी-50 एंड्रॉइड मोबाइल, सिम कार्ड और ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों से संबंधित 20 पृष्ठों के डिजिटल स्क्रीनशॉट जप्त किए हैं। आरोपी वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत मामला दर्ज किया गया।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में चौकी पोड़ी पुलिस और साइबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऑनलाइन सट्टा, जुआ या साइबर अपराध से संबंधित किसी भी सूचना की तुरंत पुलिस को जानकारी दें। पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## प्रथम बस्तर आवासीय खेल अकादमी के लिए चयन प्रक्रिया शुरू

**28-29 मई को जगदलपुर में होगा राज्य स्तरीय चयन ट्रायल, 13 से 17 वर्ष के खिलाड़ी ले सकेंगे भाग**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रथम बस्तर आवासीय खेल अकादमी में प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 2026-27 की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह चयन ट्रायल अकादमी संचालन नियम 2014 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। विभाग द्वारा तीरंदाजी, फुटबॉल एवं एथलेटिक्स खेल विधाओं के लिए 28 एवं 29 मई 2026 को क्रीड़ा परिसर धरमपुरा, जगदलपुर में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे।

चयन ट्रायल में फुटबॉल के लिए 25 खिलाड़ियों तथा एथलेटिक्स एवं तीरंदाजी के लिए 20-20 खिलाड़ियों की संख्या निर्धारित की गई है। प्रथम दिवस खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण किया जाएगा, जबकि द्वितीय दिवस खेल कौशल परीक्षण आयोजित होगा। विभाग ने बताया कि चयन ट्रायल में ऐसे खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने संबंधित खेल विधा में राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो या पदक प्राप्त किया हो। साथ ही चयनित होने के पश्चात आवासीय अकादमी में रहने के इच्छुक खिलाड़ी ही पात्र होंगे। प्रथम बस्तर आवासीय खेल अकादमी में चयनित खिलाड़ियों को आवासीय सुविधा के साथ उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, शिक्षा, भोजन तथा दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए उपेंद्र सेंगर, सहायक जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से मोबाइल नंबर 9826168395 पर संपर्क किया जा सकता है।

# महिला कर्मचारियों को गर्भपात के मामले में मिलेगा मातृत्व अवकाश : हाईकोर्ट

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** हाईकोर्ट ने कामकाजी महिलाओं के मातृत्व अवकाश को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच ने कहा है, यदि किसी महिला कर्मचारी का गर्भपात हो जाता है और वह उसके बाद दोबारा गर्भवती होती है, तो पिछला अवकाश उसके नए मातृत्व अवकाश के रास्ते में बाधा नहीं बनेगा। महिला अपने दूसरे गर्भधारण के लिए कानूनन पूरी मातृत्व अवकाश की हकदार है। हाई कोर्ट ने महिला के वेतन से काटे गए 80 हजार 254 रुपए की रिकवरी को रद्द कर दिया है।

भारतीय खाद्य निगम रायपुर में असिस्टेंट ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ महिला कर्मचारी, वर्ष 2019 में गर्भवती हुई थी। उनका जुड़वां बच्चा होना था, गंभीर चिकित्सीय जटिलताओं के चलते 25 अप्रैल 2019 को अस्पताल में उनका एक भ्रूण मिसकैरेज हो गया। डॉक्टरों की कड़ी निगरानी और बेड रेस्ट के बाद उन्होंने 3 सितंबर 2019 को एक प्री-मैच्योर बेटी को जन्म दिया। इसके बाद उन्होंने मातृत्व अवकाश और नियमों के अनुसार मेडिकल बिल के भुगतान के लिए आवेदन किया। विभाग ने उन्हें केवल 68 दिनों का असाधारण अवकाश बिना वेतन के मंजूर किया। इस बीच विभाग ने लीव बैलेंस नहीं होने का हवाला देते हुए उनके वेतन से 80 हजार 254 रुपए की कटौती कर ली गई। इस पर महिला ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई।

# नवतपा के पहले दिन तेज धूप ने किया बेहाल

**हीटवेव से शाम तक नहीं मिली राहत**

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** माह भर से तेज गर्मी से झूलस रहे लोगो को नौतपे के पहले दिन भी गर्मी और हीट वेव से हलाकान होना पडा । जिला मुख्यालय मे नौतपे के पहले दिन ही गर्मी का व्यापक असर दिखा । पारा भी 45 डिग्री तक पहुँचा । इस दौरान सुबह दस बजे के बाद से ही शहर की सउक़े गर्म होने लगी । नौतपे मे तेज गर्मी से राहत मिलने के आसार कम दिख रहे है । भीषण गर्मी का दौरान

लगातार जारी रहने के बाद सोमवार को शुरू हुए नौतपे मे गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाया । दोपहर होते शहर की सडक़े सुनी होने लगी। गर्म हवाओं के थपेड़े भी लगातार जारी रहे । लू का असर भी व्यापक रूप से दिखा । शहर के विभिन्न शासकीय कार्यालयो मे पहुँचने वाले लोगो की संख्या भी इस दौरान कम रही । शाम को हालंकि गर्मी से राहत की उम्मीद दिखी लेकिन हीटवेव का असर देरशाम तक रहा ।

**आवाजाही में कमी, दोपहर में सुनी पड़ी सड़कें**

गर्मी का असर आवाजाही और कामकाज को भी प्रभावित कर रहा है । सोमवार को शासकीय कार्यालयो मे कम संख्या मे लोग पहुँचे । दोपहर को शहर से होकर चलने वाले यात्री बसो मे भी गिनती के लोग भी रहे । गर्मी के चलते सुबह और शाम की बसो का उपयोग ज्यादा हो रहा है । भीड़भाड़ वाले इलाको, बाजारो मे भी दोपहर को सन्नाटा पसरा रहा । दुकानदारी भी ठप्प रही । सबसे ज्यादा भीड़ वाले स्थानीय बैंको, नगरीय निकाय कार्यालयो, जनपद जैसे कार्यालयो मे भी आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही । गर्मी के चलते स्थानीय सिविल अस्पताल मे गर्मी प्रभावित बिमारियो से ग्रस्त मरीजो की संख्या मे भी बढ़ोत्तरी हुई है।

## अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार आज सोमवार को कलेक्टरेट कार्यालय स्थित जनदर्शन कक्ष में अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं, मांगें एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। अपर कलेक्टर श्री जगत ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनदर्शन के दौरान प्राप्त आवेदनों के संबंध में अपर कलेक्टर श्री जगत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से तत्काल निर्देशित किया तथा आवश्यक मामलों में अधिकारियों को मौके पर उपस्थित होकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने कहा। कई प्रकरणों में आवेदकों की समस्याओं का समाधान जनदर्शन स्थल पर ही कर दिया गया, जिससे आमजन ने प्रशासन की तत्परता पर संतोष व्यक्त किया।

आज आयोजित जनदर्शन में कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राजस्व प्रकरणों, आधारभूत सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामले प्रमुख रूप से शामिल रहे। तात्कालिक महत्व के आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य प्रकरणों को टीएल पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बैटरी चालित ट्रायसायकल प्रदाय, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने, राशन कार्ड सुधार, पेयजल समस्या, विद्युत आपूर्ति, राजस्व सीमांकन एवं भूमि संबंधी विवादों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। नागरिकों ने शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभ दिलाने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी अपर कलेक्टर जगत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।

### कार्यकारिणी चुनाव : संरक्षक श्रेणी में हुआ मतदान, लक्ष्मण लोहिया को सर्वाधिक मत

# अग्रवाल सभा के द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव सम्पन्न

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** अग्रवाल सभा के द्विवर्षीय कार्यकारिणी चुनाव 2026-2028 शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में सभा के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यकारिणी गठन हेतु संरक्षक, आजीवन एवं साधारण – तीन श्रेणियों में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें प्रत्येक वर्ग से 05-05 सदस्यों का चयन किया जाना था।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत आजीवन वर्ग एवं साधारण वर्ग में सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। वहीं संरक्षक श्रेणी में 05 पदों के लिए 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के कारण मतदान कराया गया। दिनांक 24 मई रविवार को अग्रसेन भवन में निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज के मार्गदर्शन में मतदान संपन्न हुआ।

कुल 28 मतदाताओं में से 27 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संरक्षक श्रेणी से लक्ष्मण लोहिया, नरेंद्र गोयल, विकास अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल चुनाव मैदान में थे।

मतगणना उपरांत लक्ष्मण लोहिया ने कुल 27 मत में से सर्वाधिक 24 मत प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विकास अग्रवाल को 21 मत, नरेंद्र गोयल को 20 मत प्राप्त हुए। जबकि रमेश अग्रवाल को मात्र 08 मत मिलने से वे चुनाव में पीछे रह गए। शेष प्रत्याशियों राजकुमार अग्रवाल एवं शशांक अग्रवाल को विजयी घोषित किया गया।

आजीवन वर्ग से राजेश खोखरिया, बिसन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नीतीश अग्रवाल एवं दीपक अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

इसी प्रकार साधारण श्रेणी से देवेंद्र अग्रवाल, पवन लोहिया, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल एवं चंकी अग्रवाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल एवं कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सभी विजयी उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

निर्वाचन अधिकारी उमाकांत भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि अब नव निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य अग्रवाल सभा के अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष का चयन करेंगे। इसके लिए आगामी रविवार 31 मई को अग्रसेन भवन में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

## सांसद संतोष पांडेय ने पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को लिखा पत्र

**कवर्धा/नवप्रदेश।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने कबीरधाम जिले के विभिन्न महत्त्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का समुचित विकास कराने के संबंध में पहल की है। उन्होंने छग के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को पत्र लिखकर जिले के पर्यटन स्थलों के विकास के लिए आग्रह किया है।

सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि जिले में विभिन्न प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हैं। जिनका समुचित विकास होना अति आवश्यक है। जिले के विकासखंड- बोड़ला अंतर्गत रानीदहरा जलप्रपात, पीड़ाघाट, कंवलधार जलप्रपात(ग्राम- बांकी), छीरपानी जलाशय, सरोधा जलाशय, विकासखंड- पंडरिया अंतर्गत भैंसाओदार जलप्रपात(ग्राम- घोघरा), कांदावानी जलप्रपात, गोदगोदा जलप्रपात(ग्राम-नेउर), पोलमी जलप्रपात, घोघरा आदि पर्यटन स्थल स्थित हैं। यहां पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है।

# सुशासन से संवरता छत्तीसगढ़- विकसित भारत का नया रोल मॉडल

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की माटी में इन दिनों विकास और सुशासन की एक नई बयार बह रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य ने प्रगति की एक ऐसी छलांग लगाई है, जो न केवल छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदल रही है, बल्कि इसे देश के नक्शे पर विकसित भारत का एक चमकता हुआ रोल मॉडल भी बना रही है। केंद्र की दूरदर्शी नीतियों और राज्य सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति के मेल से छत्तीसगढ़ में आज डबल इंजन की सरकार धरातल पर साफ महसूस की जा रही है। विकास की इस नई इबारत में समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की खुशहाली सबसे ऊपर है।

**गरीब का अपना घर:** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सत्ता संभालते ही सबसे पहला और ऐतिहासिक फैसला समाज के सबसे कमजोर तबके के हक में

लिया किया वह था हर गरीब को अपना पक्का मकान देना। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को जो रफ्तार मिली, उसकी मिसाल मिलना मुश्किल है। हाल ही में मुख्यमंत्री के विशेष प्रयासों से एक ही क्लिक में 3 लाख लाभार्थियों के खातों में 1,200 करोड़ रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई। सिर्फ गाँव ही नहीं, बल्कि च्ड।ल-न् 2.0 के जरिए शहरी और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को भी बड़ी राहत दी गई है। पुरानी विसंगतियों और तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए पूरी व्यवस्था में डॅ प्दजमहतंजपवद (प्रशासनिक और तकनीकी सुधार) लागू किया गया है, ताकि बिना किसी बिचौलिए और देरी के हर हकदार को उसका घर मिल सके।

मुख्यमंत्री साय के रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र पर केंद्र सरकार ने भी अपनी मुहर लगाई है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शी शासन का ही नतीजा है कि केंद्र ने छत्तीसगढ़ को 4,400 करोड़ रुपये की विशेष सहायता मंजूर की है, जो देश के किसी भी राज्य को मिली अब तक की सबसे बड़ी प्रोत्साहन राशि है। इसके साथ ही, केंद्रीय बजट 2026-27 में छत्तीसगढ़ के लिए करीब 52 हजार करोड़ रुपये के भारी-भरकम वित्तीय सहयोग की घोषणा की गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,500 करोड़ रुपये अधिक है। यह भारी आवंटन राज्य के बुनियादी ढांचे के कायाकल्प के लिए गेम-चेंजर साबित होने वाला है। छत्तीसगढ़ आज सड़कों, ऊर्जा और डिजिटल क्रांति के एक नए दौर से गुजर रहा है। राज्य में सड़कों का जाल बिछता जा रहा है। राज्य में 3,153 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण तेजी से चल रहा है। लगभग 4,500 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर-विशाखापत्तनम और रायपुर-रांची जैसे इकोनॉमिक कॉरिडोर पर काम युद्ध स्तर पर जारी है।

## न्यूज गैलरी

### पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू किया जाना फिजूलखर्ची : दीपक बैज

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी के बाद अन्य शहरों में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू किया जाना फिजूल खर्जी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रायपुर में कमिश्नरी सिस्टम फेल हो गया, अब दुर्ग बिलासपुर में लागू करेंगे। अपराधों में नियंत्रण का नाम लेकर रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू की गयी, 5 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती की गयी। उसके बाद भी अपराधों में कोई नियंत्रण नहीं हुआ। आज भी लूट, चोरी, डकैती, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक के साथ लूट हो जाती है। इस फेल सिस्टम को भाजपा सरकार दुर्ग, बिलासपुर में भी लागू करने जा रही है। सरकार बताये कि रायपुर में लागू करने का क्या फायदा हुआ? प्रदेश में बढ़ते अपराध के लिए गृह मंत्री जिम्मेदार है। गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। बीमारी कुछ है, इलाज कही और ढूंढा जा रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि रायपुर पुलिस कमिश्नरी वसूली कमिश्नरेट बन गया है। राजधानी की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था को सुधारने के नाम पर सरकार ने राजधानी में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू किया था, राजधानी की कानून व्यवस्था में कोई सुधार तो नहीं हुआ। कमिश्नरी प्रणाली लागू होने के कारण नागरिकों की परेशानी जरूर बढ़ गई। अपराध और अपराधी तो बेलगाम है ही अब सड़क पर पुलिस का चालान नागरिकों में एक नया खौफपैदा कर रहा है। कमिश्नरी प्रणाली का काम केवल ट्रैफिक के नाम पर वसूली करना मात्र ही है। क्या पुलिस अपराधों के नियंत्रण तथा पुलिस की गश्ती व्यवस्था को सुधारने गली, मुहल्ले में पुलिस के संरक्षण में बिक रहे सूखे नशे के कारोबार पर भी रोक लगाना भी है, पुलिस की पूरी सक्रियता केवल चालान भेजने और वसूली करने तक है? किसी चौराहे पर लोगों की मदद करते पुलिस का कोई बड़ा अधिकारी कभी नहीं दिखता है।

### बरकेला जलाशय के कार्यों के लिए 3.80 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा मनेन्द्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखण्ड-मनेन्द्रगढ़ की बरकेला जलाशय योजना की नहरों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 3 करोड़ 80 लाख 20 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 285 हेक्टेयर के विरूद्ध 254 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग अंबिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के मामलों में जेसीबी सहित 4 वाहन जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजनांदगांव जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के खिलाफखनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 जेसीबी, 2 हाईवा और 1 माजदा वाहन जब्त किया है। मुरूम और चूना पत्थर गिट्टी के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर सभी वाहनों को कब्जे में लेकर थाना डोंगरगांव के सुपुर्द किया गया है। प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने डोंगरगांव तहसील के बीजाभाठा, लक्ष्मणभरदा, सालिकझिटिया, डोंगरगांव, कुमरदा और अर्जुनी क्षेत्रों में आकस्मिक निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान खैरागढ़ निवासी किशोर पटेल के स्वामित्व वाली जेसीबी मशीन क्रमांक सीजी 08 बीए 2050 से चालक हरेन्द्र निषाद द्वारा मुरूम का अवैध उत्खनन करते पाया गया। वहीं राजनांदगांव निवासी दुर्गेश देवांगन के स्वामित्व वाले हाईवा सीजी 08 एएन 4987 से चालक तोमन साहू द्वारा मुरूम का अवैध परिवहन किया जा रहा था।

### अब सड़कों से सुरक्षित भविष्य की ओर बढ़ेंगे बच्चे

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन ने सड़क जैसी परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों को सुरक्षित बचपन, शिक्षा और सम्मानजनक जीवन से जोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। ÷बाल सक्षम नीति, 2022÷ के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत 01 जून से 30 जून 2026 तक पूरे प्रदेश में विशेष सघन अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से सड़क पर रहने वाले, भिक्षावृत्ति, बाल श्रम और अपशिष्ट संग्रहण में संलग्न बच्चों की पहचान कर उनका रेस्क्यू, पुनर्वास और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की व्यापक कार्रवाई की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह अभियान केवल बच्चों की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित वातावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, आश्रय और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में समन्वित प्रयास किया जाएगा। राज्य शासन ने ऐसे बच्चों को किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं संशोधित नियम 2022 के तहत ÷देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालक÷ की श्रेणी में शामिल करते हुए उनके स्थायी पुनर्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

## सड़क दुर्घटनाएं नहीं हों, इसके लिए हर जरूरी कदम उठाएं: मुख्य सचिव

**■ ब्लैक स्पॉट की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश, प्रदेश में 150 स्थानों पर लगे ईव्ही चार्जिंग स्टेशन**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य सचिव विकासशील ने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सभी समुचित और ठोस कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव आज मंत्रालय में सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के लिए चिन्हित ब्लैक स्पॉट की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और वहां आवश्यक सुधार कार्य तत्काल किए जाएं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से सड़कों की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए ताकि हादसों की आशंका खत्म हो सके।

**सुप्रीम कोर्ट और केंद्र की योजनाओं की समीक्षा**

बैठक में राज्य सड़क सुरक्षा कोष, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा फ्लोदी एवं रंगा रेड्डी सड़क दुर्घटना मामलों में दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम राहत योजना और पीएम ई-ड्राईव योजना की प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने सर्वोच्च न्यायालय की कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने को कहा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सड़क दुर्घटना रेस्क्यू से संबंधित एसओपी के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत ई-वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की स्थापना में तेजी लाने को कहा। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्धारित स्थलों पर तत्काल ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में अब तक 150 स्थानों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। इन स्टेशनों पर पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सब्सिडी भी दी जाती है। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को त्वरित उपचार मिलना सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत घायलों का अस्पताल में कैशलेस उपचार किया जाता है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, गृह-पुलिस, परिवहन तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत अब तक 282 सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार के लिए पंजीकरण किया गया है। मुख्य सचिव ने इस योजना के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की और इसे और प्रभावी बनाने को कहा।

## जल जीवन मिशन से बदली जशपुर के ग्राम बेंगटा की तस्वीर

**■ 61 परिवारों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल, महिलाओं और बच्चों को मिली बड़ी राहत**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित जल जीवन मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर सुधारने का माध्यम बन रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर जंगलों से घिरे ग्राम बेंगटा में इस योजना ने पेयजल संकट को दूर कर ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में 10 किलोलीटर क्षमता का उच्च स्तरीय जलागार स्थापित किया गया है, जिसके माध्यम से ग्राम की दोनों बसाहटों के 61 परिवारों को नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

जल जीवन मिशन के लागू होने से पहले ग्रामीणों को पेयजल के लिए नाला और कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था। महिलाओं और बच्चों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था। गर्मी के मौसम में जल संकट गहरा जाता था, वहीं बरसात में मटमैले और असुरक्षित पानी के कारण जलजनित बीमारियों का खतरा बना रहता था।

अब हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इससे महिलाओं और बच्चों के समय की बचत हो रही है तथा महिलाएं आजीविका गतिविधियों पर अधिक ध्यान दे पा रही हैं। स्वच्छ पानी मिलने से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है और जलजनित बीमारियों में कमी आई है।

## स्मार्ट मीटर से आम आदमी परेशान, खपत से ज्यादा का मिल रहा बिजली बिल: कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** स्मार्ट मीटर आम आदमी के गले का फांस बन गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है। यह प्रावधान सरकार ने गड़बड़ी छुपाने के लिये किया है। सरकार स्मार्ट मीटर वापस ले। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिजली की खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है। जनता परेशान है। इस माह लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश से स्मार्ट मीटर वापस लिया है। हमारी मांग है कि छत्तीसगढ़ से भी स्मार्ट मीटर वापस लिया जाये। उत्तरप्रदेश सरकार ने माना कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत ज्यादा आ रही है, योगी मंत्रिमंडल ने इसे बदलने का फैसला किया है, छत्तीसगढ़ में भी इसे वापस लिया जाए। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार ने बिजली के दाम चार बार बढ़ा दिया।

## ग्रीन आर्मी टाटीबंध जोन ने भुईया तालाब में शुरू किया स्वच्छता अभियान

**रायपुर/नवप्रदेश।** ग्रीन आर्मी टाटीबंध जोन द्वारा कबीरनगर स्थित भुईया तालाब में व्यापक स्वच्छता अभियान प्रारंभ गया। अभियान का उद्देश्य तालाब की स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाना एवं नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना रहा। इस अभियान में मुख्य रूप से जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल (जोन 8) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही विशेष आमंत्रित सदस्यों में श्री राममणि यादव जी, श्री राधेश्याम साहू जी, कबीरनगर पार्षद श्री हरवंश भगत जी, श्री पी. के. तिवारी, श्रीमती पदमा साहू जी, श्री धीरज मण्डल, श्री विकास सेठ एवं श्री संतोष जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व श्री सुखदेव भामरा एवं उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया। सभी सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने श्रमदान कर तालाब परिसर की सफाई की तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। ग्रीन आर्मी टाटीबंध जोन ने आमजन से अपील की कि तालाबों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा कचरा इधर-उधर न फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### अवैध खनिज परिवहन के मामले में 13 वाहन जब्त

**रायपुर/नवप्रदेश।** सक्ती जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 वाहनों को जब्त किया है। खनिज उड़नदस्ता दल ने देर रात सघन जांच अभियान चलाकर चूना पत्थर और रेत का अवैध परिवहन करते पाए गए हाईवा और ट्रैक्टरों को कब्जे में लिया। सभी वाहनों को संबंधित थानों के सुपुर्द कर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सक्ती जिले में 22 मई की रात विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चंद्रपुर क्षेत्र में तीन हाईवा और दो ट्रैक्टर चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते पकड़े गए। सभी वाहनों को जब्त कर थाना चंद्रपुर के सुपुर्द किया गया। इसी तरह डभरा क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए पांच ट्रैक्टर पकड़े गए, जिन्हें थाना डभरा में रखा गया है। वहीं हसौद क्षेत्र में भी रेत का अवैध परिवहन करते तीन ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें थाना हसौद के सुपुर्द किया गया। कलेक्टर का कहना है कि जिले में अवैध खनिज गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## देश का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर 'भारतीय व्यापार महोत्सव-2026' के आयोजन के लिए एमओयू

**रायपुर/नवप्रदेश।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी,छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, 12 से 15 अगस्त 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, जिसमें भारत के व्यापार एवं उद्योग जगत की शक्ति और क्षमता का भव्य प्रदर्शन होगा।

कैट द्वारा लगातार दिए जा रहे स्वदेशी एवं भारतीय उत्पादों को बढ़ावा देने के आह्वान के अनुरूप इस महोत्सव की थीम "Made in India, Made for India , Made for the World" रखी गई है। महोत्सव देशभर के व्यापारियों, उद्योगों, MSMEs, स्टार्टअप्स, निर्यातकों, कारीगरों, महिला एवं युवा उद्यमियों को एक साझा राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंच प्रदान करेगा।

इस अवसर पर कैट के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन श्री अमर पारवानी ने कहा कि यह भारतीय व्यापारिक समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। पहली बार देश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन कैट एवं भारत सरकार का प्रमुख व्यापार संवर्धन संगठन ITPO इतने बड़े स्तर पर एक साथ आकर भारतीय व्यापार एवं उद्योग को वैश्विक मंच प्रदान करने जा रहे हैं।

**हर घर जल:** दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग

## ग्रीष्मकाल में स्वच्छ और नियमित पेयजल पहुंचाने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतर्क

**■ दूरस्थ गांवों तक निर्बाध पेयजल पहुंचाने जुटी पीएचई की टीमें**

**रायपुर/नवप्रदेश।** ग्रीष्म काल में स्वच्छ और नियमित पेयजल पहुंचाने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सतर्कभीषण गर्मी, उमस और लगातार बढ़ते जल संकट के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने पूरी प्रतिबद्धता के साथ मैदान में डटी हुई है। ग्रीष्म काल में ग्रामीणों तक स्वच्छ और नियमित पेयजल पहुंचाने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम सतर्कता से काम कर रही है। वनांचलों और दूरस्थ गांवों तक निर्बाध पेयजल पहुंचाने विभाग तत्परता से काम कर रहा है। राज्य शासन ने विभाग के सभी तकनीकी कर्मचारियों और हैंडपंप मैकेनिकों को खराब हैंडपंपों, पाइपलाइन संबंधी समस्याओं एवं पेयजल व्यवस्था में आने वाली बाधाओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव के निर्देश पर विभागीय अधिकारी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर पेयजल योजनाओं की जमीनी स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। विभाग की टीम भीषण गर्मी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद ग्रामीणों को पानी की समस्या से राहत दिलाने दिन-रात काम कर रही है। विभाग द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक शुद्ध और सुरक्षित पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। ग्रीष्म काल में भी हर घर तक स्वच्छ, सुरक्षित और नियमित पेयजल की उपलब्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय टीमें सक्रियता से काम कर रही हैं।

विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं के नियमित संचालन के साथ-साथ ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। लोगों से आवश्यकता न होने पर नल की टोटी बंद रखने, पानी का दुरुपयोग रोकने और जल बचाने की अपील की जा रही है। विभाग द्वारा यह संदेश भी दिया जा रहा है कि पानी केवल आज की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य संसाधन है, इसलिए इसका संरक्षण सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की टीम भ्रमण के दौरान ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों के सदस्यों के साथ बैठक कर योजनाओं के सतत संचालन में जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। ग्रामीणों को जल कर के संग्रहण के महत्व से अवगत कराया जा रहा है, ताकि योजनाओं का रखरखाव एवं संचालन लंबे समय तक निर्बाध रूप से जारी रखा जा सके। विभाग द्वारा प्रत्येक घर के नल कनेक्शन के पास सोख्ता गड्ढा के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण के साथ स्वच्छता भी सुनिश्चित हो सके।

## सुविचार

शंका का कोई समाधान नहीं, चरित्र का कोई प्रमाण नहीं, मौन से अच्छा कोई उत्तर नहीं और शब्द से तीखा कोई बाण नहीं।

# यूरेनियम को लेकर फंसा पेंच

अमेरिका और ईरान के बीच समझौता वार्ता अभी भी अधर में लटकी हुई है। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान के साथ समझौता लगभग तय हो गया है और जल्द ही इसे अंतिम रूप देकर इस पर हस्ताक्षर हो जाएंगे लेकिन जब तक समझौता नहीं हो जाता तब तक होर्मूज पर अमेरिका की नाकेबंदी जारी रहेगी। अमेरिका राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया है कि परमाणु कार्यक्रम और यूरेनियम सौंपने के मामले में भी सहमति बन रही है। डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे का ईरान ने तत्काल खंडन कर दिया और यह स्पष्ट किया है कि परमाणु मुद्दा फिलहाल बातचीत से बाहर है। ईरान अपना संवर्धित यूरेनियम किसी भी तीसरे देश को कतई नहीं सौंपेगा और न ही अपना परमाणु कार्यक्रम बंद करेगा। ईरान ने उल्टे अमेरिका को यह चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका ने इस मुद्दे को लेकर दबाव डाला या फिर जंग छेड़ने की हिमाकत की तो ईरान उसे मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। ईरान का कहना है कि अमेरिका होर्मूज पर अपना कब्जा चाहता है लेकिन ईरान ऐसा होने नहीं देगा। गौरतलब है कि चालीस दिनों के युद्ध के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो लेकिन होर्मूज अभी तक आवाजाही के लिए नहीं खोला गया है। इसकी वजह से दुनिया के कई देशों में तेल और गैस का संकट विकराल होता जा रहा है और उनकी अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी है। डोनाल्ड ट्रंप ने चीन यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति सीजींगपींग से होर्मूज को खुलवाने मदद की अपील की थी लेकिन चीन ने भी ट्रंप को कोरा आश्वासन देकर बैरंग लौटा दिया था इसके बावजूद पता नहीं क्यों ट्रंप को इस बात का भरोसा है कि अब चीन ईरान की मदद नहीं करेगा न ही उसे हथियार देगा जबकि हकीकत यह है कि अमेरिका के खिलाफ रूस और चीन दोनों ही ईरान के साथ हैं जबकि अमेरिका अकेला पड़ गया है यूरोपीएन देशों ने भी इस मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया है। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर समझौते के लिए जंग की धमकी देकर दबाव बना रहे हैं। एक ओर तो वो यह कहते हैं कि ईरान के साथ समझौता लगभग तय है वहीं दूसरी ओर वे फिर ईरान को धमकी देने लगते हैं। नतीजतन दोनों के बीच समझौता होने की संभावना धूमिल होती जा रही है। यदि फिर से जंग छिड़ी तो खाड़ी देशों के साथ ही आधी दुनिया को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाया है लेकिन बात नहीं बन पा रही है। यही वजह है कि अब उन्होंने अमेरिका विदेश मंत्री मार्को रोबियो को भारत भेजा है और उनके जरिए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमेरिका आने का आमंत्रण दिया है। यही नहीं बल्कि एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप ने प्रशंसा के पूल बांधते हुए उन्हें एक महान नेता बताया है कुल मिलाकर डोनाल्ड ट्रंप समझ गये हैं कि इस संभावित जंग से अमेरिका को बाहर निकालने में भारत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। किन्तु भारत ने भी इस बारे में न काहूं से दोस्ती न काहूं से बैर वाली नीति अपना रखी है। ऐसे में अमेरिका और ईरान के बीच समझौता खटाई में पड़ सकता है।

# टीएमसी की ताबूत में आखिरी किल

बंगाल विधानसभा चुनाव में तो तृणमूल कांग्रेस का खेला पहले ही खत्म हो चुका है और रही सही कसर टीएमसी के गढ़ में पूरी हो गई जहां फाल्दा विधानसभा में कराएं गये पुनर मतदान में भाजपा प्रत्याशी देवांसू पांडा ने एक लाख नौ हजार वोटों से जीत दर्ज करके एक नया इतिहास रच दिया। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी शुरू से यह दावा कर रहे थे कि फाल्दा में भाजपा एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेगी और उनका यह दावा सच साबित हुआ। यहां से टीएमसी प्रत्याशी जहांगीर खान को मात्र सात हजार वोट मिले जबकि उनसे ज्यादा कांग्रेस को 10 हजार वोट और सीपीएम को चालीस हजार वोट मिले। इस तरह भाजपा ने यहां से एकतरफा जीत हासिल की कांग्रेस और टीएमसी की जमानत जब्त हो गई। फाल्दा विधानसभा सीट में हुए पुनर मतदान में 88 प्रतिशत वोट पड़े जिनमें से 96 प्रतिशत हिन्दुओं के वोट भाजपा को मिले वहीं मुस्लिमों ने 72 प्रतिशत मतदान किया जो सीपीएम कांग्रेस और टीएमसी में बंट गया। हालांकि मतदान के दो दिन पहले ही जहांगीर खान ने चुनाव से अलग हटने की घोषणा कर दी थी क्योंकि उन्हें पता चल गया था कि इस बार उनका खेला खत्म होने वाला है अब तो जहांगीर खान पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। बहरहाल भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार फाल्दा में हिन्दुओं के सत प्रतिशत वोट भाजपा के पक्ष में गये हैं और ये आकंड़े विपक्ष की नींद उड़ा रहे हैं जो जाति की राजनीति करते रहे हैं लेकिन फाल्दा में हिन्दुओं ने एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान कर विपक्ष की पेशानी पर बल डाल दिया है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अब भंडारे में पूरी सब्जि बांटने पर मजबूर हो गये हैं। उत्तरप्रदेश में अगले साल चुनाव होने हैं लेकिन वहां बंगाल विधानसभा चुनाव तथा फाल्दा पुनरमतदान का असर पड़ना तय है। रही बात टीएमसी की तो फाल्दा में मिली करारी हार टीएमसी की ताबूत में आखिर कील साबित होगी। इस चुनाव के बाद टीएमसी सुप्रीमों ममता बनर्जी ने फिर वहीं पुराना राग अलापा है कि चुनाव में वोटों की चोरी की गई है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1679: ब्रिटेन की संसद ने बन्दी प्रत्यक्षीकरण कानून पारित किया था, जिसे दुनिया का पहला मनुष्य की निजी आज़ादी का मानवाधिकार कानून माना जाता है। 1739: मुगल बादशाह मोहम्मद शाह और ईरान के नादिर शाह के बीच हुई संधि के परिणामस्वरूप अफ़ग़ानिस्तान, भारत से अलग हुआ। 1822: ग्रू चर्च में लगी आग में 116 लोगों की मौत। यह नॉर्वे के इतिहास में सबसे बड़ा अग्निकांड था। 1983 - 7.7 रिएक्?टर स्?केल से जापान में आए भूकंप में 104 लोगों की मौत हो गई थी। 2000 - दक्षिण लेबनान से इसराइली सुरक्षा बलों के हटने पर लाखों हिज़्बुल्लाह समर्थकों ने अपने नेता शेख़ हसन नसरल्लाह के साथ विजय रैली निकाली। 2002 - चीन का विमान समुद्र में गिरा, 225 लोग मरे। 2006: इंडोनेशिया के जावा में आए भूकंप में 5700 से अधिक लोगों की मौत और लगभग दो लाख बेघर हुए। 2008: पूर्वी और दक्षिणी चीन में बाढ़ आने से 148 लोगों की मौत।

# भारत की विकास यात्रा

जब मैं तिरुप्पुर के स्कूल में पढ़ता था, तब मेरे मन में देश को लेकर कई सपने थे। मेरे मन में अक्सर ये सवाल उठते थे– भारत अपनी महानता कब वापस पाएगा? विश्व मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में कब उभरेगा? हमारे गरीब और वंचित भाई–बहनों को सम्मानजनक जीवन कब मिलेगा? मुझे खुशी है कि किशोरावस्था में मेरे मन में जो विचार थे, वे अब साकार हो रहे हैं। मैं अक्सर खुद को स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों की याद दिलाता था, ‡उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको।‡ तमिलनाडु की धरती से स्वामीजी के दिए ये शब्द हर व्यक्ति में देशभक्ति और समर्पण की भावना जगाने की अपार शक्ति रखते हैं। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा कि जब भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ेगा, तब वह पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनकर उभरेगा। पिछले एक दशक में मुझे यह देखकर खुशी होती है कि हमारा देश जबरदस्त ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

**सी. पी. राधाकृष्णन**
भारतीय उपराष्ट्रपति

अब हमें अपनी आंखों के सामने तिरुवल्लुवर के इन शब्दों की सच्चाई देखने का अवसर मिल रहा है- "जो अपने संकल्प में अडिग रहते हैं, वे ठीक वही हासिल करते हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना की होती है।" हम देख सकते हैं कि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। पिछले एक दशक में भारत ने जो प्रगति हासिल की है, उसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया आर्थिक मंदी और अनिश्चितताओं से जूझ रही है, भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूती और तेज़ी से आगे बढ़ रही है। इस दौर को निरंतर विकास का युग बनाने के लिए सरकार और जनता, दोनों का साझा उत्साह ही इस प्रगति का कारण है। एक समय कमजोर अर्थव्यवस्था माने जाने वाला हमारा देश आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारा आर्थिक विकास समावेशी रहा है। पिछले एक दशक में लगभग 25 करोड़ भारतवासी अत्यधिक गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानपूर्ण जीवन जीने में सक्षम हुए हैं। अब तक भारत में गरीब और बेघर लोगों के लिए लगभग 4 करोड़ पक्के घर बनाए जा चुके हैं। 12 करोड़ से अधिक लोगों को पाइप से पीने के पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। हमने खुले में शौच से मुक्त राष्ट्र बनने का संकल्प लिया था और केवल 60 महीनों के भीतर देश ने 60 करोड़ लोगों के लिए यह लक्ष्य हासिल कर दिखाया।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 किलोग्राम खाद्यान्न मुफ्त दिया जा रहा है, जिस पर 2.3 लाख करोड़ रुपये का खर्च किया जा रहा है। मैंने बचपन से ही गांवों में लोगों को इलाज की सुविधा न मिलने के कारण परेशान होते देखा है। उनके परिवारों की पीड़ा देखकर मुझे दुख होता था। आज देश इस संकल्प के साथ आयुष्मान भारत योजना चला रहा है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक पहुंचें। इसी का परिणाम है कि अब 44 करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवर मिल रहा है। केवल पिछले एक वर्ष में ही 2.5 करोड़ लोगों ने इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज प्राप्त किया है।

हमारे किसानों ने अपनी मेहनत से 35 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन किया है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक

देश बन गया है। भारत अब चावल उत्पादन में भी दूसरा सबसे बड़ा देश बन चुका है और अपने निर्यात के माध्यम से दुनिया से जुड़ रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अब तक 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा चुकी है। आज हमारी नारी शक्ति के लिए देश के विकास में पूरी भागीदारी के अवसर खुल रहे हैं। 3 करोड़ से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी बन चुकी हैं। कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान एवं तकनीक से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक, महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। अब महिलाएं सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन भी प्राप्त कर रही हैं और युद्धक भूमिकाओं में भी भाग ले रही हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में उनकी भागीदारी को और मजबूत करेगा।

जब मैं देशभर की यात्रा के दौरान लखपति दीदियों और नमो ड्रोन दीदियों से मिलता हूं, तब मुझे अपनी बहनों के चेहरों पर उम्मीद की चमक दिखाई देती है। महिलाओं के दैनिक जीवन को आसान बनाने और उनके स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देशभर में लगभग 2 करोड़ नए एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

जब हम युवा पीढ़ी को उत्साह के साथ स्टार्टअप्स की ओर आगे बढ़ते देखते हैं, तब हमें देशभक्त कवि सुब्रमण्यम भारती के ये शब्द याद आते हैं-

***आओ, आओ, आओ और अपने सपनों को साकार करो,***
***पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़े और समृद्ध बने,***
***आओ, आओ, आओ और कोई महान कार्य करके दिखाओ।***

युवाओं के लिए पिछले दस वर्षों में ही 13 नए आईआईटी स्थापित किए गए हैं, जिससे देश में आईआईटी की कुल संख्या बढ़कर 23 हो गई है। इसी तरह आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 21 हो गई है। एम्स की संख्या 7 से बढ़कर 23 हो चुकी है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या 37 से बढ़कर 823 हो गई है। यह गर्व की बात है कि मेडिकल छात्रों के लिए सीटों की संख्या 51,348 से बढ़कर 1,29,603 हो गई है। हम विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे की दिशा में भी तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं। भारतीय रेलवे का लगभग 99 प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है। देशभर में 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों ने रेल यात्रा के एक नए युग की शुरुआत की है। हवाई अड्डों की संख्या भी 74 से बढ़कर 163 हो गई है और उड़ान योजना के तहत आम लोगों के लिए हवाई यात्रा सुलभ हुई है। तमिलनाडु के लिए रेलवे बजट का आवंटन, जो एक दशक पहले लगभग ?880 करोड़ था, बढ़कर 2026ङ्क27 में ?7,600 करोड़ हो गया है। तमिलनाडु में यह खुशी की बात है कि रामेश्वरम और पंबन के बीच नया पंबन ब्रिज बनाया गया है, जो भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज है। यह आध्यात्मिक पर्यटन और आर्थिक विकास के लिए एक नया अवसर बनकर उभरा है। चाहे चिनाब ब्रिज हो या बोगीबील पुल, भारत अब आधुनिक बुनियादी ढांचे के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

भारत के विकास के लिए देश भर में विश्व स्तरीय चार-लेन और आठ-लेन की सड़कों के साथ-साथ सुदूर गांवों तक सड़क संपर्क को मजबूती से विकसित किया गया है।तमिलनाडु में पिछले 10 वर्षों में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं। वहीं पूर्वोत्तर राज्यों में पिछले 10 वर्षों के दौरान लगभग 7,200 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ है। ये सभी विकास कार्य ‘प्रगति’ के तहत प्रधानमंत्री की करीबी निगरानी के कारण संभव हो पाए हैं।

प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों ने क्रमशः अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों को बहुत लाभ पहुंचाया है। मेरा हमेशा यह विश्वास रहा है कि विकास केवल सामाजिक वर्गों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसमें सभी क्षेत्रों की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। जो सीमावर्ती गांव कभी भारत के अंतिम गांव माने जाते थे, वे अब देश के प्रथम गांव बन चुके हैं और वाइब्रेंट विलेज स्कीम के माध्यम से उनका विकास किया जा रहा है।

मुझे खुशी के साथ याद आता है कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर राज्यों को देश की ÷अष्टलक्ष्मी÷ कहा था। हाल ही में जब मैंने नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का दौरा किया, तब वहां परिवहन और बुनियादी ढांचे में जबरदस्त सुधार देखने को मिला।

# क्या गाय को ‘राष्ट्रीय पशु’ घोषित करने में कोई समस्या है ?

**महेन्द्र तिवारी**

भारत में गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। भारतीय समाज में सदियों से गाय को माता का दर्जा दिया जाता रहा है। अनेक धार्मिक ग्रंथों, लोक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय का विशेष महत्व रहा है। यही कारण है कि समय समय पर गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठती रही है। कई धार्मिक संगठनों, सामाजिक समूहों और कुछ राजनीतिक दलों ने यह मांग सार्वजनिक रूप से रखी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवश्यकता पर टिप्पणी की थी। इसके बावजूद भारत सरकार ने अब तक ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं बल्कि सामाजिक, संवैधानिक, आर्थिक और प्रशासनिक जटिलताएँ भी हैं। भारत का वर्तमान राष्ट्रीय पशु बंगाल टाइगर है। इसे 1973 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत संरक्षण का प्रतीक बनाया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार देश में बाघ संरक्षण के लिए विशेष कानूनी और पर्यावरणीय ढांचा तैयार किया गया। आज भारत विश्व के लगभग 70 प्रतिशत बाघों का घर माना जाता है और देश में 50 से अधिक टाइगर रिजर्व स्थापित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय पशु के रूप में बाघ केवल शक्ति और साहस का प्रतीक नहीं है बल्कि वह भारत की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण नीति का केंद्र भी है। ऐसे में गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने का प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं बल्कि नीतिगत बहस का विषय बन जाता है। भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश है। यहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और अनेक आदिवासी समुदाय रहते हैं। हिंदू धर्म में गाय को पवित्र माना जाता है, लेकिन सभी समुदायों की मान्यताएँ समान नहीं हैं। पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों, केरल और गोवा जैसे क्षेत्रों में गोमांस भोजन का हिस्सा रहा है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति और भोजन की स्वतंत्रता देता है।

ऐसे में यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो कई लोग इसे एक धर्म विशेष की मान्यताओं को सरकारी पहचान देने के रूप में देख सकते हैं। आलोचकों का तर्क है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में किसी धार्मिक प्रतीक को राष्ट्रीय पहचान बनाना संवैधानिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। हालांकि दूसरी ओर यह भी सच है कि भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में अनुच्छेद 48 के अंतर्गत राज्यों को गोवंश संरक्षण और नस्ल सुधार के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। देश के अधिकांश राज्यों में गोहत्या पर किसी न किसी रूप में प्रतिबंध पहले से मौजूद है। केंद्र सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग भी गोवंश संरक्षण और पशुधन विकास के लिए कई योजनाएँ चला रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाओं का उद्देश्य देशी नस्लों का संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है। इससे स्पष्ट होता है कि गाय को पहले से ही विशेष सरकारी संरक्षण प्राप्त है। इसलिए समर्थकों का कहना है कि राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल उस सम्मान को औपचारिक रूप देने जैसा होगा जो भारतीय समाज में गाय को पहले से प्राप्त है। लेकिन वास्तविक समस्या केवल सम्मान तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक राज्यों में आवारा पशुओं की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में किसान खुले घूमते पशुओं से परेशान हैं। जब गाय दूध देना बंद कर देती है या बूढ़ी हो जाती है तो गरीब किसान उसका पालन जारी नहीं रख पाते। परिणामस्वरूप उन्हें सड़कों या खेतों में छोड़ दिया जाता है। ये पशु किसानों की फ़सलों को नुकसान पहुँचाते हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। अनेक ग्रामीण इलाकों में रात भर खेतों की रखवाली करना किसानों की मजबूरी बन गया है। यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है और कानून और कठोर हो जाते हैं तो यह संकट और बढ़ सकता है, क्योंकि पशुओं के पुनर्वास के लिए पर्याप्त गौशालाएँ और संसाधन अभी उपलब्ध नहीं हैं।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपने आँचल में हौसले का उजास बाधे, टैरेस पर कतरा दर कतरा जिंदगी सजोती, मुस्कुराती हुई खड़ी हैएक स्त्री। उसके पास उम्मीदों का कैनवास है, हिम्मत और सूझ बुझ के ब्रश स्ट्रोक्स है। वह तिनका तिनका कर के अपना आसमान बुन रही है। खुल चुकी है एक मुठ्ठी, जो सदियो से बन्द थी। इसमे कई सुरीले सपने है।धीमी धीमी बजती एक प्यारी सी धुन है जिस पर जिंदगी गुनगुना और थिरक रही है। सतरंगी किरणे है उम्मीदों की । होसला है जमाने

– **डॉ हेमा पांडेय**

ईश्वर जब मनुष्य को पृथ्वी पर भेजता है, तो लिख देता है उसके कदमों में जमाने भर की कवायतें , कभी मेहनत से खिले मंजिलों के फूल , तो कभी कदम दर कदम रास्तो की धूल ।

– **किरन भण्डारी**

बादलों से तुम कुछ तो कहो ये लील जाते है अक्सर.... मेरे हिस्से की धूप... धूप हाँ ,वही धूप सूरज के रथ से उतरकर देती है वही एक नर्म बिस्तर मेरी पसीने से लस्तपस्त देह को मेरे सपनों पर वो लगा देती है सफ़ेद चांदनी का अस्तर और सिल देती है यादों को हर सुबह सुनहरी चादर में करती है प्रतीक्षा रात होने तक .... तब दीप बनकर जल उठती है निराशा के अंधेरे से लड़ने को बादलों से कहो... – **रामकिशोर उपाध्याय**

गलियों की मेरी आके तुम ख़ाक भले छानो, फिर भी न तुम्हें अपने दिल का मैं पता दूँ तो? तुम धूप की बातें कर, एहसान जताते हो, मैं छाँव में जलने का किस्सा जो सुना दूँ तो? तुम ढूँढते फिरते हो मुझको इन लकीरों में, क़िस्मत की मैं हर रेखा हाथों से मिटा दूँ तो?

– **रूबी झा ‘कमल**

होठों पर हँसी का तराना है गम छुपाने का यही बहाना है खुशी मिले या दर्द नया कोई हर फ़र्ज़ अपना निभाना है ठहरता नहीं पलभर को यहां अपनी ही धुन में जमाना है बुलबुले सी तो यह जिंदगी है क्या देखना किसे दिखाना है बहारें लौटेंगी पतझड़ के बाद बागीचे को फिर सजाना है देर नहीं कलियों के खिलने में आवारा भंवरों से बचाना है बुर्जुगों की दुआएं में असर है जीवन को इसमें बिताना है। – **सपना चन्द्रा**

हादसों का डर सताता है मुझे, हौसला आगे बढ़ाता है मुझे। सोच सागर की बताऊँ क्या तुम्हें, खुद किनारों पे ले आता है मुझे। गुफ़्तगू होती है घर के दीये से, आंधियों का घर दिखाता है मुझे। बेवफ़ा का चित्र रहता ज़ेब में, मौत के क़िस्से सुनाता है मुझे। आसमां से दोस्ती है दानी की ,रोज़ तूफ़ां से मिलाता है मुझे। मौसमे-सरहद खुशी से दूर है ग़म लकीरों का बताता है मुझे । शमअ समझता है जलाता है मुझे, रोता है खुद औ रुलाता है मुझे। – **संजय दानी**

हर ओरी बा हाहाकार। चौपट बा अब कारोबार।। सन्नाटा पसरल बाटे। उजड़ल - उजड़ल बा बाजार।। टूटत बाटे रोज कमर। मँहगाई के बाटे मार।। आवत बाटे रोज बिपत। आइल कइसन ई सरकार।। प्रजातंत्र खतम होई। नेतन के देखीं किरदार।। नफ़रत के बा हवा चलत। जीयल बाटे अब दुश्वार।। भाई - भाई बा दुश्मन। आग लगवलस चौकीदार।। 'ऐनुल' खोजत थक जाइब। मिल पइहें नाहीं दिलदार।। – **‘ऐनुल’ बरौलवी**

## राशि फल

**पं. देवव्रत शर्मा**

**मेष** : आज आपके अपने डर का इलाज का वक़्त आ चुका है। आपको समझना चाहिए कि न सिर्फ़ यह शारीरिक ऊर्जा को चूस लेता है, बल्कि ज़िंदगी को भी कम करता है।

**वृषभ** : आज आप खुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। आज के दिन आप धन से जुड़ी समस्या के कारण परेशान रह सकते हैं।

**मिथुन** : आज आप खुद को सुकून में और ज़िंदगी का लुत्फ़उठाने के लिए सही मनोदशा में पाएंगे। बाकी दिनों के मुकाबले आज का दिन आर्थिक दृष्टि से अच्छा रहेगा और आपको पर्याप्त धन की प्राप्ति होगी।

**कर्क** : आज मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे- इसलिए इस बात का ख़याल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते हैं और बोलते हैं।घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा।

**सिंह** : आज भले ही आप उत्साह से भरपूर हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा।

**कन्या** : आज अच्छी चीज़ों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग़ खुला रहेगा। बैंक से जुड़े लेन-देन में काफ़ी सावधानी बरतने की ज़रूरत है।

**तुला** : आज आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़खींचेगा। केवल एक दिन को नज़र में रखकर जीने की अपनी आदत पर क़ाबू करें और ज़रूरत से ज़्यादा वक़्त व पैसा मनोरंजन पर ख़र्च न करें।

**वृश्चिक** : आज अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं। आज कोई लेनदार आपके दरवाजे पर आ सकता है।

**धनु** : आज आपकी सेहत ठीक रहेगी, लेकिन यात्रा आपके लिए थकाऊ और तनावपूर्ण साबित हो सकती है। आज आपके माता-पिता में से कोई आपको धन की बचत करने को लेकर लेक्चर दे सकता है।

**मकर** : आज अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है।

**कुंभ** : आज शारीरिक लाभ के लिए, विशेषकर मानसिक तौर पर मज़बूती हासिल करने के लिए ध्यान और योग का आश्रय लें। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

**मीन** : आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं।

## QUIZ TIME

1) हाल ही में किस राज्य सरकार ने देसी गायों को ‘राज्यमाता-गोमाता’ घोषित किया?

2) ट्रक चालकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किस संस्थान ने प्रोजेक्ट अभय विकसित किया है?

3) केन्दु पत्ता, जिसे तेंदू पत्ता भी कहा जाता है, किस भारतीय राज्य का ग्रीन गोल्ड कहलाता है?

4) नेशनल फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड किस मंत्रालय द्वारा स्थापित किया गया था?

5) हाल ही में निधन हुए ग्रेग बेल किस खेल से जुड़े थे?

Ramaquiz

## पहेली

Weekly Roundup
नव प्रदेश
Durg-Bhilai

# पीडब्ल्यूडी को 3 दिनों में मिल गई एनओसी, निगम को 3 माह बाद भी नहीं मिला जवाब...

साइंस कॉलेज के बगल में कैनाल रोड निर्माण को लेकर तीन विभागों की रस्साकशी चल रही है। कैनाल जल संसाधन विभाग की है। इस पर रोड बनाने के लिये पीडब्लूडी और नगर निगम ने टेंडर कर दिया है। पेड़ काटने और ट्रांसफार्मर, पोल हटाने के लिये नगर निगम ने बाकायदा 33 लाख का भुगतान कर दिया है। मजे की बात ये है कि जल संसाधन विभाग ने नगर निगम को न तो एनओसी दी है, न एनओसी के आवेदन को खारिज किया है। पता चला है कि जल संसाधन विभाग ने कैनाल रोड बनाने के लिये पीडब्लूडी के आवेदन पर तीन दिनों में ही एनओसी दे दी। लेकिन पीडब्लूडी से एक माह पहले नगर निगम द्वारा दिये गए एनओसी के आवेदन पर आज तक फैसला नहीं लिया गया। विभागों के बीच चल रही रस्साकशी का असर ये हुआ है कि रोड का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। लेकिन, विभागीय रस्साकशी के बीच राजनीतिक हलकों में बड़ा सवाल तैर रहा है – नगर निगम को एनओसी न देने का फैसला जल संसाधन विभाग ने किस राजनीतिक शख्सियत के इशारे पर किया है? हालांकि भाजपाई राजनीति से जुड़े लोग समझ रहे हैं कि इशारा किसका है ? भाजपा की राजनीति को समझने वाले कांग्रेसी भी समझ रहे हैं।

### सृजन का असर – एक शहर में तीन गुटों का उदय

कांग्रेस में 6 महीने पहले संगठन सृजन अभियान चलाया गया। शहर, ब्लाक और जिला स्तर पर अध्यक्ष बदले गए। दावा किया गया कि सृजन अभियान से कांग्रेस संगठन के कामकाज और सक्रियता में आमूलचूल बदलाव आएगा और सार्थक नतीजे निकलेंगे। लेकिन, सृजन के बाद बदलाव आने की बजाय कांग्रेस की फूट और आपसी मनमुटाव लगातार बढ़ रहा है। अब दुर्ग शहर की बात करें। यहां वोरा गुट का शुरू से दबदबा रहा है। लेकिन संगठन सृजन के बाद यहां तीन गुट बन गए हैं। वोरा को चुनौती देने वाले नए अध्यक्ष के गुट के अलावा अब तीसरे गुट का उदय भी हो गया है। तीसरे गुट में पूर्व पार्षद शामिल हैं। शहर की जमसमस्याओं को उठाने में तीनों गुट मुखर हैं, लेकिन तीनों के बीच एकजुटता नहीं है। तीनों गुट एक दूसरे को फूटी नजर नहीं सुहाते । पिछले चुनाव में कांग्रेस के पॉवरफुल गुट को विरोधियों के भीतरघात के कारण भाजपा को बंफर जीत मिली थी। अब तीसरे गुट के उदय से सुपर बंफर जीत की उम्मीद में दुर्ग के भाजपा नेताओं की बल्ले बल्ले हो गई है।

### साहब को हटाने अगली लिस्ट का इंतजार

सत्तापक्ष और विपक्ष की एकजुटता के डेढ़ माह से ज्यादा वक्त बीतने के बावजूद भिलाई वाले साहब को हटाने का मिशन पूरा नहीं हुआ। साहब अपनी कुर्सी से टस से मस नहीं हुए। न राजधानी से फरमान आया न कलेक्टर, साहब ने आदेश जारी किया। अब सत्तापक्ष बार-बार कलेक्टर साहब को चिट्ठी पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग कर रहा है, लेकिन यह कवायद पूरी तरह बेअसर साबित हो रही है। सत्तापक्ष के साथ साथ विपक्ष को साहब का पॉवर नजर आ रहा है। लिहाजा कई विपक्षी तो साहब के गुड बुक में आने के लिए आगे पीछे हो रहे हैं। इधर, विपक्ष के नाराज लोगों के अलावा पूरा सत्तापक्ष अब इंतजार कर रहा है कि सुशासन तिहार के दौरान जिस तरह आईएएस बदले गए हैं, शायद अगली लिस्ट में कुर्सी में जमे बैठे साहब का नंबर भी लग जाए। प्रदेश की सत्ता गंवाने के कारण अब इंतजार के सिवा कोई और चारा भी नहीं है।

### मैडम का इशारा किसकी तरफ?

इँदिरा मार्केट में अतिक्रमण हटाने के लिये ठेला वाले को मारने की चेतावनी का वीडियो वायरल होने के बाद एक नया सवाल गूंज रहा है। मैडम ने वायरल हुए वीडियो पर सफाई देते हुए जो कहा, उससे राजनीतिक अटकलों का दौर शुरू हो गया है। मैडम ने साफ कह दिया कि अतिक्रमणकारी को संरक्षण देने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके आगे के बयान ने भाजपा की गुटबाजी फिर से उजागर हो गई है। मैड़म ने नाम लिये बिना अतिक्रमण को संरक्षण देने वाले जनप्रतिनिधि को भी इशारे-इशारे में नसीहत दे दी। एमआईसी की बैठक में एक कदम और बढ़ाते हुए अधिकारी कर्मचारियों को मार्केट के उसी हिस्से पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दे दिये। निगम के गलियारों में कहा जा रहा है कि मैडम का इशारा मंत्री के सबसे खास सिपहसालार की तरफ है। बजट सभा में मंत्री के खासमखास पार्षदों ने जमकर घेरेबंदी की थी। मैडम अब चुन-चुन कर हिसाब बराबर कर रही हैं।

### सेटअप शानदार : फिर भी नहीं बदला ढर्रा

पिछली सरकार ने सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने की योजना शुरू की। पूरे प्रदेश में सैकड़ों स्कूलों को करोड़ों की लागत से शानदार इमारत, बेहतरीन सुविधाएं और आधुनिक व डिजिटल तकनीक से शिक्षा देने के लिये स्टडी मटेरियल सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए। नई सरकार ने इन स्कूलों को शुरू से ही निशाने पर रखा है। इन स्कूलों को न संसाधन दिये जा रहे हैं, न विकास के प्लान पर काम हो रहा है। रही-सही कसर इस साल घोषित रिजल्ट ने निकाल दी। सीजी बोर्ड परीक्षा में जिले में सबसे कमजोर और फिसड्डी माने जाने वाले 72 स्कूलों में से 20 आत्मानंद स्कूल शामिल हैं। शिक्षा मंत्री के गृह जिले में खराब नतीजों की समीक्षा के बाद शिक्षा विभाग के अफसर सुधार के उपाय करने में जुटे हैं। लेकिन, खुद शिक्षा जगत से जुड़े लोगों का कहना है कि इमारत भले ही बुलंद बन जाए, मानसिकता जब तक बुलंद नहीं होगी, तब तक बेहतर नतीजे नहीं आएंगे। जब मेहनत की बजाय कामचोरी की मानसिकता हो, तो बेहतर नतीजे की उम्मीद करना बेमानी है।

### भाजपा में अपनी ढपली, अपना राग

इसी साल भिलाई नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं। लेकिन, चुनावी साल में भाजपा संगठन की कमान साधे नहीं सध रही है। अभी पिछले दिनों नगर निगम के घेराव और उससे पहले व बाद के घटनाक्रम बता रहे हैं कि भाजपा संगठन में न एकजुटता है, न अनुशासन। पटरीपार में भाजपा के पास कई बड़े चेहरे हैं जो अपनी ढपली अपना राग आलाप रहे हैं। इन नेताओं को किसी की परवाह नहीं है। पटरीपार के विधायक पूरे क्षेत्र में अपना एकक्षत्र राज चाहते हैं। लेकिन साइड लाइन में खड़े लोग भी कम नहीं हैं। भाजपा खेमे से पीएम और भोजू भी अपनी मोनोपली चाहते हैं। भोले बाबा के अनुयायी का अंदाज भी बागी तबाही वाला है। पार्टी में आपसी लड़ाई से संगठन की भद्द पिट रही है। ऐसे में संगठन नेता किसकी सुने और किसे इग्नोर करे। यह सवाल गंभीरता से उठाया जा रहा है।

## न्यूज गैलरी

### वार्डों में दवा छिड़काव और मच्छर उन्मूलन कार्य तेज

**भिलाई नगर।** नगर निगम भिलाई द्वारा शहर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नागरिकों को स्वच्छ-स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने प्रतिदिन अलग-अलग जोनों के वार्डों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निगम की स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा डेंगू, मलेरिया व अन्य मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु लगातार कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र की नालियों, कूलरों, बाथरूम और अन्य जलभराव वाले स्थानों पर पहुंचकर मच्छर उन्मूलन कार्य कर रही है। अभियान के तहत मैलाथियान, टेमिफास और जले ऑयल का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके। बीमारियों का फैलाव रोका जा सके। निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, कूलरों की नियमित सफाई करें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

### सीएम हेल्पलाइन योजना का प्रशिक्षण आज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के निर्देशानुसार 'सीएम हेल्पलाइन योजना' के सुचारू संचालन और शिकायत निराकरण के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 26 मई को पूर्वान्ह 10 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार दुर्ग में किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य विषय योजना के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु नामांकित जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों (एल1 और एल2) को प्रशिक्षित करना है। विशेष प्रशिक्षण सत्र में जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। सभी जिला स्तरीय अधिकारी कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में भौतिक रूप से उपस्थित रहेंगे। ब्लॉक स्तर के संबंधित अधिकारीगण सीधे संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में उपस्थित होकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़ेंगे। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को संलग्न सूची के अनुसार अपने अधीनस्थ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों (एल1) की जनपद कार्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं।

### अल मदद ने लिया हादसे में मृतक की बेटियों की पढ़ाई का जिम्मा

**भिलाई।** समाजसेवी मुस्लिम महिलाओं के संगठन अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने सड़क हादसे के मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता दी और उनके बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा लिया। सोसाइटी के पदाधिकारी चंद्रा-मौर्या टॉकीज के पास सड़क हादसे में जान गंवाने वाले सेक्टर-2 निवासी सलीम खान के निवास पहुंचे। सोसाइटी की ओर से मृतक की पत्नी सलमा खातून को 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। सोसाइटी की प्रेसिडेंट अंजुम अली ने बताया कि मरहूम सलीम खान की तीन बेटियां हैं। सोसाइटी की ओर से तीनों बेटियों की स्कूली शिक्षा की जिम्मेदारी उठाई जाएगी। जब तक बच्चियाँ पढ़ाई करेंगी, उनकी शिक्षा का पूरा खर्च सोसाइटी द्वारा वहन किया जाएगा। इस दौरान कोषाध्यक्ष शाहीन खान, दरख्शां अंजुम व मिस्बाह हुसैन भी मौजूद थीं।

## यमुना एक्सप्रेस वे पर दबोचा गया करोड़ों की चोरी का मास्टरमाइंड

- पुलिस ने जनगणना अधिकारी, बकरा व्यापारी बनकर रेकी की
- 15 दिनों तक दिल्ली के कई इलाकों में चलाया गुप्त ऑपरेशन

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के कुख्यात नकबजन नासिर हुसैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकडऩे के लिए पुलिस ने दिल्ली के शाहीन बाग, मदनपुर खादर और नोएडा में 15 दिनों तक गुप्त ऑपरेशन चलाया। पुलिस टीम ने आरोपी तक पहुंचने के लिए जनगणना अधिकारी, स्थानीय बकरा विक्रेता बनकर इलाके में रेकी की। आखिरकार यमुना एक्सप्रेस-वे पर 300 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद पुलिस ने तेज रफ्तार कार में फरार हो रहे आरोपी को आगरा रोड पर घेराबंदी कर दबोच लिया।

आरोपी दुर्ग, भिलाई, नेहरू नगर, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, इंदौर और चंडीगढ़ में करोड़ों की चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है। आरोपी चोरी के जेवर बेचकर खरीदी गई किआ सेल्टोस कार से बिहार के दरभंगा भागने की फिराक में था। इस मामले में पुलिस पहले ही हाशिम खान, सलीम खान और बिलासपुर निवासी साहिल को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस अब गिरोह के अन्य नेटवर्क और चोरी के माल की खरीद-बिक्री से जुड़े लोगों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि घनी आबादी और संकरी गलियों वाले शाहीन बाग इलाके में आरोपी लगातार ठिकाने बदल रहा था। स्थानीय जानकारी न मिलने पर पुलिस ने गोपनीय रणनीति अपनाई। टीम ने कई दिनों तक बकरा विक्रेताओं के बीच रहकर इलाके की गतिविधियां समझीं और संदिग्ध ठिकानों की पहचान की। जनगणना अधिकारी बनकर घर-घर जानकारी जुटाई गई। इसी दौरान आरोपी की लोकेशन और मूवमेंट का सुराग मिला।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति बरामद की है। इसमें डायमंड ब्रेसलेट, सोने-चांदी के आभूषण, नगदी, महंगे कपड़े और किआ सेल्टोस कार शामिल है। बरामद सामग्री में करीब 7 लाख रुपए का डायमंड ब्रेसलेट, 1.22 लाख रुपए नकद और लाखों के आभूषण शामिल बताए गए हैं।

## नीट की तैयारी कर रहे छात्रों में आक्रोश केंद्रीय शिक्षा मंत्री दें इस्तीफा : देवेंद्र

**भिलाई/नवप्रदेश।** नीट एग्जामिनेशन में पेपर लीक, धांधली को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की है। देवेंद्र ने कहा कि उन्होंने आज नीट की तैयारी कराने वाले एक संस्थान में छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। छात्रों ने अपनी पीड़ा बताई है। एक छात्र ने उनसे कहा कि उसे पूरा आत्मविश्वास था कि वह नीट एग्जाम बहुत अच्छे से पास कर लेगा। लेकिन पेपर लीक के कारण रि-एग्जामिनेशन का पता चलने पर वह निराश हो गया। नीट की तैयारी का मोमेंटम टूट गया है। अब तैयारी करने में मन नहीं लग रहा है। पहले वो 15 से 18 घंटे पढ़ता था। लेकिन अब मन में निराशा भर गई है। एक छात्रा ने कहा कि पेपर लीक होने से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। उसी आत्मविश्वासन से फिर से तैयारी कर रही हैं। लेकिन, उन्हें डर इस बात का है कि क्या इस बार सब ठीक होगा। क्या अब फिर से दोराबा पेपर लीक तो नहीं होगा? छात्रों के मन में डर बैठ गया है कि पूरी मेहनत से परीक्षा देते है और उसके बाद उनकी सालों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। एक छात्र ने बताया कि उसके माता-पिता ने जमीन बेच कर उसके कोचिंग की फीस भरी थी। भिलाई जैसे शहर में पढने के लिए भेजा, ताकि उसका कॅरियर बने। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि पेपर लीक मामले में बड़े जिम्मेदारों को बचाया जा रहा है। सिर्फ एक-दो लोगों को पकड़ कर खानापूर्ति की जा रही है। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए और सभी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए।

## श्रमिक परेशान, समर्थन में उतरे वोरा: 24 प्रतिशत पीएफ कटौती, ओवरटाइम और वेतन कटौती

**दुर्ग/नवप्रदेश।** रसमड़ा स्थित टॉपवर्थ कंपनी में कार्यरत लगभग 300 से ज्यादा श्रमिक परिवार इन दिनों गंभीर आर्थिक और मानसिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उनके वेतन से 24 प्रतिशत पीएफ कटौती की जा रही है। लगातार ओवरटाइम कराया जा रहा है और भुगतान में कटौती की जा रही है। मांगों और समस्याओं को लेकर श्रमिक पिछले 11 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। श्रमिकों के समर्थन में दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा आज श्रमिकों की रैली में शामिल हुए और कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं। वोरा ने कहा कि दिन-रात मेहनत कर उद्योग को आगे बढ़ाने वाले श्रमिकों को अपने अधिकारों और वेतन के लिए सड़कों पर उतरने मजबूर होना पड़ रहा है। यह बेहद गंभीर विषय है। प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर तत्काल समाधान निकाले। वोरा ने बताया कि उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर जिला कलेक्टर से भी चर्चा की है।

## यूनिवर्सल रेल मिल ने 3,867 टन उत्पादन कर बनाया नया सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन कीर्तिमान

**भिलाई/नवप्रदेश।** सेल-बीएसपी के यूनिवर्सल रेल मिल ने रेल उत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए नया सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन कीर्तिमान स्थापित किया है। 260 मीटर लंबे रेल पैनल का निर्माण करने वाले यूनिवर्सल रेल मिल ने 22 मई को 462 ब्लूम्स के साथ कुल 3,867 टन रेल उत्पादन कर नया डे रिकॉर्ड बनाया। इस उपलब्धि के साथ मिल ने 12 मार्च 2025 को स्थापित 3,852 टन और 455 ब्लूम्स के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी (सेल-बीएसपी) चित्त रंजन महापात्र और कार्यपालक निदेशक (संकार्य) राकेश कुमार ने यूनिवर्सल रेल मिल की टीम को बधाई दी। उन्होंने कार्मिकों से वर्तमान वित्तीय वर्ष के निर्धारित लक्ष्यों को इसी समर्पण और कार्य भावना के साथ प्राप्त करने और भविष्य में भी नए कीर्तिमान स्थापित करने का आह्वान किया।

संपूर्ण मिल बिरादरी को बधाई देते हुए मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष बीआरएम एवं यूआरएम योगेश शास्त्री ने कहा कि यह सफलता यूनिवर्सल रेल मिल सामूहिक के सतत मॉनिटरिंग, बेहतर समन्वय व निरंतर परिश्रम का परिणाम है।

उन्होंने इस उपलब्धि में सहयोगी विभागों एसएमएस-2 और एसएमएस-3, ट्रैफिक, पीपीसी, आरसीएल, इंस्ट्रूमेंटेशन, ए एंड डी, सेंट्रल इलेक्ट्रिकल, सेंट्रल मैकेनिकल टीमों और तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी राइट्स के महत्वपूर्ण सहयोग की भी सराहना की।

## सिम्प्लेक्स कास्टिंग की डायरेक्टर संगीता शाह को हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

- जमीन सौदा केस में अगली सुनवाई तक कार्रवाई पर रोक

**भिलाई/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड की डायरेक्टर संगीता केतन शाह और उनके पति केतन मूलचंद शाह को अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने दोनों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक अंतरिम रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 15 जून से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। हाईकोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद दस्तावेजों और बैंक स्टेटमेंट को देखने के बाद माना कि शिकायतकर्ता के खाते में 10 लाख रुपए वापस भेजे जा चुके थे। कोर्ट ने कहा कि इस तथ्य का जिक्र शिकायत और सिविल मुकदमे में नहीं किया गया था। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 13 मार्च 2023 को संगीता शाह ने ग्राम कोहका की जमीन बेचने के लिए सुनील कुमार सोमन से 50 लाख रुपए में सौदा किया था। इसके एवज में 10 लाख रुपए एडवांस लिए गए थे। बाद में जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। उसी जमीन पर बाद में 4.50 करोड़ रुपए का लोन भी लिया गया। सुनील ने नवंबर 2025 में पुलिस में शिकायत की थी। दिसंबर 2025 में सिविल कोर्ट में केस दायर किया गया। मार्च 2026 में दुर्ग कोर्ट में परिवाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश के बाद 8 मई 2026 को पुलिस ने सुपेला थाने में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता की ओर से कोर्ट में कहा गया था कि आरोपियों ने विवादित जमीन को विवादमुक्त बताकर सौदा किया और बाद में रजिस्ट्री से इनकार कर दिया।

इधर, संगीता शाह और केतन शाह की ओर से कोर्ट में कहा गया कि शिकायतकर्ता को 10 लाख रुपए पहले ही वापस किये जा चुके थे। बचाव पक्ष ने बैंक स्टेटमेंट भी पेश किया। संगीता शाह की ओर से 10 अक्टूबर 2024 को रकम ट्रांसफर किये जाने की जानकारी दी गई।

## सुशासन शिविर में सोलर पैनल लगाने 12 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**दुर्ग/नवप्रदेश।** पुराना गंज मंडी प्रांगण में सुशासन तिहार शिविर के आयोजन के दौरान केंद्र और राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रचार-प्रसार किया गया।

अधिकारियों ने आम नागरिकों को सौर ऊर्जा अपनाने के फायदे और योजना से मिलने वाली सब्सिडी व लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता बढ़ाने के लिए पैम्पलेट भी वितरित किए गए। केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत पावर कंपनी द्वारा मई 2026 को सौर माह (1 मई से 31 मई 2026 तक) के रूप में मनाया जा रहा है। शिविर में स्थानीय उपभोक्ताओं ने उत्साह दिखाया और लगभग 35 उपभोक्ताओं ने योजना की बारीकियों को समझा व अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की इच्छा जताई। अधिकारियों की मौजूदगी में ऑन-स्पॉट कार्रवाई करते हुए 12 उपभोक्ताओं का वेंडर के माध्यम से योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। पावर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस सौर माह का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़कर उनके बिजली बिल को शून्य करना और पर्यावरण संरक्षण में उनका भागीदार बनना है।

**20 वार्डों के 763 लोगों ने दिया आवेदन:** कलेक्टर अभिजीत सिंह की पहल से मिला बैटरी चलित ट्राई साइकिल

## सड़क दुर्घटना में एक पैर गंवाने वाले मजदूर को सुशासन में मिला सहारा

**रिसाली/नवप्रदेश।** नगर निगम रिसाली के सुशासन शिविर में सड़क दुर्घटना में एक पैर गवां चुके पुरैना के दिनेश साहू को सहारा मिला। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बैटरी चलित ट्राई सायकल प्रदान किया। दिनेश साहू एक वर्ष से ट्राई सायकल लेने कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। सोमवार को 20 वार्डों के लिए लगाए शिविर में कुल 763 आवेदन मिले।

दिहाड़ी श्रमिक दिनेश हताश होकर पुरैना के शिविर में पहुंचा था। उसने दिव्यांगता का हवाला देते हुए अपनी पीड़ा क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर व कलेक्टर अभिजीत सिंह को बताई। दिनेश साहू का कहना था कि वह लगभग एक साल पहले सुबह-सुबह मजदूरी करने घर से निकला था। सिरसा गेट के पास उसे हाइवा ने चपेट में ले लिया। दुर्घटना के कारण उसका दाहिना पैर काटना पड़ा। जयपुर में निर्मित पैर लगाने के बाद उसने चलना शुरू किया। दस्तावेजों के अभाव की वजह से बैटरी चलित ट्राई सायकल नहीं मिल पा रही थी। कलेक्टर अभिजीत ने पीड़ित की गुहार सुनने के बाद उसे शीघ्र बैटरी चलित ट्राई सायकल दिलाने का आश्वासन दिया। सोमवार को शिविर में दिनेश को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ट्राई सायकल भेंट किया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य सनीर साहू, ममता यादव, जमुना ठाकुर, जहीर अब्बास, पार्षद शीला नारखेड़े, सविता ढवस, रमा साहू, धमेन्द्र भगत, मनीष यादव, माया यादव, डॉ. सीमा साहू, विलास राव बोरकर, विनय नेताम, परमेश्वर आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने समूह को सौंपा चेक

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सुशासन शिविर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष से एक लाख का ऋण ममतत्व स्व सहायता समूह को उपलब्ध कराया। विधायक, महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना के तहत ज्योति रावते, दीपा ठाकुर, कौशल्या कुर्रे की गोद भराई रस्म अदा की।

### आयुर्वेद प्राथमिक अस्पताल खोलने पहल

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि रिसाली क्षेत्र में आयुर्वेदिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने वे पहल करेंगे। दरअसल सुशासन शिविर में आयुर्वेद दवाईयां लेने नागरिकों की भीड़ अधिक रहती है। इसे देख कर और नागरिकों से चर्चा करने विधायक ने प्राथमिक केन्द्र खोले जाने का आश्वासन दिया।

## न्यूज गैलरी

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 39 वाहन चालकों पर कार्यवाही

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष

अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 24 मई को थाना परपोडी 16 चालान में 16 वाहन चालको, थाना बेरला 07 चालान में 07 वाहन चालको, थाना चंदनू 04 चालान में 04 वाहन चालको, चौकी मारो 02 चालान में 02 वाहन चालको, यातायात बेमेतरा 10 चालान में 10 वाहन चालको, कुल 39 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले जैसे तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, माल वाहक में सवारी बैठाना, तेज गति, घातक तरीके से वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना लायसेंस वाहन चालको के विरूद्ध 39 प्रकरण में 13,200/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

### हंसिया से हमला, मामला दर्ज

**महासमुंद/नवप्रदेश।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम अरेकेल डीपा में एक व्यक्ति पर हंसिया से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफविभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। बसना पुलिस के अनुसार ग्राम अरेकेल डीपा निवासी नियाज खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दुकानदारी का काम करता है। 22 मई की दोपहर करीब 1.30 बजे मोहल्ले का अलकाश हुसैन उसके घर के पास पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हंसिया से उसके सिर पर वार कर दिया।घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी बेबी मुस्कान के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। वहीं शोर सुनकर पहुंची उसकी भाभी को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया गया। मामले की शिकायत पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफबीएनएस की धारा 115(2), 296 एवं 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो महिलाएं घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** ग्राम परसट्ठी में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो महिलाएं घायल हो गईं। मामले में कोतवाली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनी निवासी सोहनलाल महतो ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 मई की सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी मां जंत्रीन बाई पाल एवं बड़े भाई मोहन की सास यशोदा बाई पाल को बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8149 से महासमुंद से ग्राम बम्हनी लेकर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम परसट्ठी के पास गलत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एल 0367 के चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जंत्रीन बाई पाल को दोनों पैर, बाएं कंधे, पसली एवं मुंह में चोटें आईं, जबकि यशोदा बाई पाल के दाएं पैर, कमर एवं बाईं पसली में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफबीएनएस की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक से 43 पौवा देशी शराब बरामद

**महासमुंद/नवप्रदेश।** सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 43 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की है। पुलिस के अनुसार पिटियाझर मंडी गेट के पास कार्रवाई के दौरान वार्ड क्रमांक 23 नया रावणभाठा निवासी डिगेश्वर यादव (28) को पकड़ा गया। आरोपी के पास से 43 पौवा देशी प्लेन शराब, जिसकी कीमत लगभग 3 हजार 440 रुपए बताई गई है, जब्त की गई। इसके अलावा शराब परिवहन में प्रयुक्त पुरानी बाइक बजाज एवेंजर क्रमांक सीजी 06 जीई 3646 को भी पुलिस ने जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### 40 लीटर महुआ शराब और 1700 किलो लाहन जब्त

**महासमुंद/नवप्रदेश।** आबकारी विभाग की टीम ने सरायपाली के ग्राम बालसी में छापामार कार्रवाई कर भारी मात्रा में महुआ शराब एवं लाहन जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार टीम ने ग्राम बालसी निवासी सुखचंद रात्रे के घर दबिश दी। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से लगभग 40 लीटर महुआ शराब तथा 34 प्लास्टिक बोरियों में करीब 1700 किलो महुआ लाहन बरामद किया गया। इसके अलावा ग्राम लाती में नेपाल भाई के खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं 15 मई 2026 को आयोजित सुशासन शिविर में प्राप्त शिकायत के आधार पर अंबेडकर वार्ड में करण सिंह, राम प्रसाद एवं ललिता रात्रे के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में संयुक्त टीम में आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, अनिल कुमार झरिया तथा आरक्षक देवेश मांझी, ऋतिकेश बाघ, सुरेंद्र गोलू, छविनाथ, नील एवं कमल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# आसमान से बरस रही आग, पेड़ों से टपक रहे चमगादड़, कुत्तों की लग रही दावत

**छुरा (नवप्रदेश)।** छुरा क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी की आग में झुलस रहा है। आसमान से बरसती तपिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है और हालत यह है कि लोग दोपहर में घरों से निकलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पा रहे। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है, बाजारों की रौनक गायब हो चुकी है और हर तरफ गर्म हवाओं का कहर महसूस किया जा रहा है।

इस भीषण गर्मी का असर अब इंसानों के साथ-साथ जीव-जंतुओं पर भी साफ दिखाई देने लगा है। नगर में चमगादड़ों की मौत का अजीब और डरावना मंजर देखने को मिल रहा है। पेड़ों पर लटके रहने वाले चमगादड़ गर्मी और लू की चपेट में आकर पके आम की तरह जमीन पर गिर रहे हैं। कई चमगादड़ प्यास बुझाने और ठंडी जगह तलाशने के दौरान बिजली तारों से टकरा रहे हैं, जिससे करंट लगने से उनकी मौत हो रही है। पेड़ों के नीचे कुत्ते घंटों बैठे चमगादड़ों के गिरने का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं, जिससे इलाके का दृश्य और भयावह बन गया है।

भीषण गर्मी के कारण लोग तपती सड़कों और दीवारों से निकलती गर्मी से परेशान हैं। सिरामिक फर्श से लेकर डामर की सड़कें तक तवे जैसी गर्म महसूस हो रही हैं। लोग सिर ढंककर और पानी की बोतल साथ लेकर ही बाहर निकल रहे हैं। दूसरी तरफ बिजली कटौती और बार-बार ट्रिपिंग ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कूलर और पंखे केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। घरों के भीतर भी लोगों को राहत नहीं मिल पा रही।

सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, रिक्शा चालकों, ठेला व्यवसायियों, डाक कर्मियों और भिखारियों को झेलनी पड़ रही है। तपती धूप में काम करना उनके लिए किसी सजा से कम नहीं है। अस्पतालों में भी गर्मी से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार हीटस्ट्रोक, चक्कर आना, डिहाइड्रेशन और कमजोरी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। भीषण गर्मी का असर खेती और बिजली व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। सब्जियों और फूलों की फसल झुलसने लगी है। खेतों में पानी की कमी और पीली पड़ती फसलें किसानों की चिंता बढ़ा रही हैं। वहीं बिजली की बढ़ती खपत से ट्रांसफार्मर ओवरहीट हो रहे हैं, जिसके कारण बिजली कटौती और ज्यादा बढ़ गई है। मौसम विभाग ने फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं जताई है। ऐसे में प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग के सामने चुनौती और बड़ी हो गई है।

### शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार मौन, इक्का-दुक्का कार्रवाई कर हो रही खानापूर्ति

# रेत के अवैध परिवहन की शिकायतें नदी के अस्तित्व पर मंडराया संकट

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** डोंगरगांव नगर के नजदीकी छुरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आतरगांव में इन दिनों रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्र में धड़ल्ले से रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। नदी से अनियंत्रित रूप से निकाली जा रही रेत के कारण पर्यावरणीय नुकसान की आशंका गहराने लगी है, वहीं शासन को मिलने वाले राजस्व पर भी असर पड़ने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभागों की निष्क्रियता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

ग्रामीणों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आतरगांव में कई दिनों से लगातार ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत निकाली जा रही है। बताया जा रहा है कि लगभग 6 ट्रैक्टरों से नियमित रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस पूरे मामले में गांव की एक स्थानीय समिति की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि कथित तौर पर प्रति ट्रिप राशि लेकर इस अवैध परिवहन को मौन सहमति दी जा रही है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीणों में इसे लेकर काफी आक्रोश व्याप्त है।

**ग्रामीणों का आरोप-गांव में लेनदेन कर बेच दी नदी**

ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए नदी को ही बेचने जैसी स्थिति पैदा कर दी है। लोगों का आरोप है कि गांव की प्राकृतिक संपदा का खुलेआम दोहन किया जा रहा है और जिम्मेदार लोग मूकदर्शक बने हुए हैं।

#### आवास के नाम पर निकाली जा रही रेत?

ग्रामीणों के बीच यह चर्चा भी जोरों पर है कि आवास निर्माण के नाम पर रेत निकाली जा रही है। लोगों का आरोप है कि जरूरत से अधिक मात्रा में रेत का उत्खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। इससे यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या आवास कार्य की आड़ में अवैध रेत कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### पंचायत ने नहीं दी अनुमतिः डामन साहू

मामले को लेकर सरपंच पति डामन लाल साहू ने बताया कि पंचायत की ओर से रेत उत्खनन या परिवहन के लिए किसी प्रकार की अनुमति नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि गांव समिति में बैठक कर रेत निकाले जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन पंचायत का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

**शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही ठोस कार्रवाईः** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अवैध रेत परिवहन की जानकारी समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों को दी जाती रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा केवल औपचारिक कार्रवाई कर मामले को दबाने की कोशिश की जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक शिकायत बढ़ने पर एक-दो जगहों पर छापामार कार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी जाती है।

### 130 किलो अवैध गांजा व पिकअप वाहन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** थाना देवभोग पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट नाका ग्राम खुटनांव के पास एमसीपी चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान आने-जाने वाले वाहनों पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान ओडिशा की ओर से एक संदिग्ध पिकअप वाहन क्रमांक क्क64 ष्टक्र 5613 आता दिखाई दिया, जिसे रोककर चालक से पूछताछ की गई। चालक ने अपना नाम राहुल पाण्डेय पिता ङ्क चन्द्र भूषण पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी ङ्क ग्राम पारो लौवडीह तह. मोहमदाबाद युशुपुर थाना भंवरकोल जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताया। संदेह होने पर गवाहों की उपस्थिति में वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन में रखे 06 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों में मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। कुल जप्त गांजा का वजन लगभग 130 किलो 160 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग ?65,08,000/- रुपए है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन कीमती लगभग

?5,50,000/- रुपए भी जप्त किया गया। कुल जप्ती मूल्य लगभग ?70,58,000/- रुपए है। पूछताछ में आरोपी उक्त गांजा को ओडिशा से उत्तरप्रदेश ले जाना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ मिलने पर मौके पर विधिवत कार्यवाही करते हुए गांजा को जप्त कर सीलबंद किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना देवभोग में धारा 20(ड्ढ)(द्बद्ब)(ष्ट) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी- राहुल पाण्डेय पिता चन्द्र भूषण पाण्डेय उम्र 33 वर्ष निवासी -ग्राम पारो लौवडीह तह. मोहमदाबाद युशुपुर थाना भंवरकोल जिला गाजीपुर उत्तर प्रदेश ।

## अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही, दो ट्रैक्टर जब्त

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** अवैध रेत परिवहन एवं उत्खनन पर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर रविवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा 2 रेत से भरे ट्रेक्टर को जब्त किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खनि निरीक्षक द्वारा रविवार को सरखोर तहसील लवन स्थित शिवनाथ नदी का जांच किया गया। जांच के दौरान 1 नग ट्रेक्टर ट्राली सहित एवं 1 नग ट्राली जिसका क्रमांक क्रमशः सीजी 22 जी 9371 तथा सीजी 22एबी 9957 के द्वारा खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते पाया

गया। दोनो वाहनों में खनिज रेत मय थे। उत्खननकर्ताओं के पास वैध खनिज अनुमति दस्तावेज,अभिवहन पारपत्र नही होने की दशा में खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम, 1957 की धारा-21 (4) सहपठित छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के नियम-71 एवं छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम, 2009 के नियम-4 (3) के तहत जब्त कर थाना लवन में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया।अवैध उत्खनन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं रेत के अवैध उत्खनन को बंद करने के दृष्टिगत वाहन के नदी पहुंच मार्ग को जेसीबी से काटकर अवरूद्ध किया गया।

## बीएसएनएल टॉवर के पास ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, टला बड़ा हादसा

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी नगर के वार्ड क्रमांक 7 में सोमवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बीएसएनएल टॉवर के समीप स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं और आसमान में काला धुआं फैल गया, जिसे दूर-दूर तक देखा गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया तथा बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर के समय अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिसके तुरंत बाद ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बंदर के ट्रांसफार्मर पर कूद जाने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़क उठी। हादसे में बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसकी लपटें बिजली तारों तक पहुंच गईं, जिससे कुछ समय के लिए आसपास के क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम फायर ब्रिगेड वाहन के साथ तत्काल मौके पर पहुंची। सबसे पहले सुरक्षा के मद्देनजर बिजली सप्लाई बंद करवाई गई, जिसके बाद फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि ट्रांसफार्मर के आसपास मकान, दुकानें तथा अन्य विद्युत उपकरण मौजूद थे।

## शुल्क लेकर दिया नल कनेक्शन, रातों-रात बिना बताए काटा

**पिथौरा/नवप्रदेश।** कंठ सूखा देने वाली भीषण गर्मी के बीच पिथौरा बस स्टैंड में आमजनों के लिए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा को लेकर हाहाकार मचा हुआ है और स्थानीय बस स्टैंड के व्यापारी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। इस परेशानी को सुलझाने के बजाय नगर पंचायत की कार्यप्रणाली ने इसे और बढ़ा दिया है। बस स्टैंड के फल व्यवसायी रितेश महांति के विधिवत आवेदन के आधार पर नगर पंचायत ने निर्धारित शुल्क लेकर नया नल कनेक्शन तो

प्रदाय कर दिया, लेकिन अगली ही सुबह बिना कोई कारण बताए उसे काट भी दिया। कनेक्शन प्रदाय करने के बाद उसे अचानक क्यों काटा गया, इसे लेकर आवेदक ने पूरी तरह अनभिज्ञता जताई है। प्रशासन के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये से बुनियादी सुविधा से वंचित व्यापारी की परेशानी अब चरम पर पहुंच गई है। ओर व्यपारी रितेश महंती ने इस मामले की शिकायत सुशासन तिहार मे अधिकारियो के समक्ष की है

#### आवेदन, शुल्क और सामग्री के बाद भी मिला धोखा

रितेश महंती ने बताया पानी की भीषण परेशानी से त्रस्त होकर नए नल कनेक्शन के लिए 08 मई 2026 को नगर पंचायत में विधिवत आवेदन किया था। इसके पश्चात 11 मई 2026 को नगर पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क 2100 रुपये भी जमा किए गए। मुख्य नगर पंचायत अधिकारी की सहमति के बाद 23 मई 2026 को कर्मचारियों के निर्देश पर आवश्यक सामग्रियां क्रय की गईं और देर रात उनके प्रतिष्ठान पर नया नल कनेक्शन लगा दिया गया। लेकिन हैरत की बात यह रही कि अगली ही सुबह (24 मई रविवार) को नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा ही बिना किसी पूर्व सूचना और बिना कोई कारण बताए उक्त नल कनेक्शन को विच्छेद कर दिया गया।

## आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई, 24 लीटर अवैध महुआ शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

**पिथौरा/नवप्रदेश।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने 24 मई 2026 को ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी छापामार कार्रवाई की है। महासमुंद जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के सख्त निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी अजय कुमार पांडे के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में दो अलग-अलग मामलों में कुल 24 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब और एक चालू भट्टी जब्त की गई है। मौके से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### सावत्रीपुर के जंगल में चल रही थी भट्टी

मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक (सांकरा प्रभारी) हृदय कुमार तिरपुड़े के नेतृत्व में पहली कार्रवाई सांकरा वृत्त के ग्राम सावत्रीपुर से लगे जंगल में की गई। यहां आरोपी ओमप्रकाश ओगरे (पिता साधुराम) के कब्जे से हाथ भट्टी महुआ शराब का निर्माण करते हुए एक चढ़ी हुई भट्टी और 15 बल्क लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। टीम ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क)(च), 34(2)

और 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**रंगमटिया में 9 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार** :दूसरी कार्रवाई ग्राम रंगमटिया में की गई। आबकारी उपनिरीक्षक बसना प्रभारी अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर आरोपी अमर सिंग बरिहा पिता भगतराम बरिहा के पास से 09 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) और 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

दोनों मामलों में नियमानुसार आरोपियों की गिरफ्तारी की विधिवत सूचना उनकी पत्नियों को दे दी गई है। इस पूरी संयुक्त छापामार कार्रवाई में सरायपाली के आबकारी उपनिरीक्षक मिर्जा जफर बेग सहित सांकरा और बसना का आबकारी स्टाफ सक्रिय रूप से मौजूद रहा।

### मनमानी : निर्माण कार्यों पर उठे सवाल, ठेकेदार की मनमानी से शासन को लगाया जा रहा चूना, मिलीभगत का आरोप

# डोंगरगांव नगर पंचायत में विधायक निधि के पैसा की बंदरबाट

**डोंगरगांव/नवप्रदेश।** नगर पंचायत डोंगरगांव के करियाटोला वार्ड स्थित माड़िया देव परिसर में प्रस्तावित बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में भारी अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार विधायक निधि से वर्ष 2023-24 में लगभग 5 लाख रुपये की लागत से 225 मीटर लंबा बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था। आरोप है कि कार्य स्थल पर केवल कुछ हिस्सों में प्लिंथ लेवल डालकर काम अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि पूरी राशि निकाल ली गई। दो साल बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

#### ठेकेदार पर लगे गंभीर आरोप

स्थानीय लोगों के मुताबिक इस निर्माण कार्य को ठेकेदार राहुल सिंह द्वारा कराया गया है। मामले को लेकर जब उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि शेष राशि का उपयोग दूसरी जगह कर दिया गया। इस बयान के बाद वार्डवासियों में और नाराजगी बढ़ गई है।

लोगों का कहना है कि जिस स्थान और कार्य के नाम पर राशि स्वीकृत हुई है, उसी स्थान पर पूरा निर्माण कार्य कराया जाना चाहिए। बिना अनुमति राशि को अन्य जगह उपयोग करना नियमों के विपरीत बताया जा रहा है।

#### अधिकारी और ठेकेदार की मिलीभगत के आरोप

वार्डवासियों ने आरोप लगाया है कि संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत से अधूरा कार्य होने के बावजूद भुगतान जारी किया गया। नागरिकों का कहना है कि यदि समय पर गुणवत्ता जांच और निगरानी होती तो यह स्थिति नहीं बनती।

> मामले की जांच करके बताता हूँ, इंजीनियर को बोल दिया गया है जानकारी लेकर बताने के लिए।
>
> **विनम्र जेमा,** सीएमओ, नपं, डोंगरगांव

#### जांच और कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही अधूरे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग भी उठाई गई है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

## मूलभूत समस्याओं ने जनता का पारा चढ़ाया, महापौर झूम रही मस्ती में

### नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले का फायर ब्रांड बयान

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** शहर में एक ओर जनता बिजली, पानी, सड़क और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन और महापौर मस्ती की पाठशाला में व्यस्त नजर आ रहे हैं। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने महापौर मधुसूदन यादव और निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता परेशान है लेकिन जिम्मेदारों को जनसमस्याओं की कोई चिंता नहीं है।

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने शहर की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर निगम प्रशासन और महापौर पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और आगामी बारिश को देखते हुए

प्रशासन को मूलभूत सुविधाओं की तैयारी में जुटना चाहिए था लेकिन नगर निगम के जिम्मेदार लोग जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर मनोरंजन और आयोजनों में व्यस्त हैं। श्री पिल्ले ने आरोप लगाया कि शहर में अब तक सड़क डामरीकरण का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। कई जगहों पर सड़कें अधूरी पड़ी हुई हैं जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों ने समय पर काम पूरा नहीं किया उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाना चाहिए। साथ ही अधूरे पड़े डामरीकरण कार्य को बारिश से पहले तत्काल पूरा कराने की मांग की। उन्होंने ने नंदई, सिंगई सहित शहर के विभिन्न इलाकों में नालों की सफाई व्यवस्था को भी पूरी तरह फेल बताया। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा की गई सफाई सिर्फथूक पॉलिश साबित हुई है। बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई नहीं होने से जलभराव और गंदगी की समस्या विकराल रूप ले सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर कई पेड़ काटकर नालों में छोड़ दिए गए हैं जिससे नालों की स्थिति और भी खराब हो गई है। श्री पिल्ले ने कहा कि एक तरफ शहर की मूलभूत व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं वहीं भाजपा नेता और निगम प्रशासन रविवार को मस्ती की पाठशाला में झूमते नजर आए। उन्होंने चौपाटी क्षेत्र की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि वहां शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है लक्ष्मण झूला टूटा पड़ा है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने हाईमास्ट लाइट व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और कहा कि चौपाटी क्षेत्र में हाईमास्क लाइट लगाए जाने के बावजूद शाम होते ही पूरा इलाका अंधेरे में डूब जाता है। श्री पिल्ले ने निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जनता सड़कों पर उतरने मजबूर होगी।

## देवेन्द्र नगर एक्सप्रेस-वे पर खोले गए रास्ते का विरोध, तत्काल बंद करने की मांग

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने देवेन्द्र नगर में एक्सप्रेस-वे के मुख्य मार्ग पर रास्ता खोले जाने का खुला विरोध करते हुए इसे तत्काल बंद करने की मांग की है।

ठाकुर ने कहा कि राज्य शासन ने 30 अक्टूबर 2017 को ही उपरोक्त सड़क को छत्तीसगढ़ राज्य राजमार्ग अधिनियम के तहत एक्सप्रेस हाईवे घोषित कर दिया था बाद में छत्तीसगढ़ रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2021 में पुनः स्पष्ट कर दिया कि इस सड़क पर निर्धारित स्थानों अर्थात इंटरचेंज से प्रवेश और निकास के

अतिरिक्त अन्य किसी स्थान से प्रवेश और निकास की अनुमति नहीं दी जाएगी। लेकिन सिटी मॉल के सामने मुख्य मार्ग में आकस्मिक रूप से रास्ता बना दिए जाने से दुर्घटनाओं की संभावना काफी बढ़ गई है। उन्होंने इसे जनहित के खिलाफ प्रशासनिक निर्णय बताते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ लोगों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ सकता है।

### कपड़ा मार्केट की आवश्यक सड़क अब भी अधूरी

ठाकुर ने कहा कि कपड़ा मार्केट की एक महत्वपूर्ण सड़क, जो देवेंद्र नगर मुख्य मार्ग से सिंधी कॉलेज होते हुए पंडरी के मुख्य मार्ग तक जाती है, उसे मास्टर प्लान के अनुसार जोड़ा जाना था। इस सड़क के बन जाने से कपड़ा मार्केट की मुख्य सड़क पर यातायात का दबाव काफी कम हो जाता। व्यापारी संगठन भी लंबे समय से इसकी मांग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में महापौर एवं कलेक्टर ने सड़क को शीघ्र खोलने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आज दिनांक तक इस दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ। स्थिति यह है कि अब उस मार्ग पर कब्जाधारी बैठ चुके हैं, जिससे सड़क को जोड़ने का कार्य और कठिन होता जा रहा है।

### प्रशासन से अनुमति प्रक्रिया सार्वजनिक करने की मांग

ठाकुर ने सवाल उठाते हुए कहा कि जिस सड़क की आवश्यकता जनता एवं कपड़ा मार्केट के व्यवसायियों को थी, उसे छोड़कर एक्सप्रेस-वे के मुख्य मार्ग पर निकासी का रास्ता क्यों बनाया गया है, यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि एक्सप्रेस-वे में प्रवेश एवं निकास केवल निर्धारित इंटरचेंज पर ही विभाग की अनुमति से किया जा सकता है। इंटरचेंज के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर प्रवेश अथवा निकास दिए जाने का प्रावधान नहीं है।

ठाकुर ने कहा कि देवेन्द्र नगर स्थित सिटी मॉल के सामने ऐसी कोई परिस्थिति दिखाई नहीं देती, जिसके कारण नियमों को दरकिनार करते हुए मुख्य मार्ग पर आकस्मिक निकासी मार्ग खोला जाए। यदि किसी विशेष परिस्थिति में ऐसी अनुमति दी गई है, तो प्रशासन स्पष्ट करे कि क्या इसके लिए छत्तीसगढ़ रोड एवं इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के संचालक मंडल की अनुमति प्राप्त की गई है। साथ ही संबंधित आदेश, अनुमति एवं प्रक्रिया को सार्वजनिक किया जाए, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।

## झीरम घाटी के शहीदों की 13वीं बरसी पर डीकेएस अस्पताल में विशाल भंडारा

**रायपुर/नवप्रदेश।** झीरम घाटी शहादत दिवस की 13वीं बरसी पर 'प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ' द्वारा छ्ग्यस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, रायपुर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों मरीजों व परिजनों को भोजन कराकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

**शहीदों की शहादत को सलाम - मोहम्मद सिद्दीक:** कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा झीरम घाटी की घटना नक्सलियों की कायरता का परिचय है। घटना में शहीद हुए नेताओं व कार्यकर्ताओं की शहादत को सलाम है। हम सभी शहीदों के पदचिन्हों पर चलकर देश, प्रदेश व जनता के हित में कार्य करेंगे वहीं शहीदों की कुर्बानी से बस्तर में शांति तो लौटी, पर हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता अब भी बेनकाब होना बाकी हैं।

प्रदेश कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि जनता इस राजनीतिक हत्याकांड के मास्टरमाइंड का सच जानना चाहती है। जब तक पूरी साजिश सामने नहीं आती, शहीदों को पूर्ण न्याय नहीं मिलेगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस महासचिव कन्हैया अग्रवाल, असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष करण जी राज ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण सेन ,शहर जिला कांग्रेस महासचिव जावेद नकवी ,महासचिव शाहिद अशरफी , प्रकोष्ठ सचिव राजेश त्रिवेदी, मुकुंद कागदेलवार, शरद गुप्ता, शकर काका, अजय दास सत्री, तहसीन खान,मनीष दास,शिव पासवान,मोहम्मद इरफान, प्रदुम्न शर्मा,देवेंद्र पवार मुनेश गौतम ,हितेश देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल हुए।

## बेमेतरा के साजा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, किसान से 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ाया पटवारी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** बेमेतरा के साजा तहसील में पटवारी द्वारा किसान से जमीन बंटवारे के नाम पर 15 हजार रुपये घूस लेते पटवारी को रंगे हाथ दबोचा है। पटवारी ने किसान से जमीन बटवारें के नाम पर 25 हजार रुपए की डिमांड किया गया। किसान ने 25 हजार रुपए देने में असमर्थ जाहिर करने पर 15 हजार रुपये की मांग किया गया। जिसकी शिकायत किसान ने एन्टी करप्शन ब्यूरो से किया।

एसीबी की टीम ने बोर्ड हल्का व केवतरा हल्का पटवारी ओमकार सोनवानी को 15 हजार रुपये लेते रंगे हाथ पकड़ लिया।

एसीबी की टीम ने किसान की शिकायत की जांच व सत्यता के बाद पटवारी को ररंगे हाथ पकड़ने एसीबी ने जाल बिछाया। किसान ने केमिकल युक्त 15हजार रुपये पटवारी को दिया। और जैसे ही पटवारी ने राशि हासिल की एसीबी की टीम ने मौके पर ही दबोच लिया।इस जांच के बाद हाथ धुलवाने पर हाथ गुलाबी हो गया।जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हुई इस बीच आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सुशासन तिहार को मिल रहा अच्छा प्रतिसात

## रेवाडीह में 190 आवेदन प्राप्त

- महापौर ने समस्या सुन निराकरण का दिलाया भरोसा
- नशा मुक्ति के लिए दिलाई शपथ, गोद भराई की रस्म पूरी कर संपत्तिकर भुगतान करने वाले करदाता किया सम्मान

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जनता की समस्या का समाधान करने तथा उन्हे शासन की योजनाओं का लाभ देने प्रदेश में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत निकाय क्षेत्र में जन समस्या निवारण के लिए वार्डो में आयोजित शिविर का अच्छा प्रतिसात मिल रहा है, वार्डवासी अपने मांगे व शिकायत संबंधी आवेदन लेकर उत्साह से पहुॅच रहे है। आज रेवाडीह मैदान में वार्ड नं. 21 के लिए शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बडी संख्या में वार्डवासी पहुॅच मांग एवं शिकायत संबंधी 190 आवेदन जमा किए। जिसमें मांग के 165 तथा शिकायत के 25 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनो का अतिशीघ्र निराकरण किया जाएगा।

रेवाडीह मैदान मे आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में महापौर श्री मधुसूदन यादव शामिल होकर वार्डवासियो की समस्या सुनी। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनो का यथासंभव समय सीमा में निराकरण किया जायेगा। शिविर में इतनी गर्मी में विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी जनता से संवाद करते है और उनकी समस्या से अवगत होते है। जिसके लिए मै उनका आभार व्यक्त करता हूॅं। उन्होंने कहा कि आज के शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित होकर अपनी मांगो व शिकायतो के संबंध में आवेदन दे रहे है। वार्ड में पेयजल के लिए इंटर कनेक्शन तथा बोर में पंप ठीक करने, टंकी लगाने संबंधी मांग आई है, इसी प्रकार भवन एवं रोड नाली निर्माण की भी बाते आई है। उन्होंने कहा कि बोर एवं टंकी संबंधी कार्य जल्द पूर्ण किया जाएगा तथा निर्माण संबंधी कार्य प्राथमिकता तय कर समाधान करने का प्रयास किया जायेगा।

महापौर श्री यादव ने स्टालो का निरीक्षण कर वार्डवासियो से रूबरू हुए। उन्होंने राजगामी संपदा न्यास की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू सहित वार्ड पार्षद व खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की प्रभारी सदस्या श्रीमती बीना ध्रुव, वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा तथा पूर्व पार्षद श्री मुकेश ध्रुव की उपस्थिति में नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से गर्भवती महिलाओ की गोदभराई करा नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराये तथा अपने बकाया करो का भुगतान करने वाले वार्ड के करदाता को सम्मानित किया। शिविर में स्वास्थ्य एंव आयुष विभाग द्वारा वार्डवासियो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

दिनांक 28 मई गुरूवार को वार्ड नं. 30,31,32,33,34,35 व 36 के लिए लखोली स्कूल मैदान में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा।

## सीएम हेल्पलाइन 1076 से जनता की आवाज पहुंचेगी सीधे शासन तक

**राजनांदगांव /नवप्रदेश।** प्रदेश सरकार द्वारा जनशिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के उद्देश्य से शुरू की जा रही 'सीएम हेल्पलाइन 1076' को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। वहीं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम में कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शासन की योजनाओं एवं सेवाओं के क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण फीडबैक सिस्टम साबित होगी। उन्होंने कहा कि अब जनता की शिकायतें सीधे शासन तक पहुंचेंगी और उनके समयबद्ध निराकरण के लिए जवाबदेह व्यवस्था तैयार की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता, तत्परता और सक्रियता के साथ शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सीएम जनदर्शन, जनदर्शन, पीजी पोर्टल, पीजीएन एवं जनसमस्या निवारण शिविर जैसी व्यवस्थाओं को एकीकृत स्वरूप देकर सीएम हेल्पलाइन को विकसित किया जा रहा है।

## सोने -चांदी की आभूषण व नगदी समेत लाखों की चोरी, पुलिस पतासाजी में जुटी

- मंदिर में चोरी निंदनीय अक्षम्य अपराध, ग्रामीणों ने भारी आक्रोश

**कुरूद/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बसे ग्राम मरौद के शीतला माता मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल कर माता की मुकुट और अन्य पहने हुए सोने चांदी की आभूषण एवं नगदी समेत लाखों की चोरी कर चंपत हो गया। चोरी करने के बाद खंडित माता की मूर्ति को पीछे रख दिया गया था। चोरी की सूचना जैसे ही गांव में पता चला लोगों की भीड़ मंदिर के पास जुट गई। वहीं पुलिस अधिकारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर मुआयन किया। डॉग स्क्वाड एवं एफएसएल टीम को भी बुलाया गया था। जो पतासाजी में जुट गई है।

घटना स्थल एवं पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम मरौद में तालाब पार पर स्थित शीतला माता मंदिर में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात करीब 1 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने धावा बोल मंदिर का ताला तोड़कर माता की आभूषण चांदी की मुकुट, चार नग सोने की लॉकेट, चांदी की गुलबंद, चांदी की कड़ा, नाक, कान की झुमका, चांदी की छत,पैर पट्टी और दान पेटी में रखे नगदी समेत करीब तीन से चार लाख के सामनों की चोरी कर नौ दो ग्यारह हो गया। चोरी के बाद चोरों ने माता की खंडित मूर्ति को मंदिर के पीछे रख कर भाग गए हैं। जिसकी जानकारी तब हुई जब रोज की तरह गांव के गणमान्य नागरिक जोहत राम सिन्हा तालाब में नहाकर पूजा करने मंदिर पहुंचा। तो उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है। फिर उन्होंने पुजारी नंदकुमार ध्रुव को को बताया। इस चोरी की खबर पूरे गांव में फैल गया। जिससे लोगों की भीड़ मंदिर के पास जुट गई। इधर कोटवार और ग्रामीणों ने कुरूद थाना को सूचित किया। जिस पर एडिशनल एसपी, शैलेन्द्र पांडेय, एसडीओपी रागनी मिश्रा, टीआई अवध राम साहू, बिरेझर चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह समेत एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वाड मौके पर पहुंचे। जिन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया। साथ ही गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रहे हैं। इधर पुलिस ने पुजारी नंदकुमार ध्रुव की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 305,298 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में कुरूद एसडीओपी रागनी मिश्रा ने बताया कि मरौद के शीतला माता मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने माता की सोने चांदी के आभूषणों को चोरी कर भाग गया है। चोरी गए सोने चांदी पुराने है। जिसकी कीमत 50 हजार से 1 लाख रुपए आंकी जा रही है। एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वाड की मदद ली गई। साथ ही पुलिस टीम चोरों को पकड़ने जुट गई है। जो जल्द पकड़ा जाएगा।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)**
दूरभाष -(0771) 2331431 फैक्स- (0771) 4055885 ईमेल: sel.raipur@gov.in

**निविदा संशोधन सूचना**

ज्ञाप क्र. 3611 /40-29/सा.26 रायपुर, दिनांक- 23/5/2026

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा SYSTEM TENDER NO: 191243 NIT No. 21 दिनांक 18.05.2026 **S.R. Work on Various M.D.R. & Village Road, Under Sub Division No.- 4 (Arang) Raipur (C.G.)** में दर्शित NIT No. 21 को NIT No. 58 पढ़ा जावें ।
जी.नं. - 262700846,

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
जी-262700991/4 मंडल क्रमांक 1, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)**
Phone- 07744-299703 Mail-eeraj-phe-cg@nic.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना //**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा क्रमांक 15 दिनांक 17.04.2026 (जी क्रमांक 262700283) एवं निविदा क्रमांक 17 दिनांक 29.04.2026 (जी क्रमांक 262700472) को एकल निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड,
जी-262700974/3 राजनांदगांव (छ.ग.)

**श्रीमान समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय,**
**रायपुर छ.ग.**

**शपथ - पत्र**

मैं शपथकर्ती श्रीमती राम बाई ध्रुवें पति श्री सेतराम ध्रुवें निवासी राजातालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. की रहने वाली हूं, जो कि नीचे लिखे अनुसार हलफिया ब्यान आपके समक्ष प्रस्तुत करती हूँ कि -
01. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
02. यह कि मेरे नाम की सम्पत्ति वाके मौजा ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर रायपुर में स्थित भूमि आवासीय एवं मिश्रित भूमि जिसका खसरा नंबर 239/30 का मूल बैनामा पंजीयन रजिस्ट्री भूमि की मालिक व स्वामी हूं।
03. यह फि मेरी उक्त सम्पत्ति का मूल बैनामा पंजीयन रजिस्ट्री पेपर दिनांक 17-04-2026 को कबीर नगर से आटो से उतरते समय मूल रजिस्ट्री पेपर गुम हो गया है। जिसे मैने काफी खोजी लेकिन प्राप्त नहीं हुई है।
04. यह कि मेरी उक्त सम्पत्ति का मूल बैनामा पंजीयन रजिस्ट्री पेपर किसी भी व्यक्ति को दस्तावेज प्राप्त होने पर मेरे मोबाईल नंबर 6268466955 पर मुझे सूचित करने हेतु मेरे द्वारा आम सूचना प्रकाशन हेतु प्रपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

सत्यापन
मैं शपथकर्ती आज सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र में उल्लेखित सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान तथा विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है आज मुकाम रायपुर छ.ग. में अपना हस्तार कर सत्यापित की हूं।

**शपथकर्ती**
**राम बाई ध्रुवें**

## भीषण गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलेभर के अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिला अस्पताल राजनांदगांव के सभी वार्डों में मरीजों की सुविधा के लिए एसी एवं कूलर लगाए गए हैं। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में पर्याप्त संख्या में पंखे तथा शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी भर्ती मरीजों और ओपीडी में आने वाले लोगों के लिए पंखे एवं कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आवश्यकता पड़ने पर जीवनदीप समिति के माध्यम से अतिरिक्त पंखे और कूलर उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके।

सीएमएचओ डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है। नागरिकों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य संबंधी अलर्ट जारी किए गए हैं। सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक से बचाव संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई है ताकि लोग सावधानी बरत सकें।

उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के मामलों की निगरानी के लिए आईएचआईपी पोर्टल के माध्यम से जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों से दैनिक रिपोर्टिंग भी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से दोपहर के समय अनावश्यक बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने एवं गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की है।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,**
**संभाग-रायपुर (छ.ग.)**
**ऑनलाईन प्रथमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक- 450**

क्रमांक 2346 / निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/2026 रायपुर, दिनांक 21/05/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 06/06/2026 तक आमंत्रित की जाती है -

| स. क्र. | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191514 | TPSIRD, निमोरा के व्ही.आई.पी. गेस्ट हाउस नंबर 01 में पुट्टी, आंतरिक एवं बाहरी पेंट तथा वाटर प्रुफिंग कार्य। | 65.525 | 49200 | 3000 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 22/05/2026 से देखी जा सकती है।
**टीप**- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 09/06/2026 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां. सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है। **जी- 262700972/4**

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
**"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018**
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/वि.स.क्षे. मस्तुरी/32-1/2025-26/1321 रायपुर, दिनांक 25/05/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर जिला बिलासपुर अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -
**ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि** - 11.06.2026
**फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि** - 18.06.2026

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर क्षेत्रांतर्गत वि.ख. मस्तुरी के ग्राम पंचायत ध्रुवाकारी, भिलाई, केवतरा, खाड़ा, में सी.सी. रोड़ एवं ग्राम पंचायत चिस्दा, लिमतरा, सरगवां में सामुदायिक भवन तथा ग्राम पचांयत ईटवा, खाड़ा, किसान परसदा, शिवटीकारी, कौडीया, धनगवां (02 स्थान) हरदाडीह, सुलौनी, गोपालपुर, भटचौरा, लिमतरा, पाराघाट, मटिया, बहतरा (02 स्थान) पेण्ड्री, रलिया, भदौरा, हिर्री, मानिकचौरी, जैतपुरी, भुरकुण्डा, लोहर्सी, गोडाडीह (02 स्थान) बेलटुकरी में सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। **(द्वितीय आमंत्रण)** | **222.95** | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 एवं भवन कार्य दिनांक 01.01.2015, विद्युत कार्य दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

**सही/-**
**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर**
**जिला बिलासपुर**

**संवाद- 47920/2**

**सही/-**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति जयरामनगर**
**जिला बिलासपुर**

## न्यूज गैलरी

### सांकरा नाके पर साढ़े 7 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**नगरी/नवप्रदेश।** पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में जिलेभर में अवैध मादक पदार्थों, शराब, जुआ एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध सघन एवं निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क पर लगातार प्रभावी प्रहार किया जा रहा है। 24. मई को थाना सिहावा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेण्डर में अवैध रूप से गांजा भरकर देवभोग-मेचका मार्ग से सांकरा होते हुए राजस्थान ले जाने वाला है। सूचना पर थाना सिहावा पुलिस द्वारा फॉरेस्ट नाका सांकरा में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोंटू शर्मा (40 वर्ष) निवासी मुंशीराम कॉलोनी, मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम दिल्ली होना बताया। आरोपी के कब्जे से साढ़े सात किलो गांजा जब्त किया गया।

### बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में दंतैल हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में एक दंतैल हाथी के हमले की घटना में एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की गई। मृतक के परिजनों को वन विभाग द्वारा तात्कालिक सहायता राशि 25 हजार रुपए प्रदान की गई है तथा शासन के नियमानुसार आगे की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान की जाएगी। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 मई की रात्रि लगभग 9 बजे ग्राम दोंद निवासी जहरु राम नेताम 55 वर्ष की दंतैल हाथी के हमले की हमले में मृत्यु हो गई। दंतैल हाथी पिछले कुछ दिनों से मुरुमडीह क्षेत्र के आसपास लगातार विचरण कर रहा था तथा खेत खलिहानों की ओर उसकी आवाजाही देखी जा रही थी। रविवार को हाथी ग्राम दोंद क्षेत्र की ओर पहुंचा, जिसके बाद वन विभाग की टीम, हाथी मित्र दल एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सतर्कता एवं समन्वय के साथ प्रयास करते हुए हाथी को आबादी वाले क्षेत्र से ट्रैक किया गया जिसके पश्चात् वह जंगल की ओर चला गया।

### नवागढ़ पुलिस टीम की गौवंश तस्करी पर कार्यवाही, तीन तस्कर गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रार्थी रमेश यादव उम्र 35 साल निवासी वार्ड क्रं. 04 नवागढ, थाना नवागढ जिला बेमेतरा सहित अन्य गौवंश सेवकों ने थाना नवागढ में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23.05.2026 के रात्रि

करीबन 11.00 बजे जरिये मोबाईल से सूचना मिला कि ग्राम मजगांव-छिरहा की ओर से एक ट्रक वाहन क्रमांक छ्ग25स0947 में मवेशियों को बिना चारा पानी के क्रुरता पूर्वक भरकर कत्लखाना ले जाने के लिए नवागढ़ की ओर आने वाले है की सूचना पर अपने गौ रक्षक समिति के सदस्य के साथ ग्राम प्रतापपुर मेन चौक के पास जाकर ट्रक सहित 08 नग मवेशियों को पकड़े है। परिवहन कर रहे लोगों का नाम पता पुछने पर अपना नाम 01. सुरेन्द्र निषाद उम्र 35 साल, 02. सुखीराम जायसवाल उम्र 32 साल, 03. कपिल जायसवाल उम्र 38 साल ग्राम मजगांव थाना दाढ़ी के रहने वाला बताये। उक्त क्षतिग्रस्त वाहन क्रमांक सीजी 25 एल 0947 में 08 नग मवेशियों को भरकर कत्लखाना ले जाने के लिये ठुस-ठुस कर बिना चारा पानी के क्रूरता पूर्वक भरकर परिवहन करते ले जा रहे थे जो पशुओं को ले जाने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं दिखाये जिस पर कार्यवाही करने कि रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफअपराध सदर धारा 4,6,10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं धारा 11 छ.ग. पशु क्रू0 निवारण अधि0 1990 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कत्लखाना ले जाए जा रहे 5 गौवंशीय मुक्त, पुलिस ने तीन तस्करों को दबोचा

**छुरिया/नवप्रदेश।** थाना बागनदी पुलिस ने मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुचड़खाना ले जाए जा रहे 05 गौवंशीय मवेशियों को मुक्त कराया है। पुलिस ने इस मामले में 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड पिकअप वाहन समेत कुल 7.25 लाख का मशरूका जप्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरीनंदन नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में बागनदी पुलिस द्वारा मवेशी तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर सूचना पर कोठीटोला कैम्प के सामने बैरिकेडिंग कर छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र की ओर जा रहे अशोक लीलैंड पिकअप वाहन क्रमांक स्ग 37 छ्ग 3903 को घेराबंदी कर रोका गया।

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस ने पाया कि 04 बैल एवं 01 गाय सहित कुल 05 गौवंशीय मवेशियों के पैर और गले को बेरहमीपूर्वक बांधकर बिना किसी वैध अनुमति पत्र के महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार मवेशियों को कथित रूप से बुचड़खाना ले जाने की आशंका के आधार पर कार्रवाई की गई।पुलिस ने मौके से 05 नग गौवंशीय मवेशी कीमती लगभग 25 हजार एवं परिवहन में प्रयुक्त अशोक लीलैंड पिकअप वाहन कीमती लगभग 7 लाख सहित कुल 7.25 लाख का मशरूका जप्त किया। गिरफ्तार आरोपियों में अक्षय अशोक तुरकर (24 वर्ष) पिता अशोक तुरकर निवासी मरामजोब, पोस्ट पाण्ढरवानी, थाना साल्हेकसा, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र), फिरतु कंवर (55 वर्ष) पिता लखन कंवर निवासी मांगीखुंटा, थाना बोरतलाव एवं पुरुषोत्तम नाईक (45 वर्ष) पिता गोपाल नाईक निवासी मरामजोब, पोस्ट पाण्ढरवानी, थाना साल्हेकसा, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) शामिल हैं।आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की भी पतासाजी जारी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, प्रधान आरक्षक संतोष मिश्रा, पूरन पटेल, भीपेन्द्र ठाकुर, आरक्षक भूपेन्द्र तुमरेकी, टाकेश्वर पटेल एवं विद्याधर मांझी की सराहनीय भूमिका रही।

मनरेगा में बेमेतरा की बड़ी उपलब्धि: 7.44 लाख मानव दिवस सृजन के साथ राज्य के शीर्ष 5 जिलों में शामिल

# 70 हजार लोगों को मिला रोजगार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत बेमेतरा जिले में ग्रामीण परिवारों को मांग अनुसार रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण एवं स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण को प्राथमिकता देते हुए जिले में व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक जिले के लगभग 70 हजार परिवारों द्वारा रोजगार की मांग की गई, जिसके अनुरूप सभी पात्र परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसके परिणामस्वरूप जिले में लगभग 7.44 लाख मानव दिवस का सृजन हुआ है। मानव दिवस सृजन के मामले में बेमेतरा जिला पूरे प्रदेश के शीर्ष 5 जिलों में शामिल होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि जिले में रोजगार मांग और रोजगार उपलब्धता के बीच संतुलित एवं प्रभावी कार्यप्रणाली विकसित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों को समय पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सतत मॉनिटरिंग एवं योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराया जा रहा है।

**प्रतिदिन 55 हजार श्रमिकों को मिल रहा रोजगार:** दैनिक श्रमिक संलग्नता के स्तर पर भी बेमेतरा जिला बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। वर्तमान में जिले में लगभग 55 हजार श्रमिकों को कार्य देने की क्षमता के अनुरूप ई-मस्टर जारी कर नियमित रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर श्रम आधारित कार्यों का संचालन निरंतर जारी है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

#### जल संरक्षण एवं स्थायी परिसंपत्तियों पर विशेष जोर

मनरेगा अंतर्गत जिले में जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत हाफ नदी पुनर्जीवन, रिचार्ज पिट निर्माण, खेत तालाब निर्माण, सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण सहित विभिन्न स्थायी प्रकृति के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा। जिला प्रशासन का मानना है कि ऐसे स्थायी कार्य भविष्य में कृषि उत्पादन बढ़ाने, जल संकट कम करने और ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

#### अधिक से अधिक मांग पंजीयन कराने की अपील

जिला प्रशासन ने जिले के सभी ग्रामीण परिवारों से अपील की है कि मनरेगा अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में अपने ग्राम पंचायतों में मांग पंजीयन कराएं और उपलब्ध कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएं। प्रशासन ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में पर्याप्त मात्रा में श्रममूलक कार्य स्वीकृत एवं संचालित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सके और ग्रामीण विकास को नई गति मिल सके।

#### तकनीकी समस्याओं के बावजूद बेहतर प्रदर्शन

वित्तीय वर्ष की शुरुआत में नरेगा एमआईएस पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण अप्रैल माह में कार्य निष्पादन प्रभावित हुआ था।

हालांकि तकनीकी सुधार के बाद स्थिति सामान्य हुई और वर्तमान में मांग अनुसार सभी श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। अप्रैल माह में लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस सृजन में जिले की उपलब्धि 56 प्रतिशत रही, जो राज्य की औसत उपलब्धि 42 प्रतिशत से काफी अधिक है। यह दर्शाता है कि चुनौतियों के बावजूद बेमेतरा जिला मनरेगा कार्यों के संचालन में प्रभावी प्रदर्शन कर रहा है।

## केरेगांव-गट्टासिली अंधा मोड़ पर हादसा, एक की मौत, 1 घायल

■ **अनियंत्रित फायर ब्रिगेड वाहन खड़ी क्रूजर के ऊपर चढ़ी, फलेंद्र साहू की मौत, राजू साहू घायल**

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी-धमतरी मुख्य मार्ग पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में नगर पंचायत नगरी की फायर ब्रिगेड वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी क्रूजर वाहन से जा टकराई। हादसा केरेगांव-गट्टासिली के खतरनाक मोड़ के पास शाम लगभग 5 बजे हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फायर ब्रिगेड वाहन क्रूजर के अगले हिस्से पर चढ़ गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में फायर ब्रिगेड चालक फलेंद्र साहू निवासी डमकाडीसी की मौत हो गई, जबकि राजू साहू गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगर पंचायत नगरी की फायर ब्रिगेड वाहन नियमित कार्य से नगरी से धमतरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान गट्टासिली मोड़ के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और तेज रफ्तार वाहन सड़क किनारे खड़ी क्रूजर से जा भिड़ा। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को वाहन से बाहर निकाला गया और प्राथमिक उपचार के बाद धमतरी अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान चालक फलेंद्र साहू ने दम तोड़ दिया, जबकि राजू साहू का उपचार जारी है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और खतरनाक मोड़ पर वाहन अनियंत्रित होना दुर्घटना का प्रमुख कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गट्टासिली मोड़ लंबे समय से दुर्घटना संभावित क्षेत्र बना हुआ है। यहां पूर्व में भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मोड़ पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर, सुरक्षा रेलिंग एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था लगाने की मांग की है।

## भीषण गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं से धैर्य रखने की विभाग ने की अपील

**भाटापारा/नवप्रदेश।** पूरे प्रदेश में भीषण तपती गर्मी के साथ शहर का तापमान 44 सेंटीग्रेड के पार जा चुका है और रात में भी गर्म हवाओं के साथ लगभग तापमान 30 सेन्ट्रीग्रेड के आसपास हैं। जिसके चलते इस असहनीय माहौल में हर कोई अपने घरों में एसी और कूलर के सहारे राहत ढूंढ रहा है।

वही बिजली की मांग भी इतिहास के पन्ने में शायद दर्ज होकर सारे रिकॉर्ड तोड़कर 7,000 मेगावाट के पार जा चुकी है।?लेकिन इस संकट के बीच भी विद्युत विभाग अपना कार्य ईमानदारी से करते हुए आम उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नियमित रूप से देने में सफल हो रहा है।लेकिन उसके बावजूद भी इस तपती गर्मी के चलते मशीन ट्रांसफार्मर भी थक से गए है क्योंकि उसकी भी एक समय सीमा है । ?जिस तरह हाड़-मांस के बने हम इंसानों की सहने की एक निश्चित क्षमता होती है, ठीक वैसे ही लोहे और तारों से बनी इन मशीनों की भी एक सीमा होती है। 44 डिग्री की झुलसाती धूप में ये ट्रांसफॉर्मर और केबल बिना रुके, लगातार सुलग रहे हैं। जब क्षमता से अधिक लोड पड़ता है, तो ये मशीनें भी 'हांफने' लगती हैं और आखिरकार दम तोड़ देती हैं। यह समस्या किसी एक मोहल्ले या शहर की नहीं है, बल्कि इस रिकॉर्ड-तोड़ गर्मी में पूरे देश की है। जब हम अपने घरों में कुछ मिनट के लिए बिजली चले जाने पर छटपटा उठते हैं।

#### बिजली विभाग को अपनापन आज की जरूरत

बिजली गुल होने पर हमारा गुस्सा आना स्वाभाविक है, लेकिन उस गुस्से को उन बिजली कर्मियों पर निकालना जो खुद इस व्यवस्था को सुधारने में दिन-रात एक किए हुए हैं, कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। वे जादूगर नहीं हैं, वे भी इस व्यवस्था और प्रकृति की मार से जूझ रहे आम इंसान हैं। ऐसे में जब कभी बिजली जाए, तो सब्र का दामन थामें। विभाग के कर्मचारियों से विवाद करने के बजाय, उनके प्रति थोड़ी सहानुभूति और आदर रखें। इस अप्रत्याशित संकट के समय में पैनिक (घबराहट) न फैलाएं।

> पूरा प्रदेश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है और हर कोई ठंडकता चाहता है ऐसे में अपने क्षेत्र के लोगो से अपील है कि चोरी छिपे या बिना लोड बढ़वाए भारी उपकरण न चलाएं, क्योंकि आपका एक गलत कदम पूरे मोहल्ले को अंधेरे में धकेल सकता है। वक्त कठिन है, मौसम बेदर्द है, लेकिन हमारा आपसी तालमेल और धैर्य इस जंग को आसान बना सकता है। बिजली कर्मियों के हौसले को बनाए रख उनका सहयोग करे।
>
> **वी के राठिया**
> कार्यपालन अभियंता,भाटापारा

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर सख्ती

**जनपद पंचायत साजा में विशेष सुनवाई, अधूरे आवासों को जल्द पूरा करने हितग्राहियों को अंतिम चेतावनी**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत साजा में विशेष सुनवाई (पेशी) आयोजित की गई। यह सुनवाई जिला प्रशासन बेमेतरा के निर्देशानुसार तथा जनपद पंचायत साजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोमनाथ साहू के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सभाकक्ष में संपन्न हुई। सुनवाई विशेष रूप से उन हितग्राहियों के लिए आयोजित की गई थी, जिन्हें योजना के तहत दूसरी किश्त की राशि प्राप्त हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद उनके आवास निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए हितग्राहियों को तलब कर निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की।

जानकारी के अनुसार, इस विशेष सुनवाई के लिए कुल 312 हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया था। निर्धारित समय पर 120 हितग्राही उपस्थित होकर अपनी स्थिति से अवगत कराया। वहीं अनुपस्थित हितग्राहियों को आगामी दिनों में पुनः बुलाया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सुनवाई के दौरान जनपद पंचायत साजा के विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक (आवास), संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक हितग्राही के आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारणों की समीक्षा की गई।

## पुलिस का अवैध शराब कारोबार पर शिकंजा

**तीन अलग-अलग कार्रवाई में 43 लीटर महुआ शराब जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जिले में अवैध शराब बनाने, बिक्री और परिवहन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स तथा विभिन्न थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन अलग-अलग मामलों में 43 लीटर महुआ शराब जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एक सायकल भी जब्त की है, जिसका उपयोग शराब परिवहन में किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, ओडिशा में निर्मित ÷हिरण छाप÷ महुआ शराब को छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने की साजिश को भी कार्रवाई के दौरान नाकाम किया गया। जब्त शराब की कुल कीमत 8600 रुपये बताई गई है।

चौकी भंवरपुर थाना बसना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सलखंड रोड किनारे रेड कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से रनकोट निवासी गणेश भोई (24 वर्ष) और चंदर सिंह भोई (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से बिक्री के लिए रखी गई 30 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 6000 रुपये आंकी गई है।

दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

कोमाखान पुलिस ने हिरण छाप शराब और सायकल जब्त की कोमाखान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सिवनीकला बांस प्लांट रोड किनारे एक व्यक्ति ओडिशा निर्मित ÷हिरण छाप÷ महुआ शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चिंगरिया निवासी परमानंद पटेल (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50 पाउच महुआ शराब, कुल 10 लीटर कीमत 2000 रुपये तथा परिवहन में प्रयुक्त एक सायकल कीमत लगभग 500 रुपये जब्त की। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई।

**सरायपाली में 3 लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार :** थाना सरायपाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पतेरापाली में कार्रवाई करते हुए वार्ड नंबर 11 बाजारपारा सरायपाली निवासी चंद्र कुमार सारथी (44 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

## झीरम घाटी के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**देवभोग विश्राम गृह में श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग द्वारा आज स्थानीय विश्राम गृह में झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उनके बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति और लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। इस नृशंस हमले में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेताओं सहित

सुरक्षाबलों के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। आज भी उनके संघर्ष, त्याग और जनता के प्रति समर्पण की भावना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है।श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर शहीदों के सपनों को पूरा करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

सभा में नेताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों की याद हमेशा प्रदेशवासियों के दिलों में जीवित रहेगी। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां भी सम्मान के साथ याद करेंगी। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भावुक रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ÷शहीद अमर रहें÷ के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुपेंद्र मांझी,महेश्वर बघेल, सोदर कश्यप,अनामो बघेल अध्यक्ष किसान कांग्रेस कुंजल राम यादव उमेश डोंगरे प्रदेश सचिव युंका निराकार डोंगरे विधानसभा उपाध्यक्ष तरूण नागेश प्रदेश प्रवक्ता भोले मांझी युवा कांग्रेस नरेन्द्र नागेश भीखराम बीसी के साथ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष...

### डीएपी में कटौती, नैनो खाद पर...

हैं। अंतरराष्ट्रीय हालात, खाड़ी क्षेत्र में तनाव और रासायनिक खाद की संभावित कमी को देखते हुए शासन ने यूरिया और डीएपी वितरण में कटौती करते हुए वैकल्पिक उर्वरकों पर जोर बढ़ाया है। नई व्यवस्था के तहत अब किसानों को पहले जितनी मात्रा में पारंपरिक यूरिया और डीएपी नहीं मिलेगा। सरकार नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, जैव उर्वरक, हरी खाद और नील-हरित काई जैसे विकल्पों को बढ़ावा दे रही है। हालांकि शासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों पर नैनो खाद लेने का दबाव नहीं होगा, लेकिन समितियों में उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर किसानों के मन में कई सवाल खड़े हो गए हैं।

क्या है सरकार की नई व्यवस्था?

राज्य सरकार ने खरीफ 2025 में किसानों को वितरित उर्वरक की मात्रा को आधार बनाकर 2026 का कोटा तय किया है।

यूरिया वितरण नियम

पिछले वर्ष मिले यूरिया की केवल 80% मात्रा पारंपरिक यूरिया के रूप में मिलेगी।

शेष 20% मात्रा उपलब्धता के अनुसार दी जाएगी।

यदि स्टॉक नहीं हुआ तो उसकी जगह नैनो यूरिया दिया जाएगा।

डीएपी वितरण नियम

-पिछले साल की तुलना में केवल 60% डीएपी मिलेगा।

-बाकी 40% के बदले एनपीके या नैनो डीएपी दिया जाएगा।

### अमेरिका-ईरान 30 दिनों...

ट्रैक्टर में घुसी बाइक, 4 मजदूरों...

नेशनल हाईवे-130 (अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग) पर हुई। जजगा के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 2 ग्रामीणों को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक उछलकर सड़क पर गिर गए और कई मीटर तक घिसटते चले गए। मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। दोनों ग्रामीण मेहमानी में जजगा आए थे और रात करीब 10 बजे वापस लौट रहे थे, तभी हादसा हुआ।

### इबोला वायरस को लेकर प्रदेश...

स्वास्थ्य जांच और पूरी व्यवस्था की निगरानी करेगा।

कांगो और युगांडा में बढ़े मामले

बता दें कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और युगांडा में इबोला संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद दुनियाभर में सतर्कता बढ़ाई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही इसे अंतरराष्ट्रीय चिंता का स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका है। इसी को देखते हुए भारत में भी एहतियात बढ़ा दिए गए हैं।

### सीबीआई जांच मांग, सीजेआई...

यह भी तर्क दिया कि अदालत में होने वाली बातचीत का व्यावसायिक रूप से दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस दलील पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ऐसी कोई गंभीर आवश्यकता नहीं है। हम देखेंगे।

कॉकरोच जनता पार्टी इस महीने की शुरुआत में एक व्यंग्यात्मक ऑनलाइन आंदोलन के रूप में उभरी, जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल की। इस आंदोलन की शुरुआत 15 मई को उच्चतम न्यायालय में हुई कार्यवाही से हुई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने बेरोजगार युवा वकीलों के वकालत छोड़कर सोशल मीडिया और आरटीआई सक्रियता की ओर रुख करने पर चिंता व्यक्त की थी।

### पूर्व मंत्री मो. अकबर को सुप्रीम...

न्यायालय ने भी मामले में दायर रिकॉल आवेदन को खारिज कर दिया है। इस फैसले के बाद वर्ष 2013 में कवर्धा विधानसभा की जनता द्वारा दिए गए जनादेश पर न्यायिक स्तर पर भी अंतिम मुहर लग गई है। राजनीतिक रूप से लंबे समय तक चर्चाओं में रहे इस मामले में अदालतों ने उपलब्ध साक्ष्यों और कानूनी तथ्यों के आधार पर आरोपों को स्वीकार नहीं किया।

### बेमेतरा में 15 हजार की...

नरोत्तम साहू द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमें उसने बताया कि उसके जमीन के बटांकन/खाता विभाजन कर ऋण पुस्तिका बनाने के एवज में पटवारी ओमकार सोनवानी द्वारा 25,000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था।

# किसानों को नहीं होगी परेशानी, मुख्यमंत्री के निर्देश पर खेती-किसानी के लिए मिलेगा पर्याप्त डीजल

**■ ट्रैक्टरों से जुताई और सिंचाई पंपों के लिए किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल उपलब्ध कराने के निर्देश**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए किसानों के हित में बड़ा निर्णय लिया है। राज्य में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खेतों की जुताई के लिए ट्रैक्टरों तथा सिंचाई पंपों हेतु किसानों को आवश्यकता अनुसार डीजल की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि खेती-किसानी के कार्य प्रभावित न हों।

मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और खरीफ सीजन की तैयारी में किसी भी प्रकार की बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने

**ड्रम और जरीकेन में डीजल वितरण पर प्रतिबंध में किसानों को दी गई छूट**

खाद्य विभाग, जिला प्रशासन तथा ऑयल कंपनियों को निर्देशित किया है कि किसानों को डीजल समय पर और बिना किसी कठिनाई के उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा है कि आगामी खरीफ सीजन में खेती के लिए किसानों को डीजल सुगमता से प्राप्त हो, इसका ध्यान सभी ऑयल कंपनी और जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से रखा जाये।

उल्लेखनीय है कि खाद्य विभाग द्वारा 22 मई 2026 को जारी निर्देशानुसार पेट्रोल एवं डीजल के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से प्रदेश के 2516 पेट्रोल-डीजल पंपों से ड्रम एवं जरीकेन में ईंधन प्रदाय पर प्रतिबंध लगाया गया है।हालांकि किसानों की जरूरतों और खरीफ सीजन की तैयारियों को देखते हुए इस व्यवस्था में आवश्यक छूट प्रदान की गई है, ताकि खेतों की जुताई, बोवाई और सिंचाई कार्य बाधित न हों।

खाद्य सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता पर्याप्त है। वर्तमान में प्रदेश में 4 करोड़ 03 लाख लीटर पेट्रोल तथा 5 करोड़ 55 लाख लीटर डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। वहीं, 24 मई 2026 को राज्य को 23 लाख 33 हजार लीटर पेट्रोल तथा 62 लाख 40 हजार लीटर डीजल प्राप्त हुआ है। राज्य में आवश्यकतानुसार पेट्रोल एवं डीजल की नियमित आपूर्ति जारी है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों विशेषकर किसानों को आश्वस्त किया है कि राज्य सरकार खरीफ सीजन के दौरान खेती-किसानी की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को खेतों की जुताई, बोवाई और सिंचाई के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों को आवश्यक समन्वय और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

### पहले चरण में 32 नगरीय निकायों का चयन, शहरी अधोसंरचना और जन सुविधाओं को मिलेगी नई गति

# मुख्यमंत्री की पहल: नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के समग्र विकास के लिए शुरू होगी 'आदर्श शहर समृद्धि योजना'

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के समग्र एवं संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। बड़े शहरों के साथ-साथ उभरते नगरों और कस्बों को भी आधुनिक शहरी सुविधाओं से सुसज्जित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'आदर्श शहर समृद्धि योजना' प्रारंभ की जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज से स्मार्ट सुविधाओं तक होगा समग्र विकास**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सोच के अनुरूप आदर्श शहर समृद्धि योजना केवल आधारभूत निर्माण तक सीमित नहीं होगी, बल्कि नागरिक जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में समग्र विकास मॉडल के रूप में कार्य करेगी। योजना के अंतर्गत सड़क, ड्रेनेज, जलापूर्ति, परिवहन, पार्क, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक सेवाएं, रोजगार, व्यापार, उद्यमिता प्रोत्साहन, ई-गवर्नेंस, स्मार्ट ट्रैफिक, सुरक्षा प्रणाली, हरित क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, सुझाव, शिकायत निवारण तथा रिपोर्टिंग प्रणाली जैसे कार्य प्रमुखता से किए जाएंगे।

'**हमारी सुशासन** सरकार बड़े शहरों के साथ-साथ उभरते नगरों और कस्बों के संतुलित एवं समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। आदर्श शहर समृद्धि योजना के माध्यम से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना, जन सुविधाओं और रोजगार के नए अवसरों को सुनियोजित ढंग से विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार छोटे शहरों को भी बड़े शहरों की तरह सर्वसुविधायुक्त और आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा यह योजना प्रदेश के शहरी विकास को नई गति और नई दिशा देने का काम करेगी

– **विष्णुदेव साय,** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

'**आदर्श शहर** समृद्धि योजना राज्य के छोटे और मध्यम शहरों के व्यवस्थित विकास की महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के माध्यम से सड़क, जलापूर्ति, ड्रेनेज, स्मार्ट सुविधाओं, हरित क्षेत्र और नागरिक सेवाओं को मजबूत किया जाएगा। कार्यों के चयन के लिए संभाग स्तरीय समितियों का गठन कर प्रक्रिया को पारदर्शी और परिणाममुखी बनाया गया है तथा सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर नगर में नागरिकों को बेहतर अधोसंरचना और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

– **अरुण साव,** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप यह योजना पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगमों के लिए प्रारंभ हुई मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना की तर्ज पर नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में अधोसंरचना को मजबूत करने, जन सुविधाओं का विस्तार करने तथा विकास कार्यों को गति देने का माध्यम बनेगी। योजना के जरिए छोटे और मध्यम शहरों में भी सुव्यवस्थित शहरी विकास की नई आधारशिला रखी जाएगी।

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आज योजना के प्रथम चरण के लिए प्रदेशभर के 32 नगरीय निकायों का चयन कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत कार्यों के चयन, स्थल निरीक्षण और प्राथमिकता निर्धारण के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के क्षेत्रीय (संभागीय) कार्यालयों के संयुक्त संचालकों की अध्यक्षता में संभाग स्तरीय समितियों का गठन भी किया गया है। समितियों को आगामी 15 दिनों के भीतर कार्यों का चिन्हांकन, स्थल निरीक्षण कर प्राथमिकता के क्रम में सूची तैयार करते हुए अनुमानित राशि की जानकारी शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देशानुसार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और समन्वय के लिए पांचों राजस्व संभागों में कार्यों के चयन एवं मॉनिटरिंग हेतु संचालनालय के यांत्रिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, ताकि कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सके।

**पहले चरण में प्रदेश के 32 नगरीय निकायों को मिला अवसर:** आदर्श शहर समृद्धि योजना के पहले चरण में प्रदेश के 32 नगरीय निकायों को शामिल किया गया है। इनमें बस्तर, सरगुजा और रायपुर संभाग के छह-छह, बिलासपुर संभाग के नौ तथा दुर्ग संभाग के पांच निकाय शामिल हैं। बस्तर संभाग के अंतर्गत सुकमा नगर पालिका के साथ भोपालपटनम, गीदम, केशकाल, पखांजूर और नरहरपुर नगर पंचायत को शामिल किया गया है।

## पद्मश्री सम्मान से अलंकृत गोडबोले दंपति की निस्वार्थ सेवा छत्तीसगढ़ का गौरवः साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बस्तर के सुदूर जनजातीय अंचलों में दशकों से निःस्वार्थ चिकित्सा सेवा और मानवता की मिसाल प्रस्तुत करने वाले डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं श्रीमती सुनीता गोडबोले को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे समूचे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जी द्वारा गोडबोले दंपति को यह सम्मान प्रदान किया जाना जनसेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के मूल्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गोडबोले दंपति ने वनवासी कल्याण आश्रम से जुड़कर अपना संपूर्ण जीवन जनजातीय समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। बस्तर के बारसूर जैसे दूरस्थ एवं दुर्गम वनांचल में रहकर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित लोगों तक निःशुल्क उपचार, स्वास्थ्य जागरूकता और जनविश्वास का प्रकाश पहुँचाया। कुपोषण मुक्ति, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और ग्रामीण-जनजातीय समाज में स्वास्थ्य के प्रति चेतना विकसित करने में उनका योगदान अत्यंत अनुकरणीय और प्रेरणादायी रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने जिस प्रतिबद्धता के साथ समाज के सबसे दूरस्थ और जरूरतमंद लोगों के बीच कार्य किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर डॉ. रामचंद्र गोडबोले एवं श्रीमती सुनीता गोडबोले को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सेवा भावना समाज में करुणा, दायित्वबोध और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा को और मजबूत करेगी।

## घुमका नगर पंचायत चुनाव बना सियासी प्रतिष्ठा का रण

**■ भाजपा सरकार के ढाई साल पर जनता की मुहर या नाराजगी? कांग्रेस को अपने पुराने जनाधार पर भरोसा**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के घुमका नगर पंचायत चुनाव ने स्थानीय राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है। यह चुनाव अब केवल नगर पंचायत के प्रतिनिधियों के चयन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे प्रदेश की भाजपा सरकार के ढाई साल के कार्यकाल की अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज है कि घुमका का जनादेश आने वाले समय की राजनीति की दिशा और जनता के मूड का संकेत देगा। दरअसल, खैरागढ़ क्षेत्र बीते कुछ वर्षों से लगातार राजनीतिक बदलाव का केंद्र रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा चुनाव के दौरान खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के गठन की घोषणा कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी थी। इसी फैसले के बाद क्षेत्र में कांग्रेस के प्रति विश्वास का माहौल मजबूत हुआ और इसका असर खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव में भी देखने को मिला।

उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा नीलांबर वर्मा ने बड़ी जीत दर्ज कर राजनीतिक समीकरण बदल दिए थे। वहीं भाजपा के मजबूत चेहरे और पूर्व मुख्यमंत्री ऋड्ढद्बड्ढठ्ठ स्ब्ढठ्ठद्दद्ध के भांजे विक्रांत सिंह को हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव परिणाम ने साफ संकेत दिया था कि क्षेत्र की जनता स्थानीय मुद्दों और विकास को प्राथमिकता दे रही है।

## डिप्टी सीएम ने भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण का किया निरीक्षण

**कवर्धा/नवप्रदेश।** स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव क्षेत्र में चल रहे 146 करोड़ रुपए के भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण कार्य को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज भोरमदेव स्थित सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक ली। बैठक में रायपुर से पहुंचे पर्यटन विभाग के एम डी श्री विवेक आचार्य भी मौजूद रहे। बैठक के पहले उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, निर्माण एजेंसीज के इंजिनियर्स और ठेकेदारों के साथ

पूरे प्रोजेक्ट एरिया का भ्रमण कर चल रहे कार्यों का विस्तार से मुआयना किया। जिसके पश्चात उन्होंने बैठक लेकर परियोजना के हर हिस्से पर चल रहे काम और आगे की कार्ययोजना की बारी-बारी समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंदिर परिसर, प्रवेश द्वार, संग्रहालय, पर्यटक सुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्यों के प्रोजेक्ट प्लान के अनुसार बेस वर्क, परिसर की लैंडस्केपिंग व वृक्षारोपण, सरोवर के सौंदर्यीकरण जैसे बिंदुओं पर मैराथन समीक्षा हुई।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह परियोजना आने वाले कई सालों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की जा रही है, इसलिए हर कार्य मजबूत, टिकाऊ और मानक अनुसार होना चाहिए। उन्होंने सख्त और स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर**
email ID-eocghbzone1@gmail.com

**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन / भूखण्ड क्र. जनता 635 श्री हरिशचन्द्र वर्मा पिता/पति श्री बिरजु राम वर्मा को आबंटित / नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी / नामांतरी द्वारा दिनांक 27/08/2002 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी / नामांतरी की मृत्यु दिनांक 15/10/2023 को हो जाने के कारण श्री उमेश कुमार वर्मा पिता स्व. श्री हरिशचन्द्र वर्मा द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों 1. श्रीमती सरस्वती वर्मा पति स्व. स्वश्री हरिशचन्द वर्मा, 2. मानेश्वर वर्मा, 3. श्वेता वर्मा दोनों के पिता स्व. हरिशचन्द्र वर्मा) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड श्री उमेश कुमार वर्मा पिता स्व. श्री हरिशचन्द्र वर्मा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, रायपुर**



**नाम-परिवर्तन**

मैं उर्वशी (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्री सियाराम, निवासी ग्राम भेलवाकुदा, तहसील भखारा, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ ने अपना नाम उर्वशी पिता सियाराम (पुराना नाम) से बदल कर अनुसुईया बाई पति मन्नू (नया नाम) रख लिया है।

**शपथकर्ता**
**उर्वशी सुपुत्री सियाराम**
**निवासी-ग्राम-भेलवाकुदा, तहसील भखारा, जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़**



**नाम-परिवर्तन**

मैं रामेश्वरी साहू (Rameshwari Sahu) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पति सुनील कुमार साहू (Sunil Kumar Sahu) निवासी- सिकोला बस्ती, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम रामेश्वरी बाई (Rameshwari Sahu) (पुराना नाम) से बदल कर सोनू साहू (Sonu Sahu) (नया नाम) रख लिया है।

**शपथकर्ता**
**रामेश्वरी साहू**
**पति सुनील कुमार साहू**
**निवासी- सिकोला बस्ती, दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग ( छ.ग. )**



**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्‌घोषणा**

रा.प्र.क्र/202604104300036 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26
ग्राम खपरी प.ह.न. 21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक प्रवीण कुमार सिंह पिता स्व. नवरतन सिंह, निवासी मैत्रीकुंज रिसाली, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम-खपरी, प.ह.नं. 21 तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 157/5 रकबा 0.060 हे. कुसुम सिह एवं खसरा नंबर 157/3 रकबा 0.070 हे. प्रवीण कुमार सिंह के नाम पर वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में त्रुटिवश दर्ज हो गया है। जिससे खसरा नं. 157/5 रकबा 0.070 हे. प्रवीण कुमार सिंह एवं खसरा नंबर 157/3 रकबा 0.060 हे. कुसुम सिंह के नाम पर सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ बी-1, पंजीकृत विक्रय पत्र, आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 29.05.2026 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 15.5.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.कं./अ-6/ वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक जगन्नाथ सिंह राजपूत आ. मोहन सिंह राजपूत निवासी शांतिनगर सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 7953 रकबा 0.030 हे. है। जो भूमिस्वामी कांतिबाई ध.प. मोहन सिंह के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी कांतिबाई ध.प. मोहन सिंह की मृत्यु दिनांक 21.12.2013 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.06.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**भिलाईनगर (छ.ग.)**



**न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.ई.पंजी./202605082200022/अ-6/ वर्ष 2025-26

आवेदक **अंकित कुमार जैन पिता स्व. प्रमोद कुमार जैन** साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्र.-17 भू-खण्ड क्र. **196/2/4** क्षेत्रफल **88.50** व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में प्रमोद पिता अमरचंद जैन के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखण्ड के मूल धारक में प्रमोद पिता अमरचंद जैन की मृत्यु दिनांक **09.06.2021** को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 5/6/26 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 21/5/26 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 21/5/2026
पेशी दिनांक 5/6/2026

**नजूल अधिकारी,**
**कबीरधाम**



**कार्यालय नगर पंचायत नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

क्र./236/न.पं./राजस्व/2026-27
नगरी, दिनांक 19/05/2026

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमति रमा बाई पति भोलाराम यादव जाति भाट निवासी वार्ड क्र. 04 नगर पंचायत नगरी, तह. नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.) का निवासी है। उनके द्वारा नगर पंचायत नगरी क्षेत्रांतर्गत महात्मा गाँधी वार्ड क्र. 04 नगरी प.ह.नं. 23 आबादी भूमि खसरा नंबर 50/1 रकबा 1705 वर्गफीट पर सुशीला बाई पति शेषमल के नाम मकान मलमा स्थित है। उनका नाम निकाय के कर संग्रहण पंजी वार्ड क्र. 04 की मांग संख्या 11 में दर्ज है। आवेदिका अपनी माता स्व. सुशीला बाई एवं पिता स्व. शेषमल भाट के निधन उपरांत मृत्यु प्रमाण-पत्र, सहमतिनामा एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर निकाय के कर संग्रहण पंजी से उनका नान विलोपित कर अपना नाम दर्ज करने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के बाबत् यदि उक्त काबिज मलमा पर किसी भी व्यक्ति / संस्था का हितबद्ध हो, तो संबंधित पक्षकार अपना दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 19/06/2026 तक कार्यालय नगर पंचायत नगरी के राजस्व शाखा में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनाँक 19/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मोहर से जारी किया गया।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत नगरी**


**निधन**

**भास्कर प्रसाद पाण्डेय**

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजीव नगर रायपुर निवासी भास्कर प्रसाद पाण्डेय 79 वर्ष का आकस्मिक निधन 23 मई को हो गया था, जिनका अंतिम संस्कार 24 मई रविवार को किया गया । वे अविनाश पांडेय के पिता थे


**कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / 277/न.पा.प./ लो.नि.वि./ ई-टेण्डर/2026-27 कवर्धा, दिनांक 21.05.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय (रू.लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | System Tender No. 191457 Additional Development work in Garden at ward No. 10 kawardha (1st call) | 37.26 | 11-06-2026 |
| 2 | System Tender No. 191456 Beautyfication work Infront of Aatmanand School at ward No. 09 kawardha (1st call) | 18.14 | 11-06-2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी,**
**नगरपालिका परिषद कवर्धा**



**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्‌घोषणा**

मा.क्र.202512100700042 /अ-74/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गिरजा बाई उर्फ.डॉ. भावना अग्रवाल पति डॉ. शिवशंकर अग्रवाल निवासी 12 रिक्रेशन रोड, चौबे कॉलोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध अनावेदक मेसर्स के.बी.एस. डेव्हलपर्स (पार्टनर बृजमोहन खण्डेलवाल), निवास-15 शॉपिंग सेन्टर, पुराना बस स्टैण्ड, प्रशासनिक भवन दुर्ग, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा अनावेदक मौजा पुलगांव प.ह.नं. 20, रा. नि.मं. कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 198/4 रकबा 1.00 हे./2.50 एकड़ सीमा उत्तर में विक्रेता की बचत जमीन दक्षिण में खसरा नं. 198/9, पश्चिम में दुर्ग- बालोद मुख्य सड़क को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21/12/2004 द्वारा कश्मीरा पेटिगिरा द्वारा अटार्नी निर्मला अग्रवाल से क्रय किया गया है। उपरोक्त विक्रय पत्र में अनावेदक द्वारा क्रयशुदा भूमि का पटवारी नकशा संलग्न है। अनावेदक द्वारा ग्राम पुलगांव स्थित भूमि खसरा नं. 198/4 का टुकड़ा क्षेत्रफल 0.699 हे. सीमा उत्तर में अतुल, सुरेश की जमीन, दक्षिण में क्रेता पक्ष में बिक्री की गई जमीन, पूर्व में खसरा नं. 198/9, पश्चिम में दुर्ग बालोद मुख्य सड़क को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 02/12/2004 द्वारा कश्मीरा पेटिगिरा पति निरंजन पेटिगिरा द्वारा अटार्नी निर्मला अग्रवाल से क्रय किया गया है। यह कि अनावेदक द्वारा गाम पुलगांव, प.ह.न. 18, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 198/4 का टुकड़ा क्षेत्रफल 1.00 हे./2.50 एकड़ सीमा उत्तर में विक्रेता की बचत जमीन दक्षिण में क्रेता के पक्ष में बिक्री की गई जमीन, पूर्व में खसरा नंबर 198/9, पश्चिम में दुर्ग-बालोद मुख्य सड़क, को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.12.2004 द्वारा श्रीमती कश्मीरा पेटिगिरा पति निरंजन पेटिगिरा द्वारा अटार्नी श्रीमती निर्मला अग्रवाल से क्रय किया गया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदनानुसार कंडिका 2 से 09 एवं 11 में उल्लेखित विक्रय पत्र के आधार पर खसरा नं. 198/9 के नक्शा में जो त्रुटिपूर्ण बटांक किया गया है उसे सुधार करते हुए विक्रय पत्र दिनांक 27/03/2008 के पेज नं. 3 में उल्लेखित विक्रय शुदा भूमि के रकबा एवं सीमा के आधार पर बंटाक किये जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 22.06.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकतें है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा। आज दिनांक 18.05.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर
**तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**उद्‌घोषणा**

रा.प्र.क्र/202605101200001 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र कुमार चंद्राकर आ. मोहनलाल चंद्राकर निवासी 564 नहर पारा कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 33/18 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि कृष्ण कुमार चंद्राकर आ. माखनलाल वगै. के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के द्वारा दानपत्र के आधार पर नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2026 को यह उद्‌घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**दुर्ग (छ.ग.)**



**नाम-परिवर्तन**

मैं महादेव निषाद (MAHADEV NISHAD) पिता श्री कुंभकरण निषाद (KUMBHKARAN NISHAD) उम्र 19 वर्ष पता ग्राम दनिया, पो. बोरी, तह. बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूं कि :- यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। यह कि, मेरे भारत सरकार द्वारा जारी आधार नंबर 6258 8873 3208 में मेरा नाम भोला (महादेव) निषाद (BHOLA (MAHADEV) NISHAD) दर्ज है, जबकि मेरा सत्य वास्तविक एवं सही नाम महादेव निषाद (MAHADEV NISHAD) है जो कि रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) सांख्यिकी विभाग दनिया द्वारा जारी जन्म प्रमाण बुक संख्या 6754 अनुक्रमांक 045 पंजीयन क्रं. 177 दिनांक 23/05/2017 व छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं की अंकसूची व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बोरी के खाता नंबर 77055967290 एवं खाद्य विभाग द्वारा जारी बी.पी.एल. राशनकार्ड क्रं. 223780526102 व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक (VVZ2382620) में स्पष्ट दर्ज है। यह कि, भोला (महादेव) निषाद (BHOLA (MAHADEV) NISHAD) व महादेव निषाद (MAHADEV NISHAD) दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे स्वयं के ही नाम है। यह कि, मैं अपने भारत सरकार द्वारा जारी आधार नंबर 6258 8873 3208 में दर्ज मेरा नाम भोला (महादेव) निषाद (BHOLA (MAHADEV) NISHAD) के स्थान पर मेरा सत्य वास्तविक एवं सही नाम महादेव निषाद (MAHADEV NISHAD) के रूप में सुधार/दर्ज करवाना चाहता हूं एवं उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहता हूं। यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा किए गए उक्त कथन के सत्यता के समर्थन में श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**महादेव निषाद**



**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी-राजस्व**

**ईश्तहार**

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न. 00004 भिलाई-3 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण-सी.टी 202526430400200017

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम भिलाई-3 के वर्तमान भूमिस्वामी अंशुमन गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3, प्रशांत गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3, उषा गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3, श्रीकांत गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3 के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 369/213 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता प्रशांत गुप्ता पिता/पति पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3, अंशुमन गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3, श्रीकांत गुप्ता पिता/पति सुशील कुमार गुप्ता पता भिलाई-3 के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**उपतहसील भिलाई-3 (छ.ग.)**



**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
e-mail -- npkunra2016@gmail.com

क्र./311/लो.नि.वि./न.पं. / 2026-27 कूंरा, दिनांक 25.05.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (2nd Call)**
Mail: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal: http://uad.cg.gov.in

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक / अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 191572 | वार्ड क्र. 01 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | 23.94 | 18000/- | प्रारंभिक तिथि 25.05.2026 अंतिम तिथि 11.06.2026 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कूंरा, रायपुर (छ.ग.)**



**CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर**

**// आवश्यक सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नव निर्मित Inter link 33 के.व्ही. लाईन जो कि 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र तुलसी एवं 33/11 उपकेन्द्र तिल्दा को जोड़ती है उक्त 33 के.व्ही. नव निर्मित लाईन जो कि दिनांक 26/05/2020 को अथवा इसके उपरांत कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है उपरोक्त नये 33 के.व्ही. लाईन तुलसी खरोरा रोड, गिडलानी पेट्रोल पंप, तिल्दा रोड, दीन दयाल चौक, साई धाम चौक से होकर गुजरती है। अतः निवेदन हैं कृपया इन विद्युत लाईनों से दूर रहे एवं अपने मवेशी/घरेलू पशुओं/जानवरों को इस विद्युत लाईन/सटे/तार/पोल इत्यादी से दूर रखें, ताकि कोई विद्युत दुर्घटना न हो।

" विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"
"असुविधा से बचने के लिये विद्युत देयक का भुगतान समय पर करें।"

असुविधा के लिए खेद है

Credible Chhattisgarh

**(डी. के. वर्मा)**
**कर्म.संख्या 92315604**
**कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग**
**छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., रायपुर**

**" विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचे"**
**"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाइए"** संवाद-

राजीव भवन से झंकार चौक, लालबाग और दरभा झीरम मेमोरियल तक नमन कार्यक्रम, शहीद नेताओं और जवानों के बलिदान को बताया लोकतंत्र व जनसेवा की प्रेरणा

# झीरम शहादत दिवस पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** झीरम घाटी कांड में शहीद हुए बस्तर टाइगर स्वर्गीय महेंद्र कर्मा, स्वर्गीय नंदकुमार पटेल सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं वीर जवानों की पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर उनके योगदान और बलिदान को नमन किया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन, जगदलपुर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शहीद नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंकार चौक स्थित स्वर्गीय महेंद्र कर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद लालबाग स्थित शहीद मेमोरियल और दरभा घाट स्थित झीरम मेमोरियल पहुंचकर झीरम कांड में शहीद हुए नेताओं एवं जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने झीरम घटना को प्रदेश और लोकतंत्र के इतिहास का अत्यंत दुखद अध्याय बताते हुए कहा कि इस हमले ने अनेक परिवारों, समाज और प्रदेश को गहरा आघात पहुंचाया था।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय महेंद्र कर्मा ने आदिवासी समाज,क्षेत्रीय विकास और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया तथा बस्तर की सामाजिक,राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं स्वर्गीय नंदकुमार पटेल ने संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की। नेताओं ने कहा कि झीरम में शहीद हुए सभी नेताओं एवं जवानों का संघर्ष,त्याग और जनसेवा का भाव आज भी समाज और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और जनता की सेवा के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कांग्रेस परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए जनसेवा और प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी सहित कांग्रेस पदाधिकारी,पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### झीरम कांड को लोकतंत्र पर कायरतापूर्ण हमला

कार्यक्रम में वक्ताओं ने झीरम कांड को लोकतंत्र पर कायरतापूर्ण हमला बताते हुए कहा कि प्रदेश ने इस घटना में कई अनुभवी और जनप्रिय नेताओं को खोया, जिनकी कमी आज भी महसूस की जाती है। सुरक्षा बलों के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा को भी नमन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शहीदों के विचारों और संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने तथा उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

### झीरम शहादत दिवस पर भावनात्मक माहौल

राजीव भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा से लेकर झंकार चौक,लालबाग शहीद मेमोरियल और दरभा स्थित झीरम मेमोरियल तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद नेताओं और जवानों को नमन किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान झीरम कांड की स्मृतियां ताजा हो गईं और वक्ताओं ने इसे लोकतंत्र तथा जनप्रतिनिधित्व पर गंभीर हमला बताया। कार्यक्रम में शहीदों के संघर्ष,आदिवासी हितों,जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

---

बस्तर सांसद महेश कश्यप के त्वरित संज्ञान और संवेदनशीलता का असर

## नई दिल्ली 'जनजाति समागम' में बिछड़े सुकमा के तीनों कार्यकर्ता सुरक्षित खोजे गए

- **अजनबी शहर में अपनों से बिछड़ने की खबर मिलते ही सांसद ने तुरंत संभाली कमान, साथियों के सहयोग से सुरक्षित निकाला**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** नई दिल्ली में आयोजित 'जनजाति समागम' के दौरान सुकमा जिले से आए बस्तर के तीन कार्यकर्ता बंधु अनजाने में अपने समूह से बिछड़ गए थे। जैसे ही इस संवेदनशील विषय की जानकारी बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद महेश कश्यप को प्राप्त हुई, उन्होंने इसे अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल त्वरित संज्ञान लिया।

सांसद श्री कश्यप ने बिना विलंब किए दिल्ली में मौजूद अपने सहयोगियों और साथियों की एक टीम को सक्रिय किया और सघन प्रयास कर कुछ ही घंटों के भीतर तीनों बस्तरिया भाइयों को सुरक्षित खोज निकाला।

एक महानगर और अजनबी शहर में अपनों से बिछड़ जाने के कारण कार्यकर्ताओं के मन में उपजी घबराहट और मानसिक परेशानी को समझते हुए, सांसद श्री महेश कश्यप ने उन्हें तुरंत नई दिल्ली स्थित अपने आधिकारिक आवास पर लाने के निर्देश दिए। आवास पर तीनों बस्तरिया भाइयों के ठहरने,उत्तम विश्राम और उच्च स्तरीय खान पान की संपूर्ण व्यवस्था सांसद कश्यप की देखरेख में सुनिश्चित की गई।

?वर्तमान में सुकमा के तीनों कार्यकर्ता भाई पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ और निश्चिंत हैं। सांसद कश्यप के मार्गदर्शन में उन्हें पूरे सम्मान और सुरक्षा के साथ सकुशल वापस छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले उनके गृह ग्राम भेजने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और यात्रा व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।

सांसद महेश कश्यप ने कहा सार्वजनिक जीवन में पद और प्रतिष्ठा से कहीं अधिक बड़ा और दायित्व अपनों के सुख दुःख में उनके साथ मजबूती से खड़े रहना होता है। अजनबी शहर में अपनों को सुरक्षित और मुस्कुराते हुए देखकर मेरे मन को अत्यंत सुकून और आत्मसंतुष्टि की अनुभूति हुई है। बस्तर का हर एक नागरिक मेरा अपना परिवार है और उनकी सुरक्षा, मान सम्मान तथा सेवा के लिए मैं सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध हूँ।

---

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण शिविर का तृतीय दिवस

## तनाव प्रबंधन, सकारात्मक जीवनशैली और महिला कानून पर हुआ मार्गदर्शन

- **प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम अधिकारियों को विशेषज्ञों ने दिए व्यवहारिक सुझाव**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) के इटीआई (2025-26) कार्यक्रम अधिकारी प्रशिक्षण कार्यशाला के तृतीय दिवस का आयोजन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के सेमिनार हॉल में किया गया। 22 से 28 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में समूह क्रमांक-02 'इंद्रावती' की ओर से दिवस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं रा.से.यो. के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात रासेयो लक्ष्य गीत एवं वंदे मातरम् प्रस्तुत किया गया। प्रथम सत्र में तनाव प्रबंधन विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वक्ता ने तनाव को नियंत्रित करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने तथा कार्य के दौरान सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद रासेयो गतिविधियों और कार्यक्रम संचालन के अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षणार्थी कार्यक्रम अधिकारियों को प्रेरित किया गया।

### विशेषज्ञ व्याख्यानों से मिला व्यवहारिक ज्ञान

प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस में कार्यक्रम अधिकारियों को तनाव प्रबंधन, राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभव, महिला कानूनों की जानकारी तथा सकारात्मक जीवनशैली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को समाजसेवा,नेतृत्व क्षमता,संवेदनशीलता और व्यक्तित्व विकास से जुड़े पहलुओं को समझने का अवसर मिला,जिससे भविष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी।

---

## बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी मजबूती, आरबीआई ने शाखा प्रबंधकों और कैशियरों को किया प्रशिक्षित

- **नकली नोट पहचान, क्लीन नोट पॉलिसी और सुरक्षा मानकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न**
- **बस्तर संभाग की बैंक शाखाओं में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर द्वारा बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा ग्राहकों को बेहतर एवं सुरक्षित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अधिकारियों ने बस्तर संभाग के सातों जिलों में संचालित शाखाओं के शाखा प्रबंधकों एवं कैशियरों को नकली नोटों की पहचान, क्लीन नोट पॉलिसी,सुरक्षा मानकों तथा तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण का आयोजन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के सभा कक्ष में किया गया, जिसमें शनिवार को कांकेर, कोंडागांव और नारायणपुर जिले की शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा रविवार को बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले की शाखाओं के शाखा प्रबंधकों व कैशियरों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने,नकली नोटों की रोकथाम तथा काउंटर स्तर पर सतर्कता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन), कटे-फटे एवं अत्यधिक गंदे नोटों की पहचान और उनसे संबंधित वैधानिक प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बैंक कर्मचारियों को नोटों के सुरक्षा फीचर्स पहचानने के व्यावहारिक तरीके समझाए, जिससे काउंटर पर ही संदिग्ध नोटों की पहचान कर समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ÷क्लीन नोट पॉलिसी÷ के अंतर्गत अनुपयोगी नोटों को करेंसी चेस्ट में जमा करने और आवश्यक स्थिति में आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय तक भेजने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम चरण में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर कर्मचारियों की समस्याओं एवं अनुभवों पर चर्चा करते हुए समाधान संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी केएस धुव,अतिरिक्त प्रबंधक एसए रज़ा, मुख्य लेखापाल गौरव शर्मा,सीबीएस नोडल अधिकारी गुलशेर मोहम्मद, तकनीकी अधिकारी आसिफ खान,स्थापना प्रभारी संजय पाण्डेय,नोडल अधिकारी मनोज वानखेड़े सहित संभाग की विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं कैशियर उपस्थित रहे।

---

## मोदी सरकार में बुलेट ट्रेन सपना, बस्तर को नियमित रेल सुविधा कब : चौधरी

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम जगदलपुर के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने केंद्र सरकार और रेलवे विभाग से जगदलपुर से दिल्ली तक समर स्पेशल ट्रेन को सप्ताह में कम से कम तीन दिन नियमित रूप से संचालित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समर स्पेशल ट्रेन चलाकर भाजपा सरकार ने यह साबित कर दिया है कि जगदलपुर से दिल्ली तक डायरेक्ट रेल सेवा संभव है,लेकिन इसे नियमित रूप से संचालित नहीं करना बस्तरवासियों की वर्षों पुरानी मांग की अनदेखी है।

उनका कहना है कि समर स्पेशल ट्रेन के संचालन ने यह स्पष्ट कर दिया कि इस रूट पर यात्रियों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध है और रेलवे को इस दिशा में गंभीर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि समर स्पेशल ट्रेन केवल राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से संचालित की गई,जिसमें आम यात्रियों को सामान्य बुकिंग और तत्काल कोटे में टिकट उपलब्ध नहीं हो सका। इससे यह संदेह पैदा हुआ कि पूरी प्रक्रिया पहले से सुनियोजित थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वयं प्रचारित किया कि एक दिन संचालित समर स्पेशल ट्रेन में भारी संख्या में यात्रियों ने सफर किया। यदि एक ही दिन में लगभग 1400 से अधिक यात्रियों ने यात्रा की है, तो यह इस रूट पर नियमित यात्री मांग का प्रमाण है। सप्ताह में दो या तीन दिन ट्रेन संचालन से रेलवे को आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ बस्तर अन्य राज्यों से जुड़ेगा।

---

## आम आदमी पार्टी बस्तर लोकसभा संगठन में नई नियुक्ति, मतीन कुरैशी बने लोकसभा सचिव

- **संगठन विस्तार और जनसेवा को मजबूती देने की कवायद, गांव-गांव तक पार्टी पहुंचाने पर जोर**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार और जनसंपर्क को मजबूत करने की दिशा में आम आदमी पार्टी ने नई जिम्मेदारी सौंपते हुए सामाजिक कार्यकर्ता मतीन कुरैशी को बस्तर लोकसभा सचिव नियुक्त किया है। पार्टी ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत बनाने,जनसेवा के कार्यों को गति देने और आम जनता के बीच सक्रिय उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया है।

पार्टी का कहना है कि मतीन कुरैशी लंबे समय से सामाजिक कार्यों और स्वास्थ्य विभाग में सेवा के दौरान जरूरतमंदों की मदद, जनसहयोग और जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। समाज के बीच उनकी सक्रियता, लोगों से जुड़ाव और सेवा भावना को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। आम आदमी पार्टी से जुड़ने के बाद भी वे लगातार संगठन विस्तार, जनसमस्याओं को उठाने और आम लोगों के मुद्दों को लेकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं।

पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि नई जिम्मेदारी के साथ मतीन कुरैशी गांव-गांव तक पहुंचकर संगठन को मजबूत करने, युवाओं,गरीबों,मजदूरों और आम नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

---

25 मई से 15 जून तक होगा वैज्ञानिक आंकलन

## पंचायत स्तर पर चलेगा भूजल सर्वे अभियान

- **गांवों के खुले कुओं का मापा जाएगा जल स्तर, डिजिटल रूप से दर्ज होगा डेटा**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर और गर्मी के दौरान उत्पन्न पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासन ने प्री-मानसून अभियान के तहत पंचायत स्तर पर वैज्ञानिक भूजल सर्वे की तैयारी शुरू कर दी है। 25 मई से 15 जून तक चलने वाले इस अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित खुले कुओं के जल स्तर और गहराई का वैज्ञानिक पद्धति से मापन किया जाएगा। सर्वे के लिए जलदूत मोबाइल एप का उपयोग किया जाएगा, जिससे संपूर्ण जानकारी डिजिटल रूप से दर्ज हो सकेगी।

प्रशासन का मानना है कि वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर भूजल की वास्तविक स्थिति का आकलन करने से भविष्य की जल संरक्षण और संवर्धन योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे ऐसे क्षेत्रों की पहचान करना आसान होगा, जहां जल संकट की संभावना अधिक है और समय रहते आवश्यक उपाय किए जा सकेंगे।

पिछले वर्ष भीषण गर्मी के दौरान बस्तर के कई ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई थी, जिससे पेयजल समस्या सामने आई थी। इसी अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस बार पंचायत स्तर पर सर्वे कर वास्तविक स्थिति का वैज्ञानिक दस्तावेज तैयार किया जाएगा। जानकारी राकेश पांडे ने दी।

### जल संकट से निपटने की तैयारी

प्री-मानसून अभियान के तहत होने वाला यह सर्वे प्रशासन के लिए भविष्य की जल प्रबंधन रणनीति तय करने में अहम भूमिका निभाएगा। गांवों में खुले कुओं के जल स्तर की निगरानी से ऐसे इलाकों की पहचान हो सकेगी, जहां गर्मी के मौसम में जल संकट गहराने की आशंका रहती है। डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से जल संरक्षण,पुनर्भरण और पेयजल आपूर्ति संबंधी योजनाओं को स्थानीय जरूरतों के अनुसार बेहतर ढंग से लागू किया जा सकेगा।

# दो हंपबैक व्हेलों ने बनाया लंबी दूरी का रिकॉर्ड

### ब्राजील से ऑस्ट्रेलिया तक 15 हजार किमी की यात्रा की कम

दुनिया के सबसे बड़े समुद्री जीवों में शामिल हंपबैक व्हेल ने एक अनोखा रिकॉर्ड बनाया है. दो हंपबैक व्हेलों ने ब्राजील और ऑस्ट्रेलिया के बीच 14,000 से 15,100 किलोमीटर की दूरी तय करके अपनी प्रजाति का सबसे लंबा सफर पूरा किया है। यह यात्रा इतनी लंबी है कि पहले कभी किसी हंपबैक व्हेल के बारे में ऐसा रिकॉर्ड दर्ज नहीं किया गया था. अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं की टीम ने व्हेलों की पूंछ की तस्वीरों के आधार पर इन दोनों की यात्रा को ट्रैक किया. इन तस्वीरों में कुछ आम फोटोग्राफरों द्वारा ली गई तस्वीरें भी शामिल थीं।

### व्हेल की पहचान कैसे हुई?

हर हंपबैक व्हेल की पूंछ के नीचे का पैटर्न बिल्कुल अनोखा होता है - ठीक जैसे इंसानों की उंगलियों के निशान. वैज्ञानिकों ने 1984 से 2005 के बीच ऑस्ट्रेलिया और लैटिन अमेरिका में ली गई 19,000 से ज्यादा तस्वीरों का विश्लेषण किया. इमेज रिकग्निशन एल्गोरिदम की मदद से उन्होंने मैच ढूंढे और दोनों व्हेलों की पूरी यात्रा को जोड़ा। पहली व्हेल को सबसे पहले 2007 में ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड स्थित हर्वे बे में देखा गया था फिर 2013 में उसी जगह देखी गई. छह साल बाद 2019 में यह ब्राजील के साओ पाउलो के पास दिखाई दी. इन दोनों जगहों के बीच सीधी दूरी करीब 14,200 किलोमीटर है। दूसरी व्हेल ने उल्टी यात्रा की. इसे 2003 में ब्राजील के बाहिया तट पर देखा गया था. लगभग 22 साल बाद 2025 में इसे फिर ऑस्ट्रेलिया के हर्वे बे में देखा गया. इसकी यात्रा की दूरी 15,100 किलोमीटर बताई गई है. इससे पहले का रिकॉर्ड कोलंबिया से अफ्रीका तक 13,000 किलोमीटर का था। दक्षिणी गोलार्ध की हंपबैक व्हेलें आमतौर पर तय रूट पर ही घूमती हैं. वे ठंडे पानी वाले इलाकों में भोजन करती हैं और गर्म पानी वाले उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में प्रजनन करती हैं. मां अपनी संतानों को ये रास्ते सिखाती हैं. इसलिए वे आमतौर पर एक ही रूट पर बार-बार यात्रा करती हैं।

**मुनंबम वक्फभूमि विवाद**

## नहीं होगी बेदखली, लोगों को उनकी जमीन मिलेगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने सोमवार को आश्वासन दिया है कि मुनंबम भूमि विवाद से प्रभावित निवासियों को उनकी जगहों से बेदखल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भूमि पर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगी।

मुख्यमंत्री सतीशन ने कहा, ÷हमने यह फैसला लिया है कि इन पीड़ितों को उनकी जगहों से बेदखल नहीं किया जाएगा। उनकी रक्षा की जाएगी। उन्हें उनकी भूमि मिलेगी। हम अंत तक इसके लिए लड़ेंगे।÷ उन्होंने कहा कि यह रुख नया नहीं है और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने विपक्ष में रहते हुए भी लगातार इसी रुख को बनाए रखा था। सतीशन ने वक्फ बोर्ड के विवादित भूमि को उम्मीद (UMEED) पोर्टल पर पंजीकृत करने के फैसले को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने दावा किया कि बोर्ड की नियुक्तियां पिछली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार के कार्यकाल में की गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस कदम का उद्देश्य वर्तमान यूडीएफ सरकार को इस मुद्दे को 10 मिनट के भीतर हल करने से रोकना था, जैसा कि उन्होंने पहले वादा किया था।

### वक्फ कर रहा संपत्ति पर अपना दावा

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी केरल राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के. एस. हमजा द्वारा यह दोहराने के एक दिन बाद आई है कि मुनंबम की विवादित भूमि वक्फसंपत्ति है और इसे राज्य की अन्य वक्फ संपत्तियों के साथ उम्मीद पोर्टल पर पंजीकृत किया गया है। मुनंबम भूमि विवाद केरल में एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बनकर उभरा है, जिसमें कई निवासी अपनी भूमि की स्वामित्व स्थिति को लेकर चिंता जता रहे हैं। भाजपा ने विरोध कर रहे निवासियों को समर्थन दिया है और दावा किया है कि संशोधित वक्फ अधिनियम उनकी चिंताओं को दूर करने में मदद करेगा।

# 2021 चुनाव में हुए हमलों का पूरा हिसाब लिया जाएगा: शुभेन्दु

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को नंदीग्राम में आयोजित धन्यवाद सभा के दौरान बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 2021 विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर हुए हमलों का पूरा हिसाब लिया जाएगा और सभी मामलों में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को चेतावनी भी दी कि वे कानून अपने हाथ में न लें।

अपने गढ़ नंदीग्राम में समर्थकों को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि 2021 चुनाव के बाद राज्य के कई जिलों में भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमले हुए, उनके घरों में तोड़फोड़ की गई और कई समर्थकों की हत्या तक कर दी गई। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हर घटना का रिकॉर्ड रखा है और अब सभी मामलों में न्याय मिलेगा।

### ममता पर साधा निशाना

सभा के दौरान शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मौत के बावजूद पिछली सरकार ने पीड़ित परिवारों की कोई मदद नहीं की। ममता बनर्जी को निशाने पर लेते हुए उन्होंने उन्हें दो बार चुनाव हारने वाली मुख्यमंत्री बताया। गौरतलब है कि 2021 में नंदीग्राम सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने ममता बनर्जी को करीब 1900 वोटों से हराया था। वहीं 2026 विधानसभा चुनाव में उन्होंने भवानीपुर सीट से भी ममता को 15 हजार से अधिक वोटों से मात दी।

### टीएमसी कार्यकर्ताओं को लेकर क्या बोले?

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से संयम बरतने की अपील करते हुए कहा कि अगर आप चाहें तो तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के घरों की ईंटें तक निकाल सकते हैं, लेकिन ऐसा कभी मत करना। भाजपा इस तरह की राजनीति को बढ़ावा नहीं देती। मुझे सब याद है और किसी भी घटना को अनदेखा नहीं किया जाएगा।

शुभेंदु के इस बयान को बंगाल की राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है। 2021 चुनाव के बाद भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर बड़े पैमाने पर हिंसा कराने का आरोप लगाया था। उस समय कई मामलों को लेकर अदालतों तक में सुनवाई हुई थी और यह मुद्दा भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक हथियार बन गया था।

### नंदीग्राम सीट छोड़ने पर क्या बोले?

नंदीग्राम सीट छोड़ने के फैसले पर भी शुभेंदु ने समर्थकों को भरोसा दिलाया कि उनके और नंदीग्राम के लोगों के रिश्ते में कोई बदलाव नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि 2003 से जिस तरह आप मुझे देखते आए हैं, मैं हमेशा उसी तरह आपके साथ रहूंगा। मैं पहले भी आपके साथ था, आज भी हूं और आगे भी रहूंगा।

### नंदीग्राम भूमि आंदोलन की दिलाई याद

उन्होंने 2007 के नंदीग्राम भूमि आंदोलन की याद दिलाते हुए कहा कि संघर्ष और हिंसा के दौर में भी वह लोगों के साथ खड़े रहे थे। शुभेंदु ने बताया कि अब नंदीग्राम में विकास और प्रशासनिक जिम्मेदारियों की निगरानी उनके छोटे भाई और कांथी सांसद सौमेंदु अधिकारी करेंगे। उनके साथ पांच भाजपा विधायक भी पंचायत और प्रशासनिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

## दर्दनाक हादसा : 800 फीट गहरी खाई में गिरी स्कॉर्पियो, 8 युवकों की मौत; रस्सी से खींचे जा रहे शव

**मुंबई।** महाराष्ट्र के महाबलेश्वर में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। पोलादपुर-आंबेनळी घाट मार्ग पर एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर करीब 700 से 800 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना रात करीब 12:30 से 1 बजे के बीच हुई। अंधेरा और घाट क्षेत्र का दुर्गम रास्ता राहत एवं बचाव कार्य में बड़ी चुनौती बना रहा। सूचना मिलते ही महाबलेश्वर ट्रैकर्स, स्थानीय पुलिस और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

गहरी खाई और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण बचाव कार्य बेहद सावधानी से चलाया गया। सुबह करीब 6 बजे से चार अलग-अलग टीमें युद्धस्तर पर अभियान में जुटी रहीं। अंतिम समाचार मिलने तक 2 शवों को बाहर निकाला जा चुका था, जबकि अन्य शवों को निकालने का काम जारी है।

मृतकों की पहचान सातारा जिले के कोरेगांव तहसील के आसगांव गांव निवासी महेश अनिल पवार (25), आदित्य अशोक सालुंखे (21), रितेश राजेंद्र लोखंडे (25), सुहास जितेंद्र लोखंडे (20), अंश समीर चव्हाण (18), उत्कर्ष आनंद शिंगटे (21), अनिल अभिमन्यू शिंगटे (25) और नितीन किसन नायकोंडे (35) के रूप में हुई है।

फिलहाल हादसे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# सुप्रीम कोर्ट का केंद्र-एनटीए, सीबीआई इसरो समिति को नोटिस

**नई दिल्ली/ए.।** नीट यूजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एजेंसी ने पिछले साल सामने आए पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं लिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस मामले में जवाब मांगा है।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने एनटीए को निर्देश दिया कि वह 2024 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों और सिफारिशों पर अब तक उठाए गए कदमों का विस्तृत हलफनामा गुरुवार तक दाखिल करे। अदालत ने कहा कि पहले भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जिसके बाद एक मॉनिटरिंग कमेटी बनाई गई थी और उसकी सिफारिशों को स्वीकार भी किया गया था।

याचिका में कहा गया है कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं 22.7 लाख से अधिक छात्रों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। संगठन ने यह भी मांग की कि नई संस्था बनने तक सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी गठित की जाए। इसमें एक सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट जज, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फॉरेंसिक वैज्ञानिक को शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

नीट यूजी 2026 परीक्षा 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है।

### एनटीए को बदलने की मांग

यह मामला फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (FAIMA) की याचिका पर सुनवाई के दौरान सामने आया। संगठन ने मांग की है कि नीट यूजी जैसी बड़ी परीक्षा कराने के लिए मौजूदा व्यवस्था की जगह एक मजबूत और स्वायत्त संस्था बनाई जाए।

### इसरो से भी मांगी रिपोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा गठित उस समिति से भी जवाब मांगा है जिसकी अध्यक्षता पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन कर रहे हैं। इस समिति को एनटीए की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए बनाया गया था। अदालत ने पूछा है कि आयोग की सिफारिशों पर क्या प्रगति हुई है।

# मेकेदातु बांध विवाद पर सीएम विजय सख्त

### अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक, कानूनी कार्रवाई तेज करने के दिए निर्देश

**चेन्नई/ए.।** कावेरी नदी को लेकर लंबे समय से जारी विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने सोमवार को कर्नाटक की प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कानूनी प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। सरकारी बयान के मुताबिक, यह बैठक उस समय आयोजित की गई जब कर्नाटक में मेकेदातु परियोजना के लिए भूमि पूजन किए जाने की खबर सामने आई। तमिलनाडु सरकार पहले से ही इस परियोजना का विरोध करती रही है और उसका कहना है कि इससे राज्य के किसानों और सिंचाई व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। बैठक में कावेरी जल विवाद से जुड़े सभी कानूनी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामलों और हालिया फैसलों की जानकारी दी। बताया गया कि शीर्ष अदालत पहले तमिलनाडु की पुनर्विचार याचिका खारिज कर चुकी है, जिसमें यह कहा गया था कि इस मामले में तकनीकी और कानूनी निर्णय लेने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के विशेषज्ञों के पास है। मुख्यमंत्री विजय ने अधिकारियों से कहा कि अदालत के हालिया फैसलों को ध्यान में रखते हुए तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा और किसानों के हितों को सुरक्षित रखने के लिए कानूनी कदमों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

# अमेरिका और ईरान शांति वार्ता की उम्मीदों से वैश्विक बाजारों में उछाल

**नई दिल्ली/ए.।** वैश्विक शेयर बाजारों में सोमवार को शानदार तेजी देखने को मिली है, जबकि कच्चे तेल की कीमतों में चार डॉलर से अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। यह सकारात्मक रुख अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने की बातचीत आगे बढ़ रही है। इस भू-राजनीतिक घटनाक्रम ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताओं को कम किया है। राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार, ईरान के साथ बातचीत ÷व्यवस्थित और रचनात्मक तरीके से÷ चल रही है। क्षेत्रीय अधिकारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान एक समझौते पर पहुंचने के काफी करीब हैं। इस संभावित समझौते के तहत तीन प्रमुख बातें सामने आ रही हैं: युद्ध की समाप्ति, होर्मुज जलडमरूमध्य का दोबारा खुलना और ईरान की ओर से अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार को छोड़ने पर सहमत होना।। एशियाई बाजार: जापान का बेंचमार्क निक्केई 2252.9 प्रतिशत का भारी उछाल दर्ज करते हुए 65,158.19 के स्तर पर बंद हुआ। ऑस्ट्रेलिया: सूचकांक 0.4 प्रतिशत बढ़कर 8,692.00 पर पहुंच गया, जबकि शंघाई कंपोजिट में लगभग एक प्रतिशत की बढ़त देखी गई । दक्षिण कोरिया और हांगकांग के बाजार बुद्ध जयंती के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार: फ्रांस के सीएससी 40 इंडेक्स में 1.1 प्रतिशत और जर्मनी के डीएएक्स में 1.0 प्रतिशत की मजबूती आई। ब्रिटेन के एफटीएसई 100 में भी 0.2 प्रतिशत की बढ़त रही। अमेरिकी बाजार: अमेरिका में 'मेमोरियल डे' के अवकाश के कारण सोमवार को ट्रेडिंग बंद रही। हालांकि, पिछले कारोबारी सत्र में S&P 500 में 0.4 प्रतिशत, डाओ जोंस में 0.6 प्रतिशत और नैस्डैक में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। होर्मुज जलडमरूमध्य का दोबारा खुलना कच्चे तेल की कीमतों की दिशा तय करने में सबसे अहम भूमिका निभाएगा। युद्ध के कारण इसके बंद होने से तेल टैंकरों का फारस की खाड़ी से निकलना रुक गया था, जिससे दुनिया भर के ग्राहकों तक तेल की आपूर्ति बाधित हो रही थी।

# गुरिंदर वीर सिंह ने 100 मीटर दौड़ में बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/ए.।** पंजाब के जालंधर से निकले युवा धावक गुरिंदर वीर सिंह ने भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रच दिया है। रांची में आयोजित 29वें नेशनल सीनियर फेडरेशन कप में गुरिंदर वीर ने 100 मीटर दौड़ महज 10.09 सेकंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ उन्होंने न केवल देशभर में पंजाब का नाम रोशन किया, बल्कि कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। गुरिंदर वीर की इस उपलब्धि के बाद पूरे पंजाब, खासकर जालंधर में जश्न का माहौल है। रेस खत्म होते ही गुरिंदर ने सबसे पहला फोन अपनी मां गुरविंदर कौर को किया। उन्होंने भावुक होकर अपनी मां से पूछा–देखी मेरी रेस? मां ने खुशी से जवाब दिया–हां बेटा, तूने कमाल कर दिया। वहीं जब पिता कमलजीत सिंह से बात हुई तो गुरिंदर मुस्कुराते हुए बोले–डेडी दस्स फेर किदां? बेटे की यह बात सुनकर परिवार भावुक हो गया। करीब 90 वर्षीय दादी चरण कौर ने लड्डू खिलाकर पोते को आशीर्वाद दिया। घर के बाहर बधाई देने वालों की भीड़ लग गई। गुरिंदर के दादा तरसेम सिंह कबड्डी खिलाड़ी रह चुके हैं, जबकि पिता कमलजीत सिंह पंजाब पुलिस से एएसआई रिटायर होने के साथ-साथ वॉलीबॉल खिलाड़ी भी रहे हैं। परिवार की खेल पृष्ठभूमि ने ही गुरिंदर को बचपन से प्रेरणा दी। गुरिंदर के पिता ने बताया कि बचपन से ही बेटे को दौड़ने का बेहद शौक था। गांव की पगडंडियों, खेतों और गलियों में वह तेज रफ्तार से भागता था। कई बार छोटे-छोटे कुत्ते उसके पीछे भागते तो वह और तेज दौड़ता। तभी परिवार को एहसास हो गया था कि बेटा बड़ा एथलीट बन सकता है। 12 साल की उम्र में गुरिंदर ने गंभीरता से ट्रेनिंग शुरू की। पिता उसे अपने साथ दौड़ लगाने ले जाते थे, लेकिन कुछ ही समय में बेटा उन्हें भी पीछे छोड़ने लगा। गुरिंदर रोज करीब 8 घंटे अभ्यास करता था और अपनी फिटनेस को लेकर बेहद अनुशासित था।

# करिश्मा कपूर ने की वापसी, सामने आई वेब-सीरीज 'ब्राउन' की पहली झलक

**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं।

वेब सीरीज 'ब्रउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है।

### 'सिटी ऑफ डेथ' उपन्यास पर आधारित

वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था। सीरीज का मुख्य किरदार रीता ब्राउन एक तेजतर्रार पुलिस अधिकारी है। जो अपने आस - पास की दुनिया से ऊभ चुकी है। इसके साथ ही वह शराब की लत से जूझ रही है। यह सीरीज टीजर देखने पर किसी साइकोलॉजिकल क्राइम ड्रामा जैसी लग रही है।

**कब रिलीज होगी सीरीज ?**

वेबसीरीज 'ब्राउन' से सिर्फ करिश्मा ही नहीं बल्कि हेलेन भी अभिनय की दुनिया में वापसी कर रही हैं। इसके साथ ही सीरीज में सोनिया राजदान, सूर्या शर्मा और के. के. रैना भी सीरीज में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि वेब सीरीज की रिलीज डेट की कोई आधिकारिक घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

# आम जनता के लिए साय सरकार की पहल, प्रदेश में जल्द शुरू होगी सीएम हेल्पलाइन 1076

**आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के लिए राज्य सरकार की बड़ी पहल**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप प्रदेश में सुशासन को और अधिक प्रभावी एवं जनकेंद्रित बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली शीघ्र प्रारंभ की जा रही है। सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अंतर्गत संचालित यह प्रणाली नागरिकों को शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं तक सरल पहुंच उपलब्ध कराने तथा उनकी शिकायतों के त्वरित पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित की गई है।

**कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ प्रशिक्षण:** कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के मार्गदर्शन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सुशासन एवं अभिसरण विभाग के सलाहकार अनुराग दीवान सहित जिला पंचायत सीईओ डीएफओ अपर कलेक्टर एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। विकासखंड स्तर के अधिकारी एवं विभाग प्रमुख वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण से जुड़े।बैठक में अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली की कार्यप्रणाली ऑनलाइन शिकायत पंजीयन, मॉनिटरिंग व्यवस्था एवं शिकायत निराकरण की चरणबद्ध प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पोर्टल एवं डैशबोर्ड संचालन शिकायतों के वर्गीकरण ट्रैकिंग एवं समयसीमा आधारित निराकरण की तकनीकी प्रक्रिया से अवगत कराया गया।

**टोल फ्री नंबर 1076 सहित कई माध्यमों से दर्ज होगी शिकायत, वेब पोर्टल मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप से भी मिलेगी सुविधा:** प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर वेब पोर्टल मोबाइल ऐप व्हाट्सएप अथवा लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी शिकायत 24×7 दर्ज करा सकेगा। शिकायत दर्ज होते ही शिकायतकर्ता को एक यूनिक शिकायत क्रमांक प्रदान किया जाएगा जिसके माध्यम से वह अपनी शिकायत की वर्तमान स्थिति संबंधित विभाग एवं अधिकारी की जानकारी तथा समाधान की समयसीमा देख सकेगा। सीएम हेल्पलाइन सेंटर सप्ताह के सातों दिन एवं चौबीसों घंटे संचालित रहेगा जिससे नागरिकों को किसी भी समय अपनी समस्या दर्ज कराने की सुविधा मिलेगी। शासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिक भी इस सुविधा का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

### लंबित शिकायतों पर रहेगी मुख्यमंत्री कार्यालय की निगरानी

शिकायत दर्ज होने के पश्चात संबंधित विभाग एवं अधिकारी तक प्रकरण तत्काल ऑनलाइन माध्यम से पहुंच जाएगा। पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी होगी, जिससे प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सकेगी तथा शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना कम होगी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि शिकायतों के निराकरण के बाद संबंधित नागरिक से फीडबैक लिया जाएगा। शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर ही शिकायत का अंतिम निराकरण माना जाएगा। यदि शिकायतकर्ता असंतोष व्यक्त करता है तो शिकायत स्वतः पुनः सक्रिय होकर आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित स्तर पर भेज दी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी मुख्यमंत्री कार्यालय एवं वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

### शासन और जनता के बीच मजबूत होगा संवाद और विश्वास

प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मैदानी स्तर पर कार्यरत अधिकारियों को तकनीकी एवं प्रशासनिक रूप से सुदृढ़ बनाना विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा शासन और जनता के बीच पारदर्शिता एवं विश्वास को बढ़ावा देना है। इस पहल से आम नागरिकों की समस्याओं का घर बैठे एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सकेगा। राज्य सरकार की यह नई व्यवस्था सुशासन पारदर्शिता जवाबदेही एवं जनसुविधा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है जिससे नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ अधिक सरलता एवं प्रभावशीलता के साथ प्राप्त होगा।

## न्यूज गैलरी

### कोलिहा में जीरामजी योजना अंतर्गत 300 मजदूरों को मिल रहा रोजगार

**कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत बलौदा बाजार के ग्राम पंचायत कोलिहा में विकसित भारत जी राम जी योजना अंतर्गत अकुशल श्रमिकों को रोजगार की मांग करने के आधार पर जल समुदाय संचयन का कार्य स्वीकृत हुआ है जिसके अंतर्गत अकुशल श्रमिक जॉब कार्ड धारीयों को कार्य के मांग के आधार पर 300 मजदूरों को काम दिया जा रहा है उपरोक्त कार्य के लिए 20 लाख की स्वीकृति जनपद पंचायत बलौदा बाजार द्वारा दी गई है जो लगभग 15 जून तक कार्य चलने की संभावना है। ग्राम पंचायत कोलिहा के पंचायत सचिव लोकनाथ साहू रोजगार सहायक मुकेश मनहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कोलिहा मे जी रामजी योजनान्तर्गत सामुदायिक जल संचयन योजना के तहत बीस लाख रुपए स्वीकृत हुआ है जिसमे लगभग तीन सौ मजदूर कार्यरत है ।कार्य को सुचारु ढंग से संचालित करने मे सरपंच श्रीमति किरण घृतलहरे के साथ पंचगण रूद्रशंकर वर्मा , संतोष वर्मा , श्रीमति रूखमणी वर्मा, श्रीमति मिलन बाई वर्मा , श्रीमति मानमति वर्मा ,श्रीमति सुंदरिका वर्मा,श्रीमति सुशीला मनहरे ,मालिकराम वर्मा ,गौरीशंकर वर्मा एवं मेट अमित कुमार वर्मा, किशोर कुमार वर्मा, संजय वर्मा,कृष्ण कुमार मनहरे, गोबिंद घृतलहरे खुलेश वर्मा,लुकेश्वर मनहरे, गौकरण वर्मा त्रिलोचन वर्मा सुरेंद्र वर्मा का सहयोग मिल रहा है।

### सड़क पर मवेशियों का राज, अंधेरे में हादसे, दुर्घटनाओं का बढ़ रहा आंकड़ा

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन के लाख दावे के बाद भी जिला मुख्यालय की सडक़े आवारा मवेशियो से मुक्त नही हो पाई है । शहर के बीच से गुजरने वाली राजनांदगांव कवर्धा स्टेट हाइवे सहित शहर की सभी मुख्य सडक़ो पर आवारा मवेशियो के जमघट से रोजाना छोटी मोटी दुर्घटनाएं लगातार सामने आ रही है । गर्मी के दौरान भी समस्या जस की तस है । जिसके कारण शाम होते ही अंधेरे मे सडक़ो पर जमे मवेशियो के कारण दो पहिया वाहनधारी मवेशियो से टकराकर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रो की सडक़ो और खेतो से आवारा मवेशियो को सुरक्षित हटाने जिला कलेक्टर साल भर से स्थानीय निकाय और पंचायत स्तरीय अधिकारियो को कई बार दिशा निर्देश दे चुके है लेकिन पालिका सहित जनपद पंचायत प्रशासन आदेश पर कोई कार्यवाही नही कर पाया है केवल कागजी तैयारी दिखाकर जिला प्रशासन को दिज्भ्रमित करने का प्रयास लगातार जारी है । इसके चलते सडक़ो से मवेशियो को हटाने स्थाई कार्यवाही नही हो पाई है । शहर के राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग सहित धमधा रायपूर, दूर्ग जालबांधा, कुम्ही डोगरगढ़, पाडादाह, गातापार जैसे मार्ग आवारा मवेशियो से भरे पड़े है ।

### छुरिया मंडल के शक्ति केंद्र जोब में बैठक, ग्रामीण समस्याओं पर मंथन

**छुरिया/नवप्रदेश।** जिला भाजपा के निर्देशानुसार आज भाजपा मंडल छुरिया के शक्ति केंद्र जोब में बैठक आयोजित हुआ। बैठक के माध्यम से आज शक्ति केंद्र प्रभारी श्री संजय सिन्हा व सहप्रभारी श्री मनोज साहू ने शक्ति केंद्र को मजबूती प्रदान करने कार्यकर्ताओं से बारी बारी से संवाद किया। साथ ही साथ कार्यकर्ताओं की ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान किया। इस दौरान मुख्य रूप से जोब शक्ति केंद्र प्रभारी,छुरिया जनपद अध्यक्ष श्री संजय सिन्हा, सहप्रभारी श्री मनोज साहू, श्री राजेश्वर धुर्वे, श्री राधेलाल फुलकुंवर, श्री मुकेश मंडावी भाजयुमो महामंत्री, श्री मुकेश उसेंडी, श्री लोचन यादव,श्री प्रताप मरकाम , श्री हेमराम नेताम, श्री जानकीशरण श्रीवास्तव, श्री पितम नेताम, श्री दानीराम कोर्राम,श्रीमती आशो बाई, श्रीमती सुलोचना बाई नेताम, श्रीमती रामकली बाई मंडावी, श्रीमती निरंतीन मंडावी सहित बडी संख्या में महिलाओं की निष्ठावान कार्यकर्ताओ की युवाओं की उपस्थिति रही।

**शिकंजा:** खनिज विभाग की औचक कार्रवाई, अवैध भंडारण का भी प्रकरण दर्ज

# अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती, बस्तर और राजनांदगांव नें चार-चार वाहन जब्त

**कलेक्टर के निर्देश पर बस्तर और बडांजी क्षेत्र में कार्रवाई, 2 टिप्पर और 2 ट्रैक्टर जब्त**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर जिले में अवैध रेत उत्खनन,परिवहन और भंडारण के खिलाफप्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनि अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में जिला खनिज जांच दल ने बस्तर और बडांजी क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई की। जांच के दौरान दो टिप्पर और दो ट्रैक्टर अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़े गए,जिन्हें रेत सहित जब्त कर पुलिस थाना बस्तर की अभिरक्षा में रखा गया है।

खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई के दौरान ग्राम पालाबहार और बड़े आमाबाल क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण का मामला भी दर्ज किया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में अवैध खनन और भंडारण के खिलाफ लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विभाग का कहना है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर नियंत्रण के लिए जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर रोक लगाई जा सके।

कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड़, खनि निरीक्षक अंकित पुरी, खनि सिपाही डिकेश्वर खरे और कृष्णा उपस्थित रहे। खनि अधिकारी (खनिज विभाग) शिखर चेरपा ने बताया कि सभी मामलों में नियमानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

**अवैध खनन पर प्रशासन की सख्ती बढ़ी:** जिले में अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी और निरीक्षण तेज कर दिए हैं। खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई कर अवैध परिवहन में लगे वाहनों को जब्त किया जा रहा है।

### रेत-पत्थर, गिट्टी का अवैध परिवहन, 4 हाईवा जब्त

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा राजनांदगांव तहसील के ग्राम भर्रेगांव, खुटेरी, सुरगी, इंदामारा, भानपुरी, मोहारा तथा डोंगरगांव तहसील के ग्राम खुज्जी, मटिया, बगदई, परना, खुर्सीपार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत एवं चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर 4 हाईवा को जप्त किया गया। इसके तहत प्रशांत सिन्हा के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 एडब्ल्यू 2701 से वाहन चालक संजय साहू द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना सुरगी एवं मूलचंद्र चंद्राकर के स्वामित्व के हाईवा सीजी 24 यू 8885 से वाहन चालक मनीष कुमार द्वारा चूना पत्थर गिट्टी का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना डोंगरगांव को सुपुर्द किया गया। दीपक सोनकर के स्वामित्व के हाईवा सीजी 05 एपी 3581 से वाहन चालक गोकुल धनकर एवं बिट्टू अग्रवाल के स्वामित्व के हाईवा सीजी 08 बीए 4631 से वाहन चालक रमेश पटेल द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना तुमड़ीबोड़ को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गश्त व निगरानी की जा रही है।

### बीईओ कार्यालय मे देर रात तक शराबखोरी के वीडियो वायरल, बाबू और प्रपा निलंबित

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** खंड शिक्षा कार्यालय मे देरात तक शराबखोरी करने वाले विभागीय बाबू और सहयोगी प्रधानपाठक को आखिरकार जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। सिविललाइन स्थित खंड शिक्षा कार्यालय मे पदस्थ सहायक ग्रेड 2 रविन्द्र सिंह गहरवार और प्राथमिक शाला संडी मे पदस्थ प्रधानपाठक सुनील वर्मा का कार्यालय मे ही देरात तक शराबखोरी के कई विडियो सोशल मीडिया मे लगातार वाइरल हो रहे थे। सबसे पहले विडिया मार्च मे वाइरल हुआ था। जिस पर संयुक्त संचालक दुर्ग ने जांच के आदेश दिए थे। सोशल मीडिया मे जारी सभी विडियो दिसंबर जनवरी माह के दौरान रिकार्ड किए गए थे। बीईओ कार्यालय मे देरात तक शराबखोरी मामले की जांच दो सदस्यीय जांच टीम द्वारा कर प्रतिवेदन माह भर मे ही जिला शिक्षा कार्यालय मे प्रस्तुत कर दिया गया था। लेकिन मामले मे दो माह से कार्यवाही अटकी पड़ी थी। बताया गया कि विभागीय अधिकारी ही मामले को दबा कर बैठ गए थे।

## रेलवे सुरक्षा में 'शेरा' की पैनी नजर

**जेडीबी स्टेशन पर ट्रेनों में चला सघन एंटी-सैबोटाज और नारकोटिक चेकिंग अभियान**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** रेल यात्रियों की सुरक्षा और स्टेशन परिसर में सतर्कता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जेडीबी रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रशिक्षित स्निफर डॉग ÷शेरा÷ ने आरपीएफ स्टाफ के साथ मिलकर गाड़ी संख्या 58502, 18107 एवं 18447 में नारकोटिक चेकिंग तथा एंटी-सैबोटाज जांच की। अभियान के तहत स्टेशन परिसर के विभिन्न हिस्सों में गहन तलाशी लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

जांच के दौरान ट्रेनों के कोच,प्लेटफॉर्म,सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय तथा स्टेशन परिसर के संवेदनशील स्थानों की बारीकी से तलाशी ली गई। स्निफर डॉग ÷शेरा÷ की सहायता से किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विस्फोटक सामग्री अथवा मादक पदार्थ की मौजूदगी की संभावना को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। सुरक्षा टीम ने यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों के साथ-साथ उन स्थानों की भी जांच की,जहां सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त निगरानी आवश्यक मानी जाती है।

रेलवे सुरक्षा बल की इस विशेष कार्रवाई के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु,विस्फोटक सामग्री अथवा मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ। जांच के उपरांत सभी व्यवस्थाएं सामान्य और सुरक्षित पाई गईं तथा संबंधित ट्रेनों का संचालन भी सुचारू रूप से जारी रहा। नियमित सुरक्षा जांच और निगरानी अभियान से यात्रियों में सुरक्षा का भरोसा मजबूत होने के साथ रेलवे प्रशासन की सजगता भी स्पष्ट दिखाई दी।

**सुरक्षा जांच से बढ़ा यात्रियों का भरोसा:** रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में समय-समय पर चलाए जाने वाले नारकोटिक एवं एंटी-सैबोटाज चेकिंग अभियान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम माने जाते हैं। स्निफर डॉग की मदद से विस्फोटक सामग्री, मादक पदार्थ या संदिग्ध वस्तुओं की पहचान अधिक प्रभावी ढंग से की जाती है। जेडीबी स्टेशन पर चलाए गए इस अभियान के दौरान ट्रेनों,प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और स्टेशन परिसर के संवेदनशील स्थलों की गहन जांच कर यात्रियों को सुरक्षित यात्रा का संदेश दिया गया।

## हाईवा चालक की लापरवाही से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 20 से ज्यादा पोल टूटे

**गुरुर/नवप्रदेश।** गुरुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोखा में एक हाईवा चालक की घोर लापरवाही ने पूरे गांव को अंधेरे में धकेल दिया। करहीभदर निवासी उमेश साहू के हाईवा वाहन से हुए हादसे में 20 से अधिक बिजली पोल टूट गए, ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया और गांव की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। घटना के बाद ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है।

जानकारी के मुताबिक हाईवा गिट्टी खाली करके मोखा से वापस लौट रहा था। इसी दौरान चालक ने वाहन का ड्राला (जैक) नीचे करना जरूरी नहीं समझा। लापरवाही इतनी बड़ी थी कि ऊंचा उठा ड्राला सीधे हाईटेंशन बिजली तारों में फंस गया। देखते ही देखते बिजली के तार टूटते चले गए और एक के बाद एक करीब 20 से ज्यादा पोल धराशायी हो गए। हादसे में ट्रांसफार्मर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे गांव की बिजली सप्लाई ठप पड़ गई। गांव का एक पोल तत्काल सुधारकर आंशिक रूप से बिजली बहाल की गई, लेकिन किसानों को संकट का सामना करना पड़ रहा है।

हाईवा का डाला ऊपर था... उसी में फंसकर पूरा बिजली का खंभा टूट गया है। नुकसान का आकलन कर एफआईआर के लिए पुलिस थाना में आवेदन दिए हैं। ट्रांसपोर्टर से नुकसान वसूला जाएगा।
– **यादव**, जेई, बिजली विभाग, गुरुर

**बिजली विभाग को 7 लाख का नुकसान :** ग्रामीणों का कहना है कि अगर चालक थोड़ी भी सावधानी बरतता तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। बिजली विभाग ने शुरुआती जांच में करीब 6 से 7 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। विभाग ने पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने आवेदन भी सौंप दिया है।

**बिजली बंद, किसानों की फसल चौपट:** इस घटना का सबसे बड़ा असर किसानों पर पड़ा है। भीषण गर्मी के बीच बिजली बंद होने से खेतों में सिंचाई रुक गई और सब्जियों सहित कई फसलें सूखने लगीं। किसान पदुम केसरी, अरुण सिन्हा, लोहर्सन सतेंद्र, संजय नागवंशी, भागवत, हेमराज सिन्हा, संभू सत्येंद्र, लक्ष्मीनारायण और कृष्णा सहित कई किसानों ने हाईवा मालिक के खिलाफ नाराजगी जताई है। किसानों का कहना है कि बिजली विभाग अपनी क्षति की भरपाई दोषी वाहन मालिक लेगा तो किसानों की बर्बाद फसल का मुआवजा भी उसी ट्रांसपोर्टर से दिलाया जाए।

**आक्रोश:** ईसाई कब्रिस्तान में दफनाया गया शव, ग्रामवासियों और सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद निकला समाधान

# ईसाई धर्मांतरित महिला के अंतिम संस्कार को लेकर मोहलई में विवाद

**परंपरागत मुक्तिधाम के उपयोग को लेकर हुई चर्चा, बैठक में बनी सहमति**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर जिले के ग्राम पंचायत मोहलई में एक ईसाई धर्मांतरित महिला की मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मृतका फूलमनी बघेल के परिजन ईसाई रीति-रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान गांव के माहरा समाज के पारंपरिक मुक्तिधाम के उपयोग को लेकर ग्रामवासियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा आपत्ति जताई गई। मामला बढ़ने पर गांव में आपात बैठक आयोजित की गई, जिसके बाद विवाद का समाधान निकाला गया।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों का कहना था कि संबंधित मुक्तिधाम का उपयोग लंबे समय से पारंपरिक सामाजिक एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के तहत किया जाता रहा है। बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों और समाज प्रतिनिधियों ने इस स्थल की परंपरागत व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। वहीं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी स्थानीय परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं के संरक्षण का पक्ष रखा। बैठक के दौरान विभिन्न पक्षों के बीच चर्चा के बाद यह सहमति बनी कि मृतका का अंतिम संस्कार निर्धारित ईसाई कब्रिस्तान में कराया जाएगा। इसके बाद परिवारजन शव को ईसाई कब्रिस्तान ले गए, जहां ईसाई परंपरा के अनुसार अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। घटना के दौरान गांव में स्थिति शांतिपूर्ण बनी रही तथा ग्रामवासियों और सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में मामला सुलझा लिया गया।

इस दौरान ग्राम सभापति श्याम सुन्दर बघेल, उपसरपंच सनत बघेल, माहरा समाज के पदाधिकारी घनश्याम नाग, विश्व हिंदू परिषद बस्तर प्रखंड अध्यक्ष विवेक शुक्ला,बजरंग दल विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप, बनसाय कश्यप, तुलसी मौर्य, दीपक मौर्य, राजू मौर्य, लखमू, सम्पत, कलीच, सोनूराम बघेल, लखेश्वर यादव, सोमारुराम कश्यप, कमलोचन मौर्य,होमेश राठौर और सनी रैली सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद सामाजिक संगठनों और ग्राम प्रतिनिधियों ने कहा कि गांव के पारंपरिक संसाधनों एवं मुक्तिधाम का उपयोग लंबे समय से निर्धारित सामाजिक परंपराओं के अनुसार होता रहा है।

चर्चा के दौरान स्थानीय धार्मिक-सामाजिक मान्यताओं, ग्राम की परंपराओं तथा सामाजिक समरसता को बनाए रखने पर जोर दिया गया। दूसरी ओर, परिवारजन द्वारा अंततः ईसाई कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कराने पर सहमति बनने के बाद विवाद समाप्त हो गया और स्थिति सामान्य रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com